डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार । 30 जून 2026 । वर्ष-32, अंक-254, पृष्ठ-16 आषाढ़ कृष्ण पक्ष 01, संवत 2083 । डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित । रजिस्ट्रेशन नं: 61316/94

हूल दिवस
सिदो-कान्हू सहित सभी अमर बलिदानियों को शत-शत नमन

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते
मूल्य 2 रु.
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर
www.rastriyanaveenmail.com





## डालटनगंज का तापमान

| मेदिनीनगर | गढ़वा |
|---|---|
| अधिक. 36.0° | अधिक. 39.6° |
| न्यून. 27.0° | न्यून. 29.4° |

## दृष्टिपात

### झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक दो जुलाई को

**रांची।** झारखंड मंत्रिपरिषद की अगली बैठक गुरुवार (2 जुलाई 2026) को दिन में 04:00 बजे से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होगी। बैठक धुर्वा स्थित झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) के मंत्रिपरिषद कक्ष में आयोजित की जाएगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने सोमवार को इसकी आधिकारिक जानकारी दी। बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव मंजूरी के लिए प्रस्तुत किए जा सकते हैं। हालांकि, कैबिनेट का विस्तृत एजेंडा अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। ज्ञात हो कि इससे पहले 15 जून 2026 को हुई कैबिनेट की बैठक में राज्य सरकार ने 23 प्रस्तावों को मंजूरी दी थी।

### वज्रपात की चपेट में आने से महिला की मौत

**घाघरा (गुमला)।** थाना क्षेत्र के टांगर सिकवार गांव स्थित ईंट भट्ठा के समीप सोमवार को वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान टांगर सिकवार निवासी मीना देवी के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि मीना देवी नवडीहा में आयोजित एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए पैदल जा रही थीं। रास्ते में अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान हुए वज्रपात की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गईं और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर घाघरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है तथा परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## आज कल




दिल्ली में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण परिषद की बैठक में डॉ इरफान ने कहा

## रांची में स्थापित करें एम्स

- रिम्स-2 परियोजना के लिए केंद्र से मांगी गई दो हजार करोड़ की मदद

रांची/नई दिल्ली (हि.स.)



झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित 16वीं केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण परिषद की बैठक में झारखंड के राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उन्होंने दो टूक कहा कि झारखंड वासियों की हित को देखते हुए हर हाल में केंद्र सरकार राजधानी रांची में एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) स्थापित करे। डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड में देवघर एम्स के अलावा राजधानी क्षेत्र में भी उच्चस्तरीय स्वास्थ्य संस्थान की आवश्यकता है। रांची में एम्स खुलने से राज्य के मरीजों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। स्वास्थ्य मंत्री ने रिम्स-2 परियोजना के लिए केंद्र से दो हजार करोड़ रुपए की सहायता की मांग की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर कार्य कर रही है और इसके पूरा होने से झारखंड की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने चतरा, गढ़वा, गुमला, गोड्डा, पाकुड़, रामगढ़, सिमडेगा और साहिबगंज सहित कई जिलों में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने तथा शेष पेज 15 पर

**उपलब्धि :** इंग्लैंड व स्कॉटलैंड के दौरे पर जाएंगी ये धुरंधर

## जूनियर महिला हॉकी टीम के लिए पार्वती, बिनीमा व रोशनी का चयन

- दौरे के दौरान कुल सात अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलेंगी ये खिलाड़ी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड की महिला हॉकी ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। राजधानी रांची स्थित सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, बरियातू हॉकी सेंटर की तीन होनहार खिलाड़ी बिनीमा धान, पार्वती टोप्पो और रोशनी आइंद का चयन भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम में हुआ है। तीनों खिलाड़ी 5 से 14 जुलाई 2026 तक होने वाले इंग्लैंड और स्कॉटलैंड दौरे पर भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी।

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम इस दौरे के दौरान कुल सात अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलेगी। शेष पेज 15 पर

सीएम ने 1,042 नए सहायक आचार्य को सौंपे नियुक्ति पत्र, कहा

# सिर्फ नौकरी नहीं, भावी पीढ़ी का भविष्य गढ़ने की जिम्मेदारी

- शिक्षकों को बताया सरकार की 'आंख, कान और हाथ'
- सीएम बोले-शिक्षा के क्षेत्र में झारखंड को अग्रणी बनाना आपकी जिम्मेदारी
- दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने पर दिया विशेष जोर

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य में सरकारी विद्यालयों के लिए चयनित 1,042 इंटर एवं स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्यों को सोमवार को नियुक्ति पत्र सौंपे। राजधानी रांची के खेलगांव स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के कंटीन्यूअस प्रोफेशनल डेवलपमेंट (सीपीडी) प्रशिक्षण का ऑनलाइन शुभारंभ भी किया।

सीएम हेमंत सोरेन ने नियुक्ति-पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा, आने वाले समय में राज्य के बौद्धिक क्षेत्र का आयाम कैसा हो और हमारे आने वाली पीढ़ी अपने पैरों पर कैसे खड़ी हो, यह अब आप सभी नवनियुक्त सहायक शिक्षकों को तय करना है। आज से आप राज्य सरकार के अभिन्न अंग के रूप में कार्य करेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में झारखंड किस प्रकार अग्रणी राज्यों की श्रेणी में आकर खड़ा हो, यह आपकी जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा, राज्य सरकार ने आप नवनियुक्त शिक्षकों को केवल नौकरी नहीं, बल्कि राज्य की भावी पीढ़ी का भविष्य गढ़ने की एक महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। शेष पेज 15 पर

### शिक्षा, रोजगार और युवाओं के भविष्य पर सरकार का है खास ध्यान

मुख्यमंत्री हेमंत ने कहा, परीक्षा में शामिल लाखों आवेदकों में से चुने गए आप सभी लोग बौद्धिक रूप से बेहद संपन्न हैं। यह नियुक्तियां व्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा कीर्तिमान है। सरकार के पिछले कार्यकाल में जहां 55 हजार से अधिक नियुक्तियां दी गई थीं, वहीं वर्तमान कार्यकाल के दूसरे महीने से ही स्वास्थ्य विभाग समेत विभिन्न विभागों में बड़े पैमाने पर नियुक्तियां निरंतर जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड संभावनाओं और प्रतिभाओं वाला राज्य है। राज्य ने हमेशा देश-दुनिया को प्रचुर मात्रा में संसाधन दिए, लेकिन उसके बदले इस राज्य को बहुत कम मिला है। यही कारण है कि यहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की शुरुआत काफी विलंब से हुई। शेष पेज 15 पर

### नहीं होगी साइंस शिक्षकों की कमी, 200 नए शिक्षक साइंस की नियुक्ति

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, हमारी सरकार ने निजी विद्यालयों के समानांतर राज्य में 'मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय' (स्कूल ऑफ एक्सीलेंस) मॉडल को खड़ा किया है। वर्ष 2021 में शुरू हुए इस प्रयास का असर आज यह है कि शहरी व अन्य क्षेत्रों में जहां 9 से 10 हजार सीटें उपलब्ध हैं, वहीं दाखिले के लिए 40 हजार से अधिक आवेदन आ रहे हैं, जो सरकारी शिक्षा पर बढ़ते भरोसे का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के नियुक्ति पत्र वितरण में 200 से अधिक की संख्या में विज्ञान संकाय के शिक्षकों की बहाली हुई है। अक्सर हमारे सरकारी विद्यालयों में साइंस शिक्षकों की कमी होने की शिकायत मिलती थी। सरकार ने अब साइंस विषयों के शिक्षकों की नियुक्ति की है।

झारखंड शराब घोटाला

## ईडी से रोहित उरांव ने तीन सप्ताह का समय मांगा

नवीन मेल संवाददाता



ईडी के रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में नहीं आए पूछताछ के लिए

**रांची।** झारखंड के शराब घोटाले की जांच में सोमवार को नया घटनाक्रम सामने आया। राज्य के पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के बेटे रोहित उरांव प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन के बावजूद रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं हुए। उन्होंने और उनके पिता रामेश्वर उरांव ने जांच में शामिल होने के लिए तीन सप्ताह का अतिरिक्त समय मांगा है। फिलहाल इस अनुरोध पर ईडी ने कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है और मामला एजेंसी के वरिष्ठ स्तर पर विचाराधीन है।

ईडी ने शराब घोटाले से जुड़े धनशोधन (मनी लांड्रिंग) के मामले में रोहित उरांव को सोमवार (29 जून) को पूछताछ के लिए तलब किया था। शेष पेज 15 पर

भूमि सर्वे मामला

## विभागीय सचिव से 15 जुलाई तक हाईकोर्ट ने मांगा शपथ पत्र

नवीन मेल डेस्क



- कोर्ट ने विभाग की कार्यप्रणाली पर जताई नाराजगी, 21 जुलाई को होगी अगली सुनवाई

**रांची।** राज्य में चल रहे भूमि सर्वेक्षण को लेकर दायर जनहित याचिका पर सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने राजस्व, निबंधन व भूमि सुधार विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए पूछा कि जब पिछली सुनवाई में विभाग के सचिव को व्यक्तिगत रूप से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया था, तो उनकी जगह विभागीय अवर सचिव ने शपथ पत्र क्यों दाखिल किया।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस सोनक व न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए विभाग के सचिव को निर्देश दिया कि वे स्वयं 15 जुलाई तक शपथ पत्र दाखिल करें। अदालत ने यह भी कहा कि यदि पिछली सुनवाई के बाद इस मामले में कोई नई प्रगति हुई है, तो उसकी विस्तृत जानकारी भी शपथ पत्र में उपलब्ध कराई जाए। शेष पेज 15 पर

## रहस्यमयी बीमारी से 10 दिनों में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

- झाड़-फूंक, राख के सेवन और दूषित खाद्य सामग्री समेत कई पहलुओं की हो रही जांच

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पड़वा प्रखंड अंतर्गत सिक्का गांव में रहस्यमयी बीमारी से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत ने पूरे इलाके में दहशत और चिंता का माहौल पैदा कर दिया है। सोमवार तड़के रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में इलाज के दौरान नकुल महतो की मौत हो गई। इसके साथ ही पिछले दस दिनों में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की जान जा चुकी है, जबकि परिवार के तीन अन्य सदस्य अब भी रिम्स में भर्ती हैं और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार सबसे पहले 19 जून को कुलदीप महतो की मौत हुई थी। इसके अगले दिन 20 जून को उनकी बेटी बबीता कुमारी ने दम तोड़ दिया। 26 जून को दूसरी बेटी इंदु कुमारी, 28 जून को बहू श्वेता कुमारी तथा 29 जून को पुत्र नकुल महतो की इलाज के दौरान मौत हो गई। श्वेता और नकुल की मौत रिम्स में हुई, जबकि कुलदीप महतो की पत्नी लाखो देवी, एक पुत्र और एक पोता अभी भी उपचाराधीन हैं। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग ने जांच तेज कर दी है। शेष पेज 15 पर

## खरौंधी कस्तूरबा विद्यालय के 5 संविदाकर्मी बर्खास्त

नवीन मेल संवाददाता



- 77 छात्राओं के बीमार पड़ने के मामले में जांच के बाद प्रशासन सख्ती
- दो अधिकारियों के वेतन पर भी लगी रोक

**गढ़वा।** खरौंधी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 26 जून की रात 77 छात्राओं के अचानक बीमार पड़ने के मामले में जिला प्रशासन ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए पांच संविदाकर्मियों की सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी है। वहीं, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी के वेतन भुगतान पर भी स्पष्टीकरण मिलने तक रोक लगा दी गई है।

उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी पशुपति नाथ मिश्रा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए राहत, उपचार, जांच और जवाबदेही तय करने के लिए तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया था। घटना की सूचना मिलते ही सभी छात्राओं को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाकर उपचार कराया गया। अधिकांश छात्राएं उसी रात स्वस्थ होकर अपने अभिभावकों के साथ घर लौट गईं, जबकि सात छात्राओं का अगले दिन पुनः उपचार किया गया। प्रशासन के अनुसार वर्तमान में सभी छात्राएं पूरी तरह स्वस्थ हैं।

उपायुक्त के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर एवं जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा संयुक्त जांच की गई। जांच में विद्यालय की वार्डन का बिना अनुमति अनुपस्थित रहना, रसोइया द्वारा चापाकल में ताला लगाए रखना तथा विद्यालय प्रबंधन की गंभीर लापरवाही सामने आई। जांच रिपोर्ट में विद्यालय की व्यवस्था और दायित्व निर्वहन में गंभीर चूक की पुष्टि की गई।

जांच प्रतिवेदन के आधार पर जिला प्रशासन ने वार्डन-सह-शिक्षिका लक्ष्मी देवी, पूर्णकालिक शिक्षिका अलका तिवारी, विज्ञान शिक्षिका कोमल कुमारी, लेखापाल-सह-कंप्यूटर ऑपरेटर सोनम रानी तथा रसोइया कमला देवी की संविदा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर उन्हें कार्यमुक्त कर दिया। प्रशासन ने बताया कि संबंधित कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा गया था। लेखापाल-सह-कंप्यूटर ऑपरेटर सोनम रानी ने जवाब दिया, लेकिन उसे असंतोषजनक पाया गया, जबकि अन्य कर्मियों ने निर्धारित समय सीमा में कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया। शेष पेज 15 पर

**समीक्षा** झारखंड के 3245 किमी लंबे राष्ट्रीय राजमार्गों को लेकर हुई बैठक

# गुणवत्ता के साथ समय पर तैयार करें राजमार्ग परियोजनाएं : गडकरी

- केंद्रीय मंत्री ने कहा, समस्याओं से निपटने के लिए पहले से प्रभावी रणनीति तैयार की जाए

रांची/नई दिल्ली (हि.स.)



**मानसून के लिए विशेष तैयारी रखें :** मानसून को देखते हुए केंद्रीय मंत्री ने विशेष तैयारियां सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जलभराव, सड़क क्षति, गड्ढों और अन्य संभावित समस्याओं से निपटने के लिए पहले से प्रभावी रणनीति तैयार की जाए। साथ ही त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करते हुए नियमित निगरानी और समय पर मरम्मत कार्य सुनिश्चित किए जाएं।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त फीडबैक का संज्ञान लेते हुए झारखंड में 3,245 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों की गुणवत्ता और रखरखाव कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय में सोमवार को आयोजित बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) तथा निर्माण एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री ने राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन, निर्माण की गुणवत्ता और आधुनिक तकनीकों के अधिकतम उपयोग पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि टिकाऊ, सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाले राजमार्ग बेहतर संपर्क, आर्थिक विकास तथा यात्रियों की सुविधा के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। गडकरी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण और रखरखाव में गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएं तथा प्रत्येक परियोजना में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। उनके अनुसार, सड़क अवसंरचना देश के समग्र विकास की महत्वपूर्ण आधारशिला है।

नितिन गडकरी ने कहा कि मानसून के दौरान सड़क सुरक्षा बनाए रखना और राजमार्गों की दीर्घकालिक मजबूती सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए आधुनिक तकनीकी समाधानों, सतत निरीक्षण और गुणवत्तापूर्ण रखरखाव प्रणाली को अपनाने की आवश्यकता है। बैठक में झारखंड के राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क की वर्तमान स्थिति, विभिन्न निर्माण एवं रखरखाव परियोजनाओं की प्रगति तथा लंबित कार्यों की समीक्षा की गई। केंद्रीय मंत्री ने संबंधित एजेंसियों को आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने, कार्यों में तेजी लाने और यात्रियों को बेहतर एवं सुरक्षित सड़क सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

70वीं बीपीएससी परीक्षा में

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के दो पूर्व छात्रों ने लहराया परचम

नवीन मेल संवाददाता



सलोनी कुमारी | अश्वनी भारती

**मेदिनीनगर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मेदिनीनगर के दो पूर्व छात्रों ने 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर विद्यालय, परिवार और पलामू जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय से वर्ष 2013 में अध्ययन पूर्ण करने वाली सलोनी कुमारी ने 70वीं बीपीएससी परीक्षा में 906वीं रैंक प्राप्त कर श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के पद पर सफलता हासिल की है। वह नवल किशोर तिवारी एवं गीता देवी की पुत्री हैं।

वहीं, मेदिनीनगर शहर के कांडखाड़ हमीदगंज निवासी सहायक शिक्षक वीरेंद्र भारती के पुत्र अश्वनी भारती ने 70वीं बीपीएससी परीक्षा में 618वीं रैंक प्राप्त कर बिहार राजस्व सेवा में स्थान हासिल किया है। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने अपने गुरुजनों, माता-पिता तथा दादा-दादी को दिया। विद्यालय परिवार ने दोनों सफल अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शेष पेज 15 पर

# पत्नी की हत्या का आरोपी एक वर्ष बाद मुंबई से गिरफ्तार, लेस्लीगंज पुलिस की बड़ी सफलता

- ट्रांजिट रिमांड पर लाकर भेजा गया न्यायिक हिरासत में

नवीन मेल संवाददाता

**नीलांबर-पीतांबरपुर।** लगभग एक वर्ष से पत्नी की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को लेस्लीगंज पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में आरोपी को गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर पलामू लाया गया। सोमवार को उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक प्रक्रिया के लिए भेज दिया गया।




गिरफ्तार आरोपी की पहचान अरविंद कुमार राम, पिता स्व. बालेश्वर चौधरी, ग्राम शिवपुर, थाना नोखा, जिला रोहतास (बिहार) के रूप में हुई है। वह लेस्लीगंज थाना में दर्ज पत्नी हत्या कांड का नामजद अभियुक्त था और घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था। प्राथमिकी के अनुसार लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के लोटवा गांव स्थित मृतका के मामा के घर में आरोपी ने मौका पाकर साड़ी के फंदे से गला दबाकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी। घटना के बाद वह फरार होकर दूसरे राज्यों में छिपता फिर रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अवर निरीक्षक मोहम्मद नईम के नेतृत्व में गठित टीम लगातार आरोपी की तलाश में जुटी थी। तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर मुंबई में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद ट्रांजिट रिमांड पर लेस्लीगंज लाया गया और सोमवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई को महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। लंबे समय से फरार आरोपी की गिरफ्तारी से पीड़ित परिवार को न्याय मिलने की उम्मीद और मजबूत हुई है।

### आरोपी शराब के नशे में पत्नी के साथ मारपीट करता था

लेस्लीगंज थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने बताया कि मृतका मंजू देवी उर्फ बबिता देवी के पिता विनोद राम की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। शिकायत के अनुसार वर्ष 2016 में मंजू देवी ने अरविंद कुमार से प्रेम विवाह किया था। दोनों के दो पुत्र हैं। विवाह के कुछ वर्षों बाद से आरोपी शराब के नशे में पत्नी के साथ मारपीट और प्रताड़ना करता था। दोनों परिवारों द्वारा कई बार समझौता कराने का प्रयास भी किया गया, लेकिन उसके व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया।

## पल्स पोलियो अभियान के तहत बच्चों को पिलाई जा रही जीवनरक्षक दो बूंद दवा

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार से शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दो बूंद दवा पिलाने का अभियान शुरू किया गया। विभिन्न विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर बनाए गए बूथों पर बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों को लेकर पहुंचे। मोहम्मदगंज के एक केंद्र पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी रणवीर कुमार एवं उपप्रमुख नगीना सिंह ने पंसा उत्तरी आंगनबाड़ी केंद्र तथा राजकीयकृत मध्य विद्यालय में बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान स्वास्थ्य सहिया नीलम देवी एवं संजू देवी सहित स्वास्थ्य कर्मियों ने अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। सोमवार से स्वास्थ्य



विभाग की टीमों ने घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का अभियान शुरू कर दिया, जो मंगलवार तक जारी रहेगा। इस अभियान में स्वास्थ्य सहिया, आंगनबाड़ी सेविका, एएनएम एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी संयुक्त रूप से कार्य कर रहे हैं। प्रखंड में बनाए गए 57 बूथों पर पहले ही दिन कुल 12,097 बच्चों को पोलियो रोधी दो बूंद दवा पिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र बच्चा इस जीवनरक्षक खुराक से वंचित न रहे। अभियान को लेकर माताओं एवं अभिभावकों में भी जागरूकता देखने को मिल रही है।

## हाजी शेख कलीमुद्दीन की मिट्टी मंजिल में उमड़ा जनसैलाब

**हैदरनगर।** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस मीडिया संयोजक डॉ. एम. तौसीफ के पिता स्वर्गीय हाजी शेख कलीमुद्दीन के निधन पर आयोजित मिट्टी मंजिल कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र के लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में झारखंड सरकार की कृषि मंत्री नेहा तिर्की के पिता एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। । इस अवसर पर पलामू जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बिट्टू पाठक, हैदरनगर थाना प्रभारी तंजीलुल मन्नान, मुखिया कमल कुमार पासवान, पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गणेश पासवान, महताब सिद्दीकी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## प्रखंड कार्यालय का शौचालय बना परेशानी का कारण, गंदगी से कर्मचारी और ग्रामीण परेशान

नवीन मेल संवाददाता

**ऊंटारी रोड।** ऊंटारी रोड प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थित शौचालय की बदहाल स्थिति कर्मचारियों और कार्यालय आने वाले ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। नियमित साफ-सफाई और रखरखाव के अभाव में शौचालय में गंदगी एवं दुर्गंध का आलम है, जिससे उसका उपयोग करना मुश्किल हो गया है। कार्यालय आने वाले लोगों का कहना है कि सरकारी कार्यालयों में आम नागरिकों को स्वच्छ और बेहतर मूलभूत सुविधाएं मिलनी चाहिए, लेकिन यहां शौचालय की स्थिति इसके विपरीत है। उनका कहना है कि यदि सरकारी कार्यालयों में ही बुनियादी सुविधाओं का यह हाल है तो व्यवस्था की गुणवत्ता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। सूत्रों



के अनुसार शौचालय की खराब स्थिति का असर कार्यालय के कर्मचारियों पर भी पड़ रहा है। कई कर्मियों को मजबूरी में शौचालय के उपयोग के लिए कार्यालय परिसर से बाहर जाना पड़ता है, जिससे समय की बर्बादी होने के साथ सरकारी कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने यह भी सवाल उठाया कि रखरखाव एवं साफ-सफाई के लिए उपलब्ध संसाधनों का उपयोग किस प्रकार किया जा रहा है। ग्रामीणों एवं कर्मचारियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि प्रखंड कार्यालय के शौचालय की तत्काल साफ-सफाई कराई जाए, आवश्यक मरम्मत कराई जाए तथा नियमित रखरखाव की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि कार्यालय आने वाले लोगों और कर्मचारियों को स्वच्छ एवं सुविधाजनक वातावरण मिल सके।

## उमस भरी गर्मी में ड्यूटी के दौरान सफाई सुपरवाइजर की बिगड़ी तबीयत

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले में लगातार बढ़ रही उमस भरी गर्मी का असर अब आम लोगों के साथ-साथ ड्यूटी पर तैनात कर्मियों के स्वास्थ्य पर भी पड़ने लगा है। सोमवार को हुसैनाबाद नगर पंचायत के सफाई सुपरवाइजर अवधेश कुमार की ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई। इससे कुछ देर के लिए नगर पंचायत कर्मियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार हुसैनाबाद मुख्य बाजार स्थित आंबेडकर चौक के समीप सफाई कार्य की निगरानी के दौरान उन्हें अचानक चक्कर आने लगा और उनकी हालत बिगड़ गई।

## 10 वर्षों में 9,051 फर्जी व डुप्लीकेट मनरेगा जॉब कार्ड रद्द, विभागीय रिकॉर्ड से हुआ बड़ा खुलासा

### फर्जी कार्डों के जरिए करीब 15 लाख रुपये मजदूरी भुगतान का मामला

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** प्रखंड में मनरेगा योजना के तहत पिछले लगभग दस वर्षों के दौरान 9,051 फर्जी, डुप्लीकेट एवं त्रुटिपूर्ण जॉब कार्ड निरस्त किए गए हैं। विभागीय अभिलेखों से सामने आए इस खुलासे ने मनरेगा की निगरानी एवं सत्यापन व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। रिकॉर्ड के अनुसार निरस्त किए गए इन जॉब कार्डों के माध्यम से विभिन्न योजनाओं में करीब 15 लाख रुपये मजदूरी का भुगतान भी किया गया था। इससे यह सवाल उठने लगा है कि आखिर इतने वर्षों तक फर्जी एवं डुप्लीकेट जॉब कार्ड कैसे संचालित होते रहे और इनके आधार पर भुगतान कैसे होता रहा। विभागीय आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2016-17 में 165, वर्ष 2017-18 में 1,143, वर्ष 2018-19 में 19, वर्ष 2019-20 में 100, वर्ष 2020-21 में 447, वर्ष 2021-22 में 1,048, वर्ष 2022-23 में सर्वाधिक 4,798, वर्ष 2023-24 में 1,012, वर्ष 2024-25 में 257, वर्ष 2025-26 में 59 तथा वर्ष 2026-27 में अब तक तीन जॉब कार्ड निरस्त किए गए हैं। जांच के दौरान ऐसे कई जॉब कार्ड भी मिले, जिनके धारक संबंधित पंचायत के निवासी ही नहीं थे। इससे पूर्व में किए गए सत्यापन एवं निगरानी तंत्र की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। हालांकि विभाग का कहना है कि लगातार चलाए जा रहे सत्यापन अभियान एवं निगरानी व्यवस्था को मजबूत किए जाने के कारण फर्जी जॉब कार्डों की पहचान कर उन्हें निरस्त किया जा रहा है। बावजूद इसके यह बड़ा सवाल बना हुआ है कि फर्जी जॉब कार्डों के माध्यम से हुए भुगतान की जवाबदेही किसकी होगी और यदि इसमें किसी प्रकार की अनियमितता हुई है तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की जाएगी।

**जवाबदेही पर उठे सवाल**

**क्या कहते हैं अधिकारी**

इस संबंध में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (बीपीओ) आरजू तमन्ना से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि बीपीओ के साथ बैठक के बाद पूरे मामले की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

## वज्रपात से महिला की मौत, तीन घायल

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार दोपहर हुई तेज बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, गणेशपुर गांव निवासी 45 वर्षीय तेजनी देवी अपने पति सुरेश महतो के साथ मकई के खेत में काम कर रही थीं। इसी दौरान अचानक तेज बारिश शुरू हुई और आकाशीय बिजली गिरने से वह उसकी चपेट में आ गईं। परिजन और ग्रामीण उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बालूमाथ ले गए, जहां चिकित्सक डॉ. अशोक कुमार ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं अलग-अलग स्थानों पर वज्रपात की चपेट में आकर पिंडारकोम गांव निवासी टिभु यादव (38), बहेरा गांव की गीता देवी (35) तथा कोलपटिया गांव निवासी कैलाश यादव (27) घायल हो गए। तीनों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालूमाथ में चल रहा है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले भी पिंडारकोम गांव में वज्रपात से एक किशोरी की मौत हो चुकी है। लगातार हो रही घटनाओं पर चिंता जताते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जिला आपदा प्रबंधन विभाग से गांव-गांव में वज्रपात से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाने तथा संवेदनशील स्थानों पर तड़ित चालक (लाइटनिंग अरेस्टर) लगाने की मांग की है।

## रपुरा गांव तक बनेगी पीसीसी सड़क, विधायक ने किया शिलान्यास

### डीएमएफटी मद से होगा निर्माण, ग्रामीणों ने रखीं विकास से जुड़ी कई मांगें

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने क्षेत्र के विकास कार्यों को आगे बढ़ाते हुए जपला-छतरपुर आरसीडी मुख्य सड़क से रपुरा गांव तक बनने वाली लगभग 400 मीटर लंबी पीसीसी सड़क का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। सड़क का निर्माण जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद से कराया जाएगा। शिलान्यास के बाद विधायक ने कहा कि सड़क बनने से रपुरा गांव के लोगों को वर्षभर बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी। मुख्य सड़क से गांव की सीधी कनेक्टिविटी मजबूत होगी, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य



आवश्यक कार्यों के लिए ग्रामीणों को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में सड़क, सिंचाई और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता है। इस दौरान ग्रामीणों ने सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ करने, श्मशान घाट के विकास तथा अन्य संपर्क सड़कों के निर्माण की मांग रखी। विधायक ने सभी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक पहल का भरोसा दिया। कार्यक्रम में मुखिया विजय राम, राजद नेता विनय सिंह यादव, मदन पासवान, खुर्शीद खान, सुद्देश्वर राम, प्रमोद सिंह, राजेश सिंह, परवेज आलम, पिंटू सिंह, वृहस्पत सिंह, बृजनंदन पासवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया।

### महुडंड पंचायत में पीसीसी सड़क निर्माण कार्य शुरू

हुसैनाबाद। प्रखंड की महुडंड पंचायत अंतर्गत ग्राम कुरदाग के रतीडीह टोला में 15वें वित्त आयोग की राशि से बनने वाली पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का सोमवार को शुभारंभ किया गया। पंचायत की मुखिया मीना देवी ने शिलापट्ट का अनावरण कर निर्माण कार्य की शुरुआत की। यह सड़क रामलाल साव के घर से रामखेलावन बैठा के घर तक बनाई जाएगी। सड़क निर्माण शुरू होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। लोगों का कहना है कि इससे आवागमन सुगम होगा और गांव के विकास को नई गति मिलेगी। मुखिया मीना देवी ने कहा कि पंचायत के सभी गांवों में प्राथमिकता के आधार पर सड़क निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग की राशि का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, नाली तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए लगातार किया जा रहा है। शिलान्यास कार्यक्रम में युवा समाजसेवी शिव शंकर यादव, लखन यादव, फुलेंद्र रवि, अनिल यादव, उपेंद्र यादव, रामस्वरूप यादव, रामाशीष यादव, रामलाल साव, चिंता देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने सड़क निर्माण को पंचायत के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

## चौकड़ी विद्युत सब स्टेशन की क्षमता हुई दोगुनी, 10 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर चालू

**हैदरनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की पहल पर हैदरनगर प्रखंड के चौकड़ी विद्युत सब स्टेशन की क्षमता दोगुनी कर दी गई है। रविवार रात 10 एमवीए क्षमता के अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि डॉ. अजय जयसवाल ने फीता काटकर किया। ट्रांसफार्मर चालू होने के बाद सांसद प्रतिनिधि ने उपस्थित ग्रामीणों एवं विद्युत कर्मियों के बीच मिठाई बांटी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से क्षेत्र के लोग लो-वोल्टेज, ओवरलोडिंग और बार-बार बिजली ट्रिप होने की समस्या से जूझ रहे थे। स्थानीय लोगों की मांग पर सांसद विष्णु दयाल राम ने त्वरित पहल करते हुए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की स्थापना सुनिश्चित कराई।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कक्षा षष्ठम से अष्टम तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों की गोष्ठी आयोजित

## अभिभावक-शिक्षक समन्वय से ही बच्चों का होगा सर्वांगीण विकास : कुशजी पाण्डेय

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला के सभागार में सोमवार को कक्षा षष्ठम से अष्टम तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों की गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक, नैतिक एवं सांस्कृतिक विकास के लिए अभिभावकों और शिक्षकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था। गोष्ठी के दौरान अभिभावकों ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन,



संस्कारनिष्ठ शिक्षा एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने अभिभावकों की जिज्ञासाओं का विस्तार से उत्तर देते हुए विद्यालय की शैक्षणिक एवं संस्कारात्मक कार्ययोजना की जानकारी दी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में विद्यालय और परिवार की भूमिका समान रूप से महत्वपूर्ण होती है। यदि अभिभावक और शिक्षक नियमित संवाद एवं समन्वय बनाए रखें तो बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन, आत्मविश्वास और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का भी विकास होता है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति, गृहकार्य, अध्ययन-अभ्यास तथा दैनिक गतिविधियों पर विशेष ध्यान देने और विद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। अभिभावकों ने विद्यालय के अनुशासित वातावरण और संस्कारयुक्त शिक्षा प्रणाली की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया। इस अवसर पर संजय सिन्हा, अरविंद यादव, छाया कुमारी, श्वेता दूबे, हर्षदा चौबे, दीप्ति सिन्हा, अभिषेक पाठक सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## जपला चारधाम मंदिर में शिव-शक्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की सभी तैयारियां पूरी

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद के नहर मोड़ स्थित श्री चारधाम मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले शिव-शक्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पांच दिवसीय इस धार्मिक आयोजन का शुभारंभ बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। चारधाम मंदिर एवं महायज्ञ समिति के अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने प्रेस वार्ता में बताया कि नवनिर्मित भगवान शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर इस महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बुधवार को कलश यात्रा के साथ विधिवत धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत होगी। वैदिक मंत्रोच्चार और विद्वान आचार्यों के सान्निध्य में पूरे अनुष्ठान का संचालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महायज्ञ का समापन आगामी रविवार को पूर्णाहुति, महाहवन एवं भव्य भंडारे (महाप्रसाद वितरण) के साथ होगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना को देखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। अजय प्रसाद गुप्ता ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए मंदिर समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं स्थानीय ग्रामीण पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ दिन-रात तैयारियों में जुटे हुए हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। महायज्ञ को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। श्रद्धालुओं में आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। महायज्ञ समिति ने क्षेत्रवासियों एवं आसपास के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धार्मिक अनुष्ठान का पुण्य लाभ लेने तथा महाप्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

## बरसात में बढ़ा जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा सीएचसी में एंटीवैनम व एंटीरैबीज इंजेक्शन नहीं

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** बरसात का मौसम शुरू होते ही क्षेत्र में सर्पदंश एवं अन्य जहरीले जीव-जंतुओं के काटने की घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। बावजूद इसके मोहम्मदगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में एंटीवैनम और एंटीरैबीज इंजेक्शन उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में आपात स्थिति में मरीजों को लगभग 20 किलोमीटर दूर हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले जाना पड़ता है, जिससे उनकी जान पर खतरा बढ़ जाता है। प्रखंड एवं अंचल कार्यालय परिसर के समीप स्थित आधुनिक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में फ्रीजर जैसी आवश्यक सुविधा उपलब्ध है, लेकिन चिकित्सकों की कमी के कारण वहां एंटीवैनम



एवं एंटीरैबीज इंजेक्शन का भंडारण नहीं हो पा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के मौसम में सांप, बिच्छू और अन्य जहरीले जीव-जंतुओं के काटने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। यदि समय पर एंटीवैनम इंजेक्शन उपलब्ध हो जाए तो कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। ग्रामीणों ने कुछ दिन पहले भजनियां गांव के 10 वर्षीय सोनू कुमार की सर्पदंश से हुई मौत का उदाहरण देते हुए कहा कि यदि स्थानीय सीएचसी में समय पर उपचार उपलब्ध होता तो संभवतः उसकी जान बचाई जा सकती थी। सर्पदंश के बाद उसे पहले हुसैनाबाद ले जाया गया और बाद में तुबागड़ा अस्पताल, लेकिन उपचार में हुई देरी के कारण चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। समाजसेवी विश्वनाथ चौधरी ने कहा कि लगभग 16.5 करोड़ रुपये की लागत से 30 बेड वाले इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन पांच वर्ष पहले हो चुका है, लेकिन आज तक यहां पर्याप्त चिकित्सकों की नियुक्ति नहीं हो सकी है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से तत्काल एंटीवैनम और एंटीरैबीज इंजेक्शन उपलब्ध कराने तथा चिकित्सकों की पदस्थापना सुनिश्चित करने की मांग की है।

### बारिश का इंतजार, नहर भी सूखी; किसानों की बढ़ी चिंता

## बूंदाबांदी से उमस बढ़ी, भदई व खरीफ फसलों के उत्पादन पर संकट के बादल

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** क्षेत्र में मानसून की धीमी रफ्तार किसानों की चिंता का कारण बन गई है। आसमान में लगातार बादल छाए रहने और हल्की बूंदाबांदी होने के बावजूद अब तक झमाझम बारिश नहीं हुई है। दूसरी ओर भीमबराज से मुख्य नहर में भी पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। ऐसे में मैदानी और नहरी दोनों क्षेत्रों के किसानों के सामने भदई एवं खरीफ फसलों की खेती संकट में पड़ती नजर आ रही है। सोमवार को दिनभर हल्के बादलों के बीच बूंदाबांदी हुई, लेकिन इससे गर्मी से राहत मिलने के बजाय उमस और बढ़ गई। अधिकतम तापमान 36 डिग्री तथा न्यूनतम 29 डिग्री



सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार और गुरुवार को हल्के बादलों के साथ क्रमशः 34/27 एवं 32/27 डिग्री तापमान रहने का अनुमान है। वहीं बुधवार और शुक्रवार को घने बादलों के बीच तापमान 31/27 एवं 34/27 डिग्री रहने की संभावना जताई गई है। किसानों का कहना है कि नक्षत्र के अनुरूप वर्षा नहीं होने से खेती प्रभावित हो रही है। उन्होंने परंपरागत रूप से खेती की तैयारी तो शुरू कर दी है और पूंजी भी निवेश कर दी है, लेकिन पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण बिचड़ा डालने का कार्य व्यापक स्तर पर शुरू नहीं हो पाया है। जिन किसानों के पास निजी सिंचाई के साधन उपलब्ध हैं, केवल वही सीमित क्षेत्र में धान की नर्सरी तैयार कर सके हैं। किसानों का कहना है कि यदि जल्द अच्छी बारिश नहीं हुई तो भदई और खरीफ दोनों फसलों के उत्पादन पर गंभीर असर पड़ सकता है। उनका मानना है कि पिछले वर्षों की तरह इस बार भी वर्षा की अनिश्चितता खेती की लागत बढ़ाने के साथ उत्पादन घटाने का कारण बन सकती है। इधर, मुख्य नहर में पानी नहीं छोड़े जाने के पीछे नहर की लाइनिंग का कार्य बताया जा रहा है। निर्माण कार्य जारी रहने के कारण भीमबराज से पानी छोड़ा नहीं जा सकता। स्थानीय लोगों के अनुसार एक जुलाई के बाद भी नहर में पानी मिलने की संभावना फिलहाल स्पष्ट नहीं है। ऐसे में नहरी क्षेत्र के किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है।

### आज हल्के बादलों के साथ क्रमशः 34/27 एवं 32/27 डिग्री तापमान रहने का अनुमान

मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार और गुरुवार को हल्के बादलों के साथ क्रमशः 34/27 एवं 32/27 डिग्री तापमान रहने का अनुमान है। वहीं बुधवार और शुक्रवार को घने बादलों के बीच तापमान 31/27 एवं 34/27 डिग्री रहने की संभावना जताई गई है।

# उपायुक्त ने घर-घर जाकर बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

- अभिभावकों से की अपील- पांच वर्ष तक का कोई भी बच्चा दवा से वंचित न रहे

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में चल रहे तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान के दूसरे दिन सोमवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने मेदिनीनगर शहर के हमीदगंज क्षेत्र में घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो रोधी दवा की खुराक पिलाई। इस दौरान उन्होंने अभियान की प्रगति का भी जायजा लिया तथा अभिभावकों से बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की दवा पिलाने की अपील की। मौके पर सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की टीमों के साथ विभिन्न घरों का भ्रमण कर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। उन्होंने अभिभावकों से बातचीत करते हुए कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों की सुरक्षा के लिए समय पर पोलियो की दवा पिलाना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि पल्स पोलियो अभियान का उद्देश्य जिले के एक भी बच्चे को इस सुरक्षा कवच से वंचित नहीं रहने देना है। सभी अभिभावक यह सुनिश्चित करें कि उनके पांच वर्ष तक की आयु के प्रत्येक बच्चे को पोलियो रोधी दवा की खुराक अवश्य मिले।

उपायुक्त ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर बच्चों को दवा पिला रही हैं। यदि किसी कारण से कोई बच्चा अब तक दवा नहीं पी सका है, तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित स्वास्थ्यकर्मी को दें, ताकि उसे भी अभियान के दौरान दवा उपलब्ध कराई जा सके।

गौरतलब है कि जिले में 28 जून से तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत तीन लाख से अधिक बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पहले दिन जिले के 1600 से अधिक पोलियो बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई गई थी, जबकि दूसरे और तीसरे दिन स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिला रही हैं।

# आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका चयन में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं होगी : उपायुक्त

- समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक में पोषण ट्रैकर, कुपोषण उन्मूलन और आधारभूत सुविधाओं पर दिए सख्त निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिला समाज कल्याण विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका चयन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पोषण ट्रैकर, सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र, सामर कार्यक्रम, पोषण पुनर्वास केंद्र, वन स्टॉप सेंटर समेत विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका का चयन पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि चयन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता, पक्षपात या अवैध हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति अथवा पदाधिकारी चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास करता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त ने सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर आवश्यक आधारभूत सुविधाएं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जाएं, ताकि बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को सरकार की सभी सेवाएं गुणवत्तापूर्ण ढंग से मिल सकें। उप विकास आयुक्त ने किराये के भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को प्राथमिकता के आधार पर विद्यालयों में सह-स्थापित करने का निर्देश दिया। जहां यह संभव नहीं हो, वहां सरकारी भूमि चिन्हित कर स्थायी आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण की दिशा में शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं को पोषण ट्रैकर के सभी मानकों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी बच्चे को पोषण एवं अन्य सुविधाओं से वंचित नहीं रखा जाए। साथ ही गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों की समय पर पहचान कर आवश्यकता अनुसार उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र भेजा जाए। बैठक में वन स्टॉप सेंटर, उच्च न्यायालय से संबंधित लंबित मामलों तथा विभागीय निरीक्षण की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को सभी योजनाओं का प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सामर कार्यक्रम के क्षेत्रीय प्रबंधक तथा जिले की सभी महिला पर्यवेक्षिकाएं उपस्थित थीं।

# हत्या के प्रयास के सात दोषियों को 10-10 वर्ष की सश्रम कैद

- भूमि विवाद में रिश्तेदार पर टांगी से किया था जानलेवा हमला, अदालत ने लगाया जुर्माना भी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय सुनील दत्त द्विवेदी की अदालत ने हत्या के प्रयास के एक मामले में सात आरोपियों को दोषी करार देते हुए प्रत्येक को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास और 20-20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। फैसला सोमवार को सुनाया गया। प्रभारी लोक अभियोजक शिव शंकर राम ने बताया कि मामला चंदवा थाना क्षेत्र के डरैया सुरली गांव का है। 22 जुलाई 2020 को भूमि विवाद और पारिवारिक रंजिश के कारण कृष्ण यादव पर उनके रिश्तेदारों ने हमला किया था। उसी दिन शाम को जुगल किशोर यादव, पीतांबर यादव, सविता देवी, शीला देवी, रामा यादव, जितेंद्र यादव और सुदामा यादव टांगी सहित अन्य हथियार लेकर कृष्ण यादव के घर पहुंचे और उन पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में कृष्ण यादव, उनकी पत्नी देवंती देवी तथा पिता मछिंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गए थे। कृष्ण यादव के सिर पर टांगी से वार किए जाने से उन्हें गंभीर चोट लगी थी। सत्रवाद संख्या 34/2023 के तहत चली सुनवाई के दौरान अदालत ने सभी आरोपियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 307, 324 एवं 323 के आरोप सिद्ध पाए। अदालत ने धारा 307 के तहत 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 20 हजार रुपये जुर्माना, धारा 324 के तहत तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं पांच हजार रुपये जुर्माना तथा धारा 323 के तहत एक वर्ष का कारावास एवं एक हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। फैसला सुनाए जाने के बाद सभी दोषियों को न्यायिक अभिरक्षा में लातेहार मंडल कारा भेज दिया गया।

## चेक बाउंस मामले में गैर-जमानती वारंटी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया



**मेदिनीनगर।** शहर थाना पुलिस ने चेक बाउंस के एक मामले में जारी गैर-जमानती वारंट के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बारालोटा हाउसिंग कॉलोनी, शहर थाना क्षेत्र निवासी नंद कुमार यादव के रूप में हुई है। शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार ने बताया कि चेक बाउंस से संबंधित मामले में न्यायालय द्वारा उनके विरुद्ध गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। वारंट के आलोक में शहर थाना पुलिस ने 29 जून को उन्हें गिरफ्तार किया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय भेज दिया गया।

# नगर निगम में कथित अवैध वसूली का मामला गरमाया, दो दैनिक कर्मियों से मांगा गया स्पष्टीकरण

**नवीन मेल संवाददाता**








**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर नगर निगम में भवन निर्माण से जुड़े कार्यों के नाम पर कथित अवैध वसूली के आरोप सामने आने के बाद प्रशासनिक महकमे में हलचल तेज हो गई है। आरोप है कि भवन का नक्शा पास कराने, सड़क पर निर्माण सामग्री रखने की अनुमति दिलाने तथा निर्माण कार्य के दौरान कार्रवाई का भय दिखाकर लोगों से अवैध रूप से रुपये वसूले गए। मामले को गंभीर मानते हुए नगर निगम ने दैनिक अनुसेवक वीरेंद्र कुमार उर्फ भाई वीरेंद्र और दैनिक जमादार विष्णु राम से स्पष्टीकरण तलब किया है।

नगर निगम द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस में दोनों कर्मियों को सोमवार शाम चार बजे तक अपना जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि निर्धारित समय तक संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं मिलने पर उनके विरुद्ध सेवा समाप्ति सहित विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

**सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो-वीडियो बने जांच का आधार :** नगर निगम के अनुसार हाल के दिनों में सोशल मीडिया, न्यूज चैनलों, यूट्यूब और फेसबुक पर कई ऑडियो एवं वीडियो वायरल हुए हैं। इनमें आरोप लगाया गया है कि अवैध निर्माण का नोटिस जारी करने, निर्माण कार्य रुकवाने अथवा कार्रवाई का डर दिखाकर लोगों से धन उगाही की जाती थी। इन आरोपों से नगर निगम की कार्यप्रणाली और छवि पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं।

### चार मामलों ने बढ़ाई चर्चा

**पहला मामला :** वार्ड संख्या-4 निवासी वीरेंद्र पाठक ने आरोप लगाया है कि मकान का नक्शा पास कराने के नाम पर उनसे 10 से 12 हजार रुपये लिए गए।

**दूसरा मामला :** वार्ड संख्या-16 स्थित सुरेश सिंह चौक पर मकान निर्माण करा रहे एक व्यक्ति, जिन्होंने अपनी पहचान सार्वजनिक नहीं करने का अनुरोध किया, ने आरोप लगाया कि सड़क पर निर्माण सामग्री रखने के एवज में उनसे एक लाख रुपये की मांग कर वसूली की गई।

**तीसरा मामला :** वार्ड संख्या-6 के एक समाजसेवी का आरोप है कि उनके घर पहुंचकर 40 हजार रुपये की मांग की गई। राशि नहीं देने पर मकान गिराने और कानूनी कार्रवाई की धमकी दी गई।

**चौथा मामला :** वार्ड संख्या-17 के एक मकान मालिक ने आरोप लगाया कि मकान की ढलाई के दौरान फोटो खींचकर अंकित कुमार ने 20 हजार रुपये की मांग की और पैसे नहीं देने पर नोटिस जारी कराने की चेतावनी दी।

**दोषियों को किसी भी कीमत पर नहीं बख्शा जाएगा : प्रशासक**

नगर निगम के प्रशासक एवं आईएएस अधिकारी रंजीत लाल ने कहा कि मामले को गंभीरता से लिया गया है। प्रथम दृष्टया सामने आए तथ्यों के आधार पर संबंधित कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि "नगर निगम में किसी भी सूरत में गलत करने वाले कर्मियों को बख्शा नहीं जाएगा। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।"

### जांच के बाद होगी कार्रवाई : महापौर

नगर निगम की महापौर ने कहा कि पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम में भ्रष्टाचार या अवैध वसूली जैसी गतिविधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। फिलहाल पूरे मामले में नगर निगम प्रशासन की अगली कार्रवाई, जांच रिपोर्ट और दोषियों के खिलाफ उठाए जाने वाले कदमों पर लोगों की नजरें टिकी हुई हैं।

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर राजनीतिक दलों के साथ उपायुक्त की बैठक

- 30 जून से शुरू होगा घर-घर मतदाता सत्यापन अभियान, 7 अक्टूबर को प्रकाशित होगी अंतिम मतदाता सूची

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन-एसआईआर) 2026 को लेकर विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा, समय-सीमा, बीएलओ और बीएलए-2 की भूमिका सहित निर्वाचन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

उपायुक्त ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर झारखंड में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को एन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध कराएंगे तथा भरे हुए प्रपत्र प्राप्त कर ईसीआईनेट पोर्टल पर अपलोड करेंगे। इसके बाद 5 अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। दावा एवं आपत्ति 4 सितंबर तक प्राप्त किए जाएंगे, जबकि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 अक्टूबर 2026 को होगा।

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाने में राजनीतिक दलों एवं उनके द्वारा नियुक्त बीएलए-2 (बूथ लेवल एजेंट) की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी दलों से प्रत्येक मतदान केंद्र पर बीएलए-2 की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने और निर्वाचन कार्य में सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बीएलए-2, बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर मतदाता सूची को अधिक विश्वसनीय बनाने में अहम योगदान देंगे।

उन्होंने बताया कि एन्यूमरेशन के दौरान बीएलओ और बीएलए-2 के बीच नियमित समन्वय बैठकें होंगी। घर-घर सत्यापन अभियान में बीएलए-2 भी शामिल होकर मतदाताओं से संवाद स्थापित करेंगे तथा अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और डुप्लीकेट मतदाताओं की पहचान एवं सत्यापन में सहयोग करेंगे।

उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि एन्यूमरेशन चरण के दौरान मतदाताओं से किसी प्रकार के दस्तावेज नहीं लिए जाएंगे। हालांकि, जो पात्र भारतीय नागरिक अभी तक मतदाता सूची में पंजीकृत नहीं हैं, वे निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल करना तथा अपात्र प्रविष्टियों को नियमानुसार हटाना है।

बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता जागरूकता अभियान में भी सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया गया। उपायुक्त ने कहा कि 30 जून से शुरू होने वाले अभियान के दौरान सोशल मीडिया और जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक सही जानकारी पहुंचाई जाए। उन्होंने सभी दलों से निर्वाचन आयोग के जागरूकता अभियान तथा #JharkhandSIR अभियान को सफल बनाने में सहयोग की अपील की।

उपायुक्त ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित मतदाता सूची अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए प्रशासन, राजनीतिक दलों और आम नागरिकों की सहभागिता समान रूप से जरूरी है। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# पूर्णिमा पर वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने जरूरतमंदों के बीच बांटे भोजन व फल

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पूर्णिमा के पावन अवसर पर वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट, मेदिनीनगर की ओर से सोमवार की शाम रेलवे स्टेशन परिसर में जरूरतमंद, असहाय एवं राहगीरों के बीच भोजन एवं फल का वितरण किया गया। सेवा अभियान के तहत लगभग 100 लोगों को सम्मानपूर्वक भोजन पैकेट उपलब्ध कराए गए।

भोजन पैकेट में पूरी, सब्जी, रसगुल्ला, आम तथा बच्चों के लिए बिस्किट शामिल थे। ट्रस्ट के सदस्यों ने स्वयं लोगों के बीच पहुंचकर भोजन वितरित किया और मानव सेवा, करुणा एवं सामाजिक सहयोग का संदेश दिया।

संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज के जरूरतमंद और वंचित लोगों तक सहायता पहुंचाना ही ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य है। इसी भावना के साथ संस्था समय-समय पर भोजन वितरण, वस्त्र वितरण, रक्तदान शिविर, सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान सहित विभिन्न सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन करती रही है।

उन्होंने समाज के सक्षम एवं जागरूक लोगों से भी अपील की कि वे जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आएं और सेवा के इस अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक मदद पहुंचाई जा सके।

कार्यक्रम के दौरान स्टेशन परिसर में मौजूद लोगों ने वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज में मानवता, संवेदनशीलता और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने का कार्य करते हैं। इस सेवा अभियान को सफल बनाने में शर्मिला वर्मा, रिया सिंह, लक्ष्य श्रेष्ठ, मुकेश चौधरी, आशुतोष कुमार सिंह, दीक्षा, रीता सिन्हा, सौभाग्य सृजन तथा नवल दूबे सनातनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अभिभावक-शिक्षक बैठक के साथ 'एक पौधा मां के नाम' अभियान का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय में सोमवार को प्रथम अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के तहत बच्चों ने अपनी माताओं के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी के नेतृत्व में हुआ। इसमें शिक्षिका निशा, पूनम रानी, शिक्षक विजय कुमार ठाकुर एवं लैब इंस्ट्रक्टर अनूप कुमार मिश्रा की सक्रिय भूमिका रही। बैठक में एसएमसी अध्यक्ष पार्वती देवी, वार्ड सदस्य अनीता देवी, उपाध्यक्ष ललिता देवी, गीता देवी, सेवंती देवी तथा अभिभावक आशीष ओझा, सारो-पारो देवी, रानी देवी, विजय भुइयां, अखिलेश यादव, सुशीला देवी, ममता देवी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने कहा कि शिक्षा ही बेहतर जीवन की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने बच्चों की नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वाध्याय में अभिभावकों की भूमिका, विद्यालय की गतिविधियों एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही पॉक्सो अधिनियम, नशामुक्ति, बाल विवाह उन्मूलन तथा सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की।

इस दौरान अभिभावकों से विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी आमंत्रित किए गए। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास जताया कि अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता से बच्चों का सर्वांगीण विकास और अधिक प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जा सकेगा।

# कोयल के मानस पुत्र थे प्रो. सुभाष चंद्र मिश्रा और बुद्धदेव गुहा : प्रेम भसीन

- जयंती पर सामाजिक संस्था सेसा ने दोनों साहित्यकारों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सामाजिक संस्था सेसा की ओर से सोमवार को प्रसिद्ध साहित्यकार प्रो. सुभाष चंद्र मिश्रा और वरिष्ठ लेखक बुद्धदेव गुहा की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में दोनों साहित्यकारों के साहित्यिक अवदान, प्रकृति प्रेम और विशेष रूप से कोयल नदी तथा पलामू क्षेत्र के प्रति उनके गहरे जुड़ाव को याद किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता एवं सेसा के मार्गदर्शक प्रेम भसीन ने दोनों साहित्यकारों को "कोयल नदी का मानस पुत्र" बताते हुए कहा कि प्रकृति ने मानो दोनों को एक ही दिन इस उद्देश्य से धरती पर भेजा था कि वे कोयल नदी के इतिहास, सौंदर्य और उसके महत्व को अपनी लेखनी के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाएं।

उन्होंने कहा कि प्रो. सुभाष चंद्र मिश्रा के साथ बिताए गए वर्षों की स्मृतियां आज भी उनके लिए अमूल्य धरोहर हैं। वे केवल साहित्यकार ही नहीं, बल्कि ऐसे मित्र थे जिनकी कमी कभी पूरी नहीं हो सकती। जीएलए कॉलेज की प्राचार्या डॉ. जसबीर बग्गा ने कहा कि उन्हें पहले प्रो. मिश्रा की छात्रा और बाद में सहकर्मी के रूप में उनके साथ काम करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि सेसा के माध्यम से भी प्रो. मिश्रा के साथ कार्य करते हुए उन्होंने समाज सेवा, साहित्य और संगठन संचालन के अनेक महत्वपूर्ण पहलुओं को सीखा। सेसा के महासचिव कौशिक मल्लिक ने कहा कि प्रसिद्ध साहित्यकार बुद्धदेव गुहा का पलामू और यहां के जंगलों से विशेष लगाव था। पलामू व्याघ्र आरक्ष क्षेत्र के ग्रामीणों एवं आदिवासी समुदाय के साथ उनका आत्मीय संबंध था। सेसा द्वारा केचकी, बेतला, केड़, गारू, मारोमार, बारेसाढ़, अक्सी और रूद समेत विभिन्न गांवों में चलाए जा रहे सामाजिक एवं सेवा कार्यों की जानकारी पाकर वे हमेशा प्रसन्नता व्यक्त करते थे और संस्था का उत्साहवर्धन करते थे। उन्होंने कहा कि प्रो. सुभाष चंद्र मिश्रा पिछले दो दशकों तक सेसा के अध्यक्ष रहे। संस्था के हर छोटे-बड़े अभियान में उनका मार्गदर्शन और सक्रिय सहयोग मिलता रहा। उनके नेतृत्व में सेसा ने समाज, शिक्षा, पर्यावरण और संस्कृति के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य किए। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने दोनों साहित्यकारों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका साहित्य आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। अंत में सभी ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक प्रभात मिश्रा 'सुमन', डॉ. राणा अरुण सिंह, सेसा के संयुक्त सचिव संजय कुमार, ज्योति टोप्पो, अजय कुमार, विमला कुमारी, प्रो. मिश्रा के पौत्र मानस मिश्रा सहित संस्था के कई सदस्य एवं साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।


**संवाददाता के रूप में बनाइए शानदार करियर**

1994 से डाल्टनगंज और 1999 से रांची से लगातार प्रकाशित दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल को दोनों संस्करणों के लिए मुख्यालय जिला और प्रखंड स्तर पर समाचारों की समझ रखने वाले जुझारू पत्रकारों और ट्रेनी युवा पत्रकारों की आवश्यकता है। पूर्ण विवरण, आधार कार्ड, अनुभव और फोटो के साथ इमेल करें। संपूर्ण पत्राचार पूर्णत: गोपनीय रहेगा। समय पर उचित सम्मानजनक पारिश्रमिक और विज्ञापनों के लिए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

**प्रधान संपादक**
hr.rnmail@gmail.com

# घर-घर पहुंचकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिला रहे डॉ. असजद अंसारी

## 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए स्वास्थ्यकर्मी पूरी मुस्तैदी से जुटे

- अभिभावकों को पोलियो उन्मूलन के प्रति जागरूक भी किया

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** पल्स पोलियो अभियान के दूसरे दिन सोमवार को रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. असजद अंसारी ने क्षेत्र का दौरा कर घर-घर पहुंचकर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। इस दौरान उन्होंने अभिभावकों को पोलियो उन्मूलन के प्रति जागरूक भी किया। इस अवसर पर डॉ. गोरखनाथ पांडे, डॉ. भानु सिंह, एमटीएस पंकज विश्वकर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।



### पहले दिन करीब 71 प्रतिशत बच्चों को दवा पिलाई

डॉ. अंसारी ने बताया कि अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए 32 सुपरवाइजरों के साथ सहिया, आंगनबाड़ी सेविका, एमपीडब्ल्यू और बीटीटी की टीम लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि पहले दिन करीब 71 प्रतिशत बच्चों को दवा पिलाई जा चुकी है और शेष बच्चों तक दूसरे एवं तीसरे दिन पहुंचकर लक्ष्य पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित नहीं रहना चाहिए।

## विभिन्न मामलों में फरार तीन वारंटी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजे गए



नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर थाना पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार वारंटियों में भवनाथपुर निवासी जमालुद्दीन मंसूरी शामिल हैं, जो जुआ अधिनियम से जुड़े मामले में फरार थे। उनके पुत्र आजाद मंसूरी को पति-पत्नी विवाद से संबंधित मामले में गिरफ्तार किया गया। वहीं बुका निवासी रोहित पासवान, जो पॉक्सो एक्ट के एक मामले में वांछित था, उसे भी पुलिस ने दबोच लिया। थाना प्रभारी रजनी रंजन के नेतृत्व में चली कार्रवाई में एसआई परवेज आलम, एएसआई जगत बंधु महतो तथा पुलिस बल के जवान शामिल थे। पुलिस ने बताया कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## बीएसएम कॉलेज में शिक्षक प्रतिनिधि बने प्रो. बिनोद कुमार मिश्रा

भवनाथपुर। बीएसएम कॉलेज, भवनाथपुर में शिक्षक प्रतिनिधि पद के लिए हुए चुनाव में प्रो. बिनोद कुमार मिश्रा विजयी घोषित किए गए। उन्हें 11 मत मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी प्रो. स्कंद कुमार भारती को 6 मत प्राप्त हुए। चुनाव में कुल 20 मतदाता थे, जिनमें दो अनुपस्थित रहे और एक मत रद्द घोषित किया गया। परिणाम घोषित होने के बाद कॉलेज के प्राचार्य प्रो. चंद्रभूषण चौबे ने प्रो. मिश्रा को निर्वाचन प्रमाणपत्र प्रदान किया। उनकी जीत पर कॉलेज के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

## किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर भाजपा किसान मोर्चा ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा, पलामू की ओर से किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में धान की बकाया राशि का भुगतान, कृषि ऋण माफी, पेंशन योजनाओं का समय पर भुगतान, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तथा अन्य किसान हितैषी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग की गई। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विजय कुमार कुशवाहा ने कहा कि झारखंड में धान खरीद प्रक्रिया के दौरान किसानों को कई गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान किसानों से धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 3,200 रुपये प्रति क्विंटल देने का वादा किया गया था, लेकिन वर्तमान में किसानों को 2,400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जा रहा है। इतना ही नहीं, कई किसानों को अब तक धान बिक्री की बकाया राशि भी नहीं मिली है, जिससे वे आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि पलामू जिले में कृषि ऋण माफी योजना के तहत बड़ी संख्या में किसानों ने ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी कर ली है, फिर भी सभी पात्र किसानों का ऋण माफ नहीं किया गया है। किसान मोर्चा ने दो लाख रुपये तक के कृषि ऋण को शीघ्र माफ करने की मांग की है। इसके अलावा वृद्धा, विधवा और दिव्यांग पेंशन का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने, बंद पड़ी मईया सम्मान योजना की राशि पुनः शुरू करने तथा आगामी खरीफ मौसम के लिए किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर गुणवत्तापूर्ण बीज एवं समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन में प्रत्येक प्रखंड में कोल्ड स्टोरेज निर्माण, सब्जी विक्रेताओं के लिए नगर निगम, नगर पंचायत एवं स्थानीय बाजारों में स्थायी स्थान की व्यवस्था तथा सरकारी बस स्टैंड परिसर में संचालित थोक सब्जी मंडी के लिए स्थायी बाजार विकसित करने की भी मांग की गई। किसान मोर्चा ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से वंचित किसानों की लैंड सीडिंग की समस्या का पंचायत स्तर पर विशेष शिविर लगाकर समाधान करने तथा जिन किसानों का भुगतान बंद हो गया है, उसे तत्काल पुनः शुरू करने की मांग की।

## आकाशीय बिजली गिरने से दुधारू गाय और बछिया की मौत



- परिवार सुरक्षित, पीड़ित ने मुआवजे की लगाई गुहार

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रखंड के सेमारवा गांव में रविवार दोपहर बाद हुई तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक दुधारू गाय और उसकी बछिया की मौत हो गई। हालांकि, घर में मौजूद परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित बच गए। जानकारी के अनुसार, फिरोज अंसारी ने अपनी गाय को घर के समीप सागवान के पेड़ से बांध रखा था। अचानक बिजली उसी पेड़ पर गिर गई, जिससे गाय और बछिया की मौके पर ही मौत हो गई। पीड़ित ने बताया कि वह दूध बेचकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। घटना से उनकी आजीविका प्रभावित हुई है। उन्होंने प्रशासन से आर्थिक सहायता और मुआवजा देने की मांग की है। ग्रामीणों ने भी पीड़ित परिवार को शीघ्र राहत उपलब्ध कराने की अपील की है।

### एनजीटी के प्रतिबंध के बावजूद अवैध बालू ढुलाई जारी

## संयुक्त छापेमारी में दो ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**भंडरिया (गढ़वा)।** वर्षा ऋतु में बालू उठाव पर एनजीटी के प्रतिबंध के बावजूद भंडरिया क्षेत्र में अवैध बालू ढुलाई जारी है। सोमवार तड़के रंका अनुमंडल पदाधिकारी मो. परवेज के नेतृत्व में प्रशासन की संयुक्त छापेमारी में दो बालू लदे ट्रैक्टर जब्त किए गए और दोनों चालकों को गिरफ्तार कर लिया गया। छापेमारी के दौरान जनेवा बंगालीडेरा की ओर से आ रहे एक महिंद्रा और एक सोनालिका ट्रैक्टर को रोककर जांच की गई। दोनों वाहनों पर करीब 100-100 सीएफटी बालू लदा था, लेकिन चालक कोई वैध खनिज चालान प्रस्तुत नहीं कर सके। साथ ही ट्रैक्टरों पर पंजीकरण संख्या भी अंकित नहीं थी। गिरफ्तार चालकों की पहचान रामराज सिंह और हर्षपृत तिग्गा के रूप में हुई है। दोनों के विरुद्ध संबंधित वाहन मालिकों के साथ भंडरिया थाना कांड संख्या 45/2026 दर्ज किया गया है। मामले की जांच एसआई दिलीप रंजन को सौंपी गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में हर रात बड़ी संख्या में ट्रैक्टरों से अवैध बालू ढुलाई होती है, जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। प्रशासन ने अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान जारी रखने की बात कही है।



## पांच साल बाद घर लौटा युवक, बेटे को देख छलक पड़े मां के आंसू



नवीन मेल संवाददाता

**केतार (गढ़वा)।** केतार प्रखंड के नावाडीह गांव निवासी नजाम हुसैन पांच वर्ष बाद सकुशल अपने घर लौट आया। बेटे को अचानक सामने देखकर मां की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े और पूरे परिवार में खुशियों का माहौल बन गया। परिजनों के अनुसार वर्ष 2021 में शादी के बाद नजाम मजदूरी के लिए गोरखपुर गया था। शुरुआती दिनों तक संपर्क रहा, लेकिन बाद में उसका कोई पता नहीं चल पाया। काफी खोजबीन के बाद भी सफलता नहीं मिली और परिवार ने उसके लौटने की उम्मीद लगभग छोड़ दी थी। नजाम ने बताया कि वह गोरखपुर की एक कंपनी में काम करता था, जहां ठेकेदार उसे घर आने की अनुमति नहीं देता था। मौका मिलने पर वह वहां से निकलकर अपने गांव पहुंच गया। परिजनों ने अब उसे दोबारा बाहर मजदूरी के लिए नहीं भेजने का निर्णय लिया है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर कांग्रेस ने बनाई रणनीति

### एसआईआर अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान, बूथ स्तर तक सत्यापन के निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** गढ़वा जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से सोमवार को नगर ऊंटारी परिसदन सभागार में भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष इंजीनियर ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने की। इसमें नगर ऊंटारी, रमना, बिशुनपुरा, भवनाथपुर, खरौंधी, केतार, धुरकी, सगमा और डंडई प्रखंडों के अध्यक्ष, जिला महासचिव-सह-प्रखंड प्रभारी, मंडल अध्यक्ष एवं प्रभारी शामिल हुए। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर संगठन की रणनीति तय की गई। जिला प्रभारी सुरजीत नागवाला ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे क्षेत्र के लोगों का नाम मतदाता सूची में सुरक्षित रखने के लिए सतर्क रहें। यदि किसी मतदाता का नाम अनमैप्ड दिखता है तो आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रपत्र भरवाकर समय पर जमा कराएं। पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी सुधीर कुमार चंद्रवंशी ने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर जोर देते हुए आरोप लगाया कि सुनियोजित तरीके से कांग्रेस समर्थकों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोगों को जागरूक करने और प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में सुनिश्चित कराने की अपील की। जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने कहा कि सभी पदाधिकारी घर-घर जाकर लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने और आवश्यक फॉर्म भरने में सहयोग करें। बैठक के अंत में कार्यकर्ताओं ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया।



## यातायात व्यवस्था सुधारने और अतिक्रमण हटाने की मांग

- आप नेता ने कार्यपालक पदाधिकारी को सौंपा आवेदन

नवीन मेल संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** आम आदमी पार्टी के नेता मंटु पांडेय ने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को आवेदन सौंपकर नगर क्षेत्र की यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने, अतिक्रमण हटाने और जनसुविधाओं में सुधार की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि नगर पंचायत क्षेत्र के लोगों को अतिक्रमण, ट्रैफिक जाम और स्वच्छता संबंधी समस्याओं से प्रतिदिन जूझना पड़ रहा है। उन्होंने जंगीपुर से गोसाईबाग तक मुख्य सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने, सभी सार्वजनिक शौचालयों और मूत्रालयों की नियमित सफाई एवं मरम्मत कराने तथा सब्जी बाजार जाने वाले मार्गों को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग की है। इसके अलावा नगर क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने तथा बड़े मालवाहक वाहनों को बाईपास मार्ग से संचालित कराने की मांग की गई है। उन्होंने सुबह छह बजे से रात आठ बजे तक शहर में बड़े ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की भी मांग की, ताकि जाम और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

## खरौंधी के चार शिक्षकों को मिला नियुक्ति पत्र



- मुख्यमंत्री ने राज्यस्तरीय समारोह में सौंपा नियुक्ति पत्र

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी (गढ़वा)।** खरौंधी प्रखंड के चार शिक्षकों को सोमवार को रांची में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में सहायक आचार्य के पद का नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। पंकज कुशवाहा, श्यामराज गुप्ता और आशीष रंजन, जो पहले कक्षा एक से पांच तक के सहायक आचार्य थे, अब कक्षा छह से आठ तक के लिए नियुक्त किए गए हैं। वहीं सूर्यदेव मेहता को पहली बार कक्षा एक से पांच तक के सहायक आचार्य के पद पर नियुक्ति मिली है। चारों शिक्षकों ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने और नई जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करने का संकल्प व्यक्त किया। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

## यौन शोषण मामले का आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**केतार।** केतार थाना पुलिस ने यौन शोषण के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में गढ़वा जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बलिगढ़ गांव निवासी भास्कर कुमार विश्वकर्मा के रूप में हुई है। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने बताया कि केतार थाना कांड संख्या 32/2026 में आरोपी के विरुद्ध यौन शोषण का मामला दर्ज है। पुलिस लगातार उसकी तलाश में छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में उसे बंशीधर नगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में गढ़वा जेल भेज दिया गया। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## सेवानिवृत्त आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका को दी गई सम्मानजनक विदाई

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** नगर ऊंटारी परियोजना कार्यालय में झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी यूनियन के बैनर तले सेवानिवृत्त सेविका प्रतिभा देवी और सहायिका भागमती देवी के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान दोनों को सम्मानित कर उनके लंबे सेवाकाल की सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि वर्षों तक सेवा देने के बावजूद आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं को सेवानिवृत्ति के बाद पर्याप्त सरकारी लाभ नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने सरकार से उन्हें सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने तथा पेंशन योजना लागू करने की मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कौशल्या देवी ने की। समारोह में सेवानिवृत्त कर्मियों को कपड़े, नकद राशि और उपहार भेंट किए गए। इस अवसर पर बालमुकुंद सिन्हा, जिला परिषद सदस्य बाला रानी, समाजसेवी प्रमोद राम, महिला पर्यवेक्षिका, आशा देवी, निभा देवी, इस्लाम अंसारी सहित बड़ी संख्या में सेविका एवं सहायिकाएं उपस्थित थीं।




## वज्रपात से छह मवेशियों की मौत, किसान को 50 हजार का नुकसान

**केतार (गढ़वा)।** केतार प्रखंड के बत्तो कला गांव में रविवार को वज्रपात की चपेट में आने से किसान गरीबन राम के छह मवेशियों की मौत हो गई। मृत पशुओं में दो दुधारू गाय और दो बैल भी शामिल हैं। इस घटना से किसान को करीब 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। बताया गया कि किसान जंगल के समीप अपने मवेशी चरा रहे थे। अचानक बारिश शुरू होने पर सभी मवेशी एक पेड़ के नीचे खड़े हो गए। इसी दौरान पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे सभी पशुओं की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बीडीसी प्रतिनिधि दिनदयाल गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

### रंका ठाकुरबाड़ी मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ धार्मिक अनुष्ठान

## स्नान यात्रा के बाद 15 दिनों के अनासर काल में विराजे भगवान जगन्नाथ

नवीन मेल संवाददाता

**रंका।** ऐतिहासिक ठाकुरबाड़ी मंदिर में सोमवार को भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की पावन स्नान यात्रा श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुई। वैदिक मंत्रोच्चार एवं पारंपरिक विधि-विधान से विशेष स्नान, पूजन और राजभोग अर्पित करने के बाद भगवान को 15 दिनों के अनासर (एकांतवास) के लिए मंदिर का पट बंद कर दिया गया। धार्मिक मान्यता के अनुसार स्नान यात्रा के बाद भगवान अस्वस्थ हो जाते हैं और 15 दिनों तक विश्राम करते हैं। इस अवधि में श्रद्धालुओं को उनके प्रत्यक्ष दर्शन नहीं होते। अनासर काल समाप्त होने के बाद मंदिर के पट पुनः खोले जाएंगे। अनुष्ठान में ठाकुरबाड़ी मंदिर के सेवायत राजा कुमार गोबर्धन प्रसाद सिंह, कुमार गुलाब प्रताप सिंह, मनोज कुमार सिंह, रंका अनुमंडल पुलिस निरीक्षक अभिजीत गौतम मिश्र सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## ताली में चंडी महायज्ञ की तैयारियां शुरू

- ध्वज-स्थापना के साथ हुआ धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** केतार प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत अंतर्गत ताली गांव में प्रस्तावित प्रतिष्ठात्मक चंडी महायज्ञ की तैयारियों का शुभारंभ सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बजरंगबली की ध्वज-स्थापना के साथ किया गया। यज्ञ समिति ने बताया कि अक्टूबर-नवंबर में जंगली बाबा के सान्निध्य में महायज्ञ आयोजित होगा। इसकी पूर्व तैयारियों के तहत एक से पांच जुलाई तक मां दुर्गा मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान होंगे। एक जुलाई को कलश यात्रा निकलेगी तथा प्रतिदिन आचार्य सौरभ भारद्वाज द्वारा संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। पांच जुलाई को महाभंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी पंकज सिंह ने महायज्ञ के लिए 31 हजार रुपये का सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर यज्ञ समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत जिलेभर में चला मतदाता जागरूकता अभियान



- उपायुक्त ने विद्यार्थियों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने का किया आह्वान

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान के तहत सोमवार को लातेहार जिले के सभी चुनावी पाठशालाओं, प्लस-टू विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में गठित इलेक्टोरल लिटरेसी क्लबों के माध्यम से व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं समावेशी बनाना है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे और कोई अपात्र व्यक्ति सूची में दर्ज न हो। इस अवसर पर उपायुक्त ने मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, लातेहार, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय तथा उत्क्रमित उच्च विद्यालय करकट का भ्रमण कर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को अभियान की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा अपने परिवार एवं आसपास के पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए प्रेरित करने की अपील की। जिले के सभी इलेक्टोरल लिटरेसी क्लबों में आयोजित बैठकों में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन, विलोपन एवं अन्य निर्वाचन संबंधी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए पोस्टर एवं लीफलेट के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से एक अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले नए मतदाताओं के पंजीकरण पर जोर दिया गया। अभियान के सफल संचालन में बीएलओ, वालंटियर एवं संबंधित अधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। पीवीटीजी एवं दूरस्थ क्षेत्रों में कार्यक्रमों की निगरानी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों द्वारा की गई। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार, विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### शेरेगड़ा विद्यालय चोरी कांड का खुलासा

# चोरी के सामान के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

- बैटरी, इन्वर्टर और म्यूजिक सिस्टम बरामद, न्यायिक हिरासत में भेजे गए आरोपी

**नवीन मेल संवाददाता**



**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना पुलिस ने शेरेगड़ा विद्यालय में हुई चोरी की घटना का सफल उद्भेदन करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर विद्यालय से चोरी किए गए बैटरी, इन्वर्टर, म्यूजिक सिस्टम सहित अन्य सामान भी बरामद कर लिया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में लातेहार जेल भेज दिया गया।

बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) उमेश प्रसाद सिंह ने सोमवार को प्रेस वार्ता में बताया कि कुछ दिन पूर्व शेरेगड़ा विद्यालय में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। मामले में प्राप्त आवेदन के आधार पर बालूमाथ थाना कांड संख्या 77/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

उन्होंने बताया कि मामले के अनुसंधान के लिए उनके नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। मानवीय एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने चोरी में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में संजय कुमार, राहुल कुमार (दोनों ग्राम आरा) तथा उपेंद्र उरांव (ग्राम सांवासार) शामिल हैं। तीनों बालूमाथ थाना क्षेत्र के निवासी हैं।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर विद्यालय से चोरी हुए बैटरी, इन्वर्टर, म्यूजिक सिस्टम सहित अन्य सामान बरामद कर लिया है।

एसडीपीओ उमेश प्रसाद सिंह ने कहा कि अपराधी कितना भी शातिर क्यों न हो, वह कानून और पुलिस की पकड़ से बच नहीं सकता। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और मजबूती मिली है।

छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी अमित कुमार दास, फूलबासिया पिकेट प्रभारी अनुभव सिन्हा, मुरपा पिकेट प्रभारी होसेन डांग, पुलिस अवर निरीक्षक शमीम खान सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### 24 घंटे में ब्लाइंड मर्डर का खुलासा

# भाई-भाभी समेत चार गिरफ्तार

- भूमि विवाद और कथित प्रेम प्रसंग बना हत्या का कारण, गला दबाकर की गई थी देवचरण यादव की हत्या

**नवीन मेल संवाददाता**



**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के सेलवार गांव में हुए चर्चित देवचरण यादव हत्याकांड का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि हत्या की साजिश किसी बाहरी व्यक्ति ने नहीं, बल्कि मृतक के अपने ही परिवार के सदस्यों ने रची थी।

सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता में एसडीपीओ सन्नी वर्धन ने बताया कि घटनास्थल से मिले साक्ष्यों, तकनीकी जांच और पूछताछ के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि देवचरण यादव की गला दबाकर हत्या की गई थी। मामले में मृतक के भाई कामदेव यादव, भाभी बिंदु देवी, भतीजे विकास यादव तथा भतीजी प्रियंका देवी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। उन्होंने बताया कि लंबे समय से चल रहे भूमि विवाद और कथित प्रेम प्रसंग को लेकर परिवार में तनाव था। इसी कारण चारों ने मिलकर हत्या की साजिश रची और देवचरण यादव की गला दबाकर हत्या कर दी।

एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी के निर्देशन तथा थाना प्रभारी प्रभात कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष जांच दल ने वैज्ञानिक अनुसंधान एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर इस ब्लाइंड मर्डर केस का त्वरित उद्भेदन किया। मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच जारी है। यदि किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसके विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में गंभीर अपराधों पर पुलिस की त्वरित कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इस हत्याकांड के खुलासे में थाना प्रभारी प्रभात कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर विपिन कुमार एवं सब इंस्पेक्टर नवीन चंद्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जर्जर भवन में पढ़ाई को मजबूर बच्चे, सिर्फ दो शिक्षकों के भरोसे चल रहा बौधाडीह उच्च विद्यालय

- मैट्रिक में 18 छात्र हुए असफल, अभिभावकों ने व्यवस्था पर उठाए सवाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा प्रखंड स्थित बौधाडीह उच्च विद्यालय की बदहाल व्यवस्था एक बार फिर चर्चा में है। जर्जर भवन, शिक्षकों की भारी कमी और लगातार गिरते शैक्षणिक स्तर को लेकर अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। विद्यालय में बच्चे जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को विवश हैं। अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने बताया कि कक्षाओं के दौरान छत से गिट्टी गिरती रहती है तथा बारिश के दिनों में कमरों में पानी टपकता है। ऐसे माहौल में छात्र-छात्राएं भय के बीच पढ़ाई करने को मजबूर हैं। विद्यालय में नौवीं और दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए केवल दो शिक्षक कार्यरत हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिक्षकों की कमी का असर शैक्षणिक परिणामों पर भी पड़ा है। इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा में 18 छात्र असफल रहे हैं, जिससे अभिभावकों में आक्रोश है। अभिभावकों ने सवाल उठाया कि जब विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक ही नहीं हैं तो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कैसे मिलेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द भवन की मरम्मत और शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हुई तो वे बच्चों को विद्यालय भेजना बंद कर देंगे। पंचायत प्रतिनिधि अर्जुन पासवान ने भी व्यवस्था पर नाराजगी जताई। प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती ने कहा कि विद्यालय में अधिकांश विद्यार्थी अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग से आते हैं, लेकिन सरकार उनके भविष्य के प्रति गंभीर नहीं दिख रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के नाम पर गरीब बच्चों के साथ छल किया जा रहा है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार झा ने बताया कि आसपास कोई वैकल्पिक विद्यालय नहीं होने के कारण बच्चों को मजबूरी में जर्जर भवन में पढ़ाना पड़ रहा है, जो पूरी तरह जोखिम भरा है। उन्होंने भवन निर्माण और शिक्षकों की नियुक्ति की आवश्यकता बताई।

## पौधारोपण को लेकर दो हिस्सों में बंटा रोन्हे गांव, उरांव और भगत समुदाय आमने-सामने

**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** गोनिया पंचायत के रोन्हे गांव में वन विभाग द्वारा कराए जा रहे पौधारोपण कार्य को लेकर विवाद गहरा गया है। गांव के दो अनुसूचित जनजाति समुदाय—उरांव और भगत—इस मुद्दे पर अलग-अलग पक्ष में खड़े हैं। जहां एक पक्ष पर्यावरण संरक्षण और जंगल बचाने के लिए पौधारोपण का समर्थन कर रहा है, वहीं दूसरा पक्ष ग्रामसभा की प्रक्रिया, पारंपरिक पड़हा स्वशासन व्यवस्था और रूढ़ि-प्रथा का हवाला देते हुए इसका विरोध कर रहा है। उरांव समुदाय के ग्रामीणों का कहना है कि जल, जंगल और जमीन उनकी पहचान और जीवन का आधार हैं। उनका कहना है कि क्षेत्र में वन क्षेत्र लगातार सिमट रहा है। यदि समय रहते पौधारोपण नहीं किया गया तो जंगल समाप्त हो जाएंगे, जल स्रोत सूख जाएंगे और खेती-किसानी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उनका दावा है कि विधिवत ग्रामसभा की सहमति के बाद ही वन विभाग ने पौधारोपण कार्य शुरू किया है। दूसरी ओर भगत समुदाय के लोगों का आरोप है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद-13 के तहत आदिवासी समाज की रूढ़ि-प्रथा और पारंपरिक व्यवस्था को मान्यता प्राप्त है। उनका कहना है कि आदिवासी क्षेत्रों में पड़हा स्वशासन व्यवस्था के अनुरूप निर्णय होने चाहिए। उनका आरोप है कि यहां विधिवत ग्रामसभा नहीं हुई, बल्कि आमसभा आयोजित कर लोगों से घर-घर जाकर हस्ताक्षर कराए गए।

भगत समुदाय ने वन विभाग पर फर्जी ग्रामसभा कराने, गैर-मजरूआ भूमि पर पेड़ काटने, रैयती भूमि पर डैम निर्माण से खेती प्रभावित होने तथा सोलर प्लेट और अन्य सुविधाओं का प्रलोभन देकर लोगों को गुमराह करने जैसे आरोप लगाए हैं। वहीं पौधारोपण समर्थक ग्रामीणों का कहना है कि रूढ़ि-प्रथा पूरे आदिवासी समाज की साझा परंपरा है, किसी एक समुदाय की नहीं। उनका कहना है कि सभी आवश्यक प्रक्रियाओं के बाद ही पौधारोपण शुरू कराया गया। फिलहाल गांव में यह विवाद केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि ग्रामसभा, पारंपरिक स्वशासन और सरकारी प्रक्रिया के बीच टकराव का रूप ले चुका है। अब पूरे मामले में प्रशासन के अगले कदम पर लोगों की निगाहें टिकी हुई हैं।

# जुलाई में मंईया सम्मान योजना की तीन किश्तें मिलने की संभावना

- लातेहार की महिलाओं के खातों में आ सकते हैं 7,500 रुपये, प्रशासनिक तैयारी अंतिम चरण में

**मनिष सिन्हा**

**लातेहार।** मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना से जुड़ी लातेहार जिले की महिलाओं के लिए जुलाई माह राहत और खुशखबरी लेकर आ सकता है। जानकारी के अनुसार, योजना की 21वीं, 22वीं और 23वीं किश्त का भुगतान जुलाई में किए जाने की तैयारी है।




सूत्रों के मुताबिक जिले की करीब 1.29 लाख महिला लाभुकों के बैंक खातों में तीन माह की सम्मान राशि भेजी जाएगी। पहले चरण में 2 से 5 जुलाई के बीच दो माह की राशि यानी 5,000 रुपये डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किए जाएंगे। इसके बाद 10 जुलाई तक तीसरी किश्त के रूप में 2,500 रुपये भेजे जाने की संभावना है। इस प्रकार प्रत्येक पात्र महिला के खाते में कुल 7,500 रुपये आने की उम्मीद है।

गौरतलब है कि अप्रैल माह में जिले के लगभग 1,29,550 लाभुकों को योजना की 20वीं किश्त के रूप में 32 करोड़ 38 लाख 75 हजार रुपये का भुगतान किया गया था। इस बार तीन किश्तों के भुगतान के लिए लगभग 97 करोड़ 21 लाख रुपये से अधिक की राशि जारी किए जाने की तैयारी चल रही है।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार भुगतान की सभी तकनीकी और प्रशासनिक प्रक्रियाएं अंतिम चरण में हैं तथा राशि सीधे आधार से जुड़े बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी।

## पुलिस-जनता संवाद कार्यक्रम में अफवाहों से बचने और कानून का पालन करने की अपील

- ग्रामीणों से संदिग्ध गतिविधियों की तत्काल सूचना देने का आग्रह

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर सोमवार को चंदवा थाना क्षेत्र के बनहरदी पंचायत अंतर्गत रेंची गांव में पुलिस-जनता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस और ग्रामीणों के बीच आपसी विश्वास एवं समन्वय को मजबूत करना था। कार्यक्रम में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए कानून-व्यवस्था एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा कानून को अपने हाथ में नहीं लेने की अपील की। थाना प्रभारी ने मॉब लिंचिंग, डायन-बिसाही, आपसी विवाद एवं मारपीट जैसी घटनाओं से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं समाज में वैमनस्य फैलाती हैं और निर्दोष लोगों को नुकसान पहुंचाती हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि, विवाद या अपराध की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास कायम करना ही ऐसे कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य है। संवाद कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएं रखीं, जिनके समाधान के लिए पुलिस ने हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। इस अवसर पर मुखिया रमेश उरांव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# सड़क सुरक्षा पर ट्रक ऑनर एसोसिएशन सख्त समस्याओं को लेकर प्रशासन से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

- नशे में वाहन चलाने पर रोक, नियम तोड़ने वाले ट्रकों पर होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** लोहरदगा-गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन की आम बैठक सोमवार को चंदवा गैरेज लाइन स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के सचिव रोहित अग्रवाल ने की। बैठक में सड़क सुरक्षा, ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं तथा प्रशासनिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी ट्रक मालिक अपने चालकों को स्पष्ट निर्देश देंगे कि वे किसी भी परिस्थिति में नशे की हालत में वाहन नहीं चलाएं। साथ ही प्रत्येक वाहन में वैध नंबर प्लेट, रेडियम पट्टी, आवश्यक दस्तावेज तथा निर्धारित गति सीमा का पालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाएगा। एसोसिएशन ने समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर जांच अभियान चलाने का भी निर्णय लिया। नियमों का उल्लंघन करने वाले ट्रकों के विरुद्ध एक माह तक परिचालन रोकने जैसी अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष कवलजीत सिंह ने हेसल प्लांट में ट्रकों को कई दिनों तक खड़ा रखने की समस्या उठाई। उन्होंने कहा कि इससे चालक आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान हो रहे हैं तथा आम लोगों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने हिंडाल्को प्रबंधन पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए ट्रक मालिकों को डैमरेज चार्ज देने की मांग की। इसके अलावा नो-एंट्री खुलने के बाद शहर में लगने वाले जाम, बायपास सड़क के अभाव तथा डीएमओ के आदेश से उत्पन्न हो रही समस्याओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त एवं जिला खनन पदाधिकारी (डीएमओ) से मिलकर ज्ञापन सौंपेगा। बैठक में सचिव मुद्रिका यादव, रहमान अंसारी, कोषाध्यक्ष अभय कुमार सिंह, सह-कोषाध्यक्ष इरफान दानिश, मीडिया प्रभारी राजेश कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार, शिवनाथ यादव, उपाध्यक्ष जतरू मुंडा, मुंतज़िर आलम, इम्तेयाज अहमद, बबलू, अजमल कुरैशी, इरशाद डबलू, मनीष सिंह, प्रेमनाथ उरांव, सलाहकार समिति के सदस्य संतोष साहू, शंकर राय, अर्जुन वर्मा, मो. मिन्हाज, राजकिशोर सिंह सहित बड़ी संख्या में ट्रक मालिक उपस्थित थे।

## दृष्टिपात

### विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर विद्यालयों में मतदाता जागरूकता कार्यशाला

**चंदवा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 कार्यक्रम के तहत सोमवार को प्लस टू हाई स्कूल चंदवा एवं प्रोजेक्ट प्लस टू उच्च विद्यालय सासंग में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन, विलोपन तथा अन्य निर्वाचन संबंधी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पात्र नागरिकों का समय पर मतदाता सूची में नाम दर्ज होना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने परिवार, मित्रों और आसपास के सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करें, ताकि अधिक से अधिक लोग लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी निभा सकें। कार्यक्रम में प्लस टू हाई स्कूल के प्राचार्य विजय साव, कृष्णा चौधरी, प्रोजेक्ट प्लस टू उच्च विद्यालय सासंग के प्राचार्य पंकज यादव सहित शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ का प्रशिक्षण

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड सभागार में सोमवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ को नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने तथा त्रुटिरहित और अद्यतन मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया। बीडीओ राहुल देव ने कहा कि शुद्ध एवं अद्यतन मतदाता सूची स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव की आधारशिला है। उन्होंने सभी बीएलओ से पूरी जिम्मेदारी, निष्पक्षता और सतर्कता के साथ घर-घर जाकर सत्यापन कार्य करने की अपील की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीपीआरओ दिगंबर पांडे, सुपरवाइजर उज्ज्वल सिंह, प्रियंका प्रिया सहित प्रखंड के सभी बीएलओ उपस्थित थे।

### विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल पंचायत स्तर तक करेगा संगठन विस्तार




**इटखोरी (चतरा)।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल, इटखोरी प्रखंड की संगठनात्मक बैठक सोमवार को संपन्न हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के साथ पंचायत स्तर तक संगठन के विस्तार का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार उपस्थित थे। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रारंभ हुई बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष योगेश्वर साहू ने की। मनोज पोद्दार ने कहा कि संगठन की मजबूती गांव और पंचायत स्तर तक सक्रिय समितियों के गठन से ही संभव है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि 5 से 12 जुलाई तक बजरंग दल की ओर से 'सेवा सप्ताह' मनाया जाएगा। इस दौरान निःशुल्क चिकित्सा शिविर, वृक्षारोपण, सेवा कार्य तथा जनजागरण अभियान सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में कार्यकर्ताओं ने सेवा सप्ताह के दौरान पूरे इटखोरी प्रखंड में 600 पौधे लगाने तथा पांच निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करने का संकल्प लिया। साथ ही अगले 15 दिनों के भीतर सभी पंचायतों में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की समितियों का गठन एवं विस्तार सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में संगठन को अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने, सेवा कार्यों को गति देने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग तक संगठन की पहुंच बढ़ाने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रांत विद्यार्थी प्रमुख अमित पासवान, जिला मंत्री सुधीर कुमार, बजरंग दल जिला संयोजक अंकित पांडे, जिला अर्चक-पुरोहित प्रमुख मनोज पांडे, प्रखंड अध्यक्ष योगेश्वर साहू सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 'स्वच्छ महुआडांड़, सुंदर महुआडांड़' अभियान को मिला जनसमर्थन

**महुआडांड़।** महुआडांड़ को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में स्थानीय दुकानदारों ने सराहनीय पहल शुरू की है। 'स्वच्छ महुआडांड़, सुंदर महुआडांड़' अभियान के तहत बाजार के व्यवसायी अपनी-अपनी दुकानों के बाहर डस्टबिन लगा रहे हैं, जिससे बाजार क्षेत्र को कचरा मुक्त बनाने की मुहिम को नई गति मिली है। दुकानदारों का कहना है कि यदि प्रत्येक दुकान के बाहर डस्टबिन होगा तो लोग कचरा सड़क पर फेंकने के बजाय निर्धारित स्थान पर डालेंगे, जिससे बाजार साफ-सुथरा रहेगा। कई दुकानदारों ने इसे सामाजिक जिम्मेदारी बताते हुए अन्य व्यवसायियों से भी इस अभियान से जुड़ने की अपील की। इस पहल को स्थानीय ग्रामीणों का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि स्वच्छ बाजार से बीमारियों का खतरा कम होगा और बच्चों को भी स्वच्छ वातावरण मिलेगा। स्थानीय निवासी सुनीता देवी ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। अभियान से युवाओं की टोली भी जुड़ने लगी है। कई दुकानदारों ने बताया कि आने वाले दिनों में बाजार की अधिकांश दुकानों के बाहर डस्टबिन लगाए जाएंगे, जिससे पूरे बाजार क्षेत्र को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया जा सके। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह छोटी शुरुआत भविष्य में बड़े बदलाव का आधार बनेगी। यदि प्रत्येक नागरिक अपनी जिम्मेदारी निभाए तो महुआडांड़ न केवल लातेहार, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए स्वच्छता का आदर्श बन सकता है।

### डीएमएफटी फंड की निष्पक्ष जांच हो, दोषियों को जेल भेजा जाए : आदित्य प्रसाद साहू



**लातेहार।** भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने लातेहार जिले में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) की राशि के कथित दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि जांच में कोई भी अधिकारी दोषी पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाना चाहिए। सोमवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि डीएमएफटी फंड का उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना है। आरोप लगाया कि इस राशि का उपयोग स्थानीय विकास कार्यों के बजाय सर्किट हाउस तथा सरकारी आवासों के निर्माण एवं मरम्मत जैसे कार्यों में किया जा रहा है, जो नियमों की भावना के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि गरीबों और खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई राशि का यदि दुरुपयोग हो रहा है तो इसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। भाजपा ऐसे मामलों को जनता के बीच ले जाएगी और दोषियों को बेनकाब करेगी। आदित्य प्रसाद साहू ने पत्रकारों से भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाने की अपील करते हुए कहा कि जनता के हित से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीबों के विकास के लिए आवंटित राशि का उपयोग केवल उन्हीं के हित में होना चाहिए।

### पुनरीक्षण-2026 को लेकर डीसी ने की प्रेसवार्ता, कहा

# मतदाताओं से किसी प्रकार के दस्तावेज नहीं लिए जाएंगे : डीसी

- 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक घर-घर जाकर बीएलओ द्वारा प्रत्येक मतदाताओं से भरवाया जाएगा गणक प्रपत्र

नवीन मेल संवाददाता




**रामगढ़।** जिला समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ऋतुराज ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक चलने वाले एन्यूमरेशन फेज के दौरान मतदाताओं से किसी प्रकार के दस्तावेज नहीं लिए जाएंगे। इस अवधि में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता को दो प्रति में गणना प्रपत्र उपलब्ध कराएंगे, जिसे मतदाता भरकर एवं हस्ताक्षर कर बीएलओ को जमा करेंगे। इसके उपरांत एक प्रति रिसीविंग कर मतदाता को उपलब्ध करा दी जाएगी वहीं दूसरी प्रति कार्यालय में जमा होगी। उपायुक्त ने बताया कि प्रवासी श्रमिकों, राज्य से बाहर अध्ययनरत छात्रों एवं अन्य अनुपस्थित मतदाताओं के लिए परिवार का कोई वयस्क सदस्य पोर्टल अथवा के माध्यम से गणना प्रपत्र प्राप्त कर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से जमा कर सकता है। सत्यापन अवधि 05 अगस्त से 03 अक्टूबर 2026 तक चलेगी, जिसमें केवल चिन्हित मतदाताओं से आवश्यक दस्तावेज मांगे जाएंगे। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती एसआईआर की मतदाता सूची में नाम दर्ज मतदाताओं को अतिरिक्त दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं होगी। वहीं, जिन मतदाताओं अथवा उनके माता-पिता का नाम पूर्व एसआईआर सूची में नहीं है, उन्हें आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेजों में से किसी एक की स्व-अभिप्रमाणित प्रति जमा करनी होगी। निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के अनुसार 05 अगस्त 2026 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। 05 अगस्त से 04 सितंबर 2026 तक दावा एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी तथा 07 अक्टूबर 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। प्रेस वार्ता में बताया गया कि जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 7,55,455 मतदाताओं में से 6,16,585 मतदाताओं का मैपिंग कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जो 81.62 प्रतिशत है। वइस कार्यक्रम में ईएलसी के सदस्य, संबंधित मतदान केंद्र के मतदाता, सामाजिक कार्यकर्ता तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) भाग लेंगे। अंत में उपायुक्त ने सभी मतदाताओं से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता के लिए मतदाता हेल्पलाइन नंबर 1950, इसीनेट पोर्टल एवं इसीनेट मोबाइल ऐप का उपयोग किया जा सकता है।

## सिद्धू -कान्हू के बलिदान को याद कर कालेज में मनाया 'हूल दिवस'



**रामगढ़।** स्थानीय डॉ. एस. राधाकृष्णन टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में सोमवार को.देश के पहले जनक्रांति के महानायक अमर शहीद सिद्धू -कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो की स्मृति में 'हूल दिवस' (संथाल हूल) अत्यंत गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकों और छात्र-अध्यापकों द्वारा वीर शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता ने कहा कि 30 जून 1855 को भोगनाडीह से शुरू हुआ 'हूल' सिर्फ एक विद्रोह नहीं, बल्कि जल, जंगल, जमीन और अपनी अस्मिता की रक्षा के लिए विदेशी हुकूमत के खिलाफ देश का पहला संगठित जन-आंदोलन था। सिदो-कान्हू का नारा "करो या मरो, अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो" आज भी हमें अपनी संस्कृति और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि हूल क्रांति का इतिहास हमें अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करना सिखाता है। आज के युवा समाज और भावी शिक्षकों को इन अमर बलिदानियों के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है, ताकि एक समतामूलक और सशक्त समाज का निर्माण हो सके।

## शिशु विद्या मंदिर पतरातू थर्मल के आचार्य उदय कुमार मिश्र हुए सेवानिवृत

**पतरातू।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पतरातू थर्मल के आचार्य उदय कुमार मिश्र के सेवानिवृत्त होने पर सोमवार को उन्हें विदाई दी गई। इसके लिए विद्यालय परिसर में समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि विद्यालय के अध्यक्ष मनोज साहू , सह-सचिव राज किशोर सिंह, पूर्व आचार्य सत्येंद्र, प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार पाठक एवं विदा हो रहे वरिष्ठ आचार्य उदय कुमार मिश्र की ओर से संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर की गई। विद्यालय के अध्यक्ष मनोज साहू ने अपने संबोधन में उदय जी के सौम्य व्यक्तित्व, कर्तव्यनिष्ठा और विद्यालय के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार पाठक ने श्री उदय के संपूर्ण कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जाना विद्यालय के लिए एक अपूरणीय क्षति है। लेकिन उनका मार्गदर्शन हमेशा हमारा संबल बना रहेगा।

### वीरांगनाओं की स्मृति में 12 वर्षों बाद हुआ आयोजन

# जनी शिकार में दिखी आदिवासी महिलाओं की वीरता और एकजुटता

नवीन मेल संवाददाता



**बरही।** खोड़ाहर पंचायत के खोड़ाहार, कुंडवा और दौरवा गांव में आदिवासी समाज की गौरवशाली परंपरा जन्नी शिकार का भव्य आयोजन किया गया। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा और हथियारों के साथ शिकार अभियान में भाग लेकर अपनी संस्कृति और इतिहास को जीवंत किया। आदिवासी संगठन समिति के अध्यक्ष दिलीप एक्का ने बताया कि जन्नी शिकार का आयोजन प्रत्येक 12 वर्ष में किया जाता है। यह परंपरा रोहतासगढ़ की उन वीर आदिवासी महिलाओं की स्मृति में मनाई जाती है, जिन्होंने मुगल आक्रमण के दौरान साहस और रणनीति का परिचय देते हुए किले की रक्षा के लिए मोर्चा संभाला था। उन्होंने कहा कि यह आयोजन नई पीढ़ी को अपने इतिहास और गौरवशाली विरासत से जोड़ने का माध्यम है। सचिव सुनील टोप्पो ने कहा कि जन्नी शिकार केवल परंपरा नहीं, बल्कि महिलाओं के साहस, नेतृत्व और सामाजिक एकता का प्रतीक है। इससे समाज में सांस्कृतिक चेतना मजबूत होती है। सुबह से देर शाम तक चले कार्यक्रम में महिलाओं ने जंगल भ्रमण किया, पारंपरिक गतिविधियों में भाग लिया तथा सामूहिक भोज के माध्यम से सामाजिक समरसता का संदेश दिया। आयोजन में पूनम कच्छप, अनीता कुजूर, मगदली बाड़ा, पार्वती देवी, नथुनी देवी, रीना कुजूर, बसंती तिर्की, सरिता तिर्की, लक्ष्मी कुमारी, मंजू देवी, मुन्नी देवी, अनिता केरकेट्टा, सुमी तिर्की, नंदिया तिर्की सहित अशोक बाड़ा, अंजुलियस एक्का, कमेल टोप्पो, जगदीश उरांव समेत कई लोग उपस्थित थे। भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी ने सबों को शुभकामनाएं देते हुए इस ऐतिहासिक परंपरा को आगे नई पीढ़ी तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## बाल संसद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

**रामगढ़।** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर, रजरप्पा प्रोजेक्ट में विद्यालय की नवनिर्वाचित बाल संसद के पदाधिकारियों को एक गरिमामय समारोह में शपथ दिलाई गई। विद्यालय सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय के सचिव चंद्रशेखर चौधरी, प्राचार्य उमेश प्रसाद तथा प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह के दौरान बाल संसद के अध्यक्ष रीत कुमारी, उपाध्यक्ष प्रियंका कुमारी, उपप्रधानमंत्री शुभम भट्टाचार्य, स्वच्छता मंत्री-निशा गोराई, स्वास्थ्य मंत्री कुमारी इशिका,जल मंत्री ऋषभ कुमार तथा खेल मंत्री तनुज कुमार सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख एवं सहप्रमुखों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

## हर समस्या के समाधान के लिए सदैव तत्पर हैं विधायक : सुधीर



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के ब्यांग गांव में ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण ग्रामीणों को अंधेरे में रहने की परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों द्वारा समस्या की जानकारी क्षेत्र की विधायक ममता देवी को दिए जाने के बाद उनके पहल एवं प्रयास से ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया, जिससे गांव में पुनः विद्युत आपूर्ति बहाल हुई और ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली। ट्रांसफार्मर का विधिवत उदघाटन सोमवार को दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विधायक ममता देवी के निर्देशानुसार क्षेत्र की जनता की प्रत्येक समस्या का त्वरित एवं हरसंभव समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। जनसेवा ही हमारा संकल्प है और जनता के विश्वास पर खरा उतरने के लिए हम सदैव तत्पर रहेंगे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार**

**निविदा रद्द संबंधित सूचना**

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के सभी संवेदकों को सूचित किया जाता है कि दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित **PR संख्या–382027 (Building) 26-27*D** एवं आमंत्रण सूचना सं0 **–(03/2026-27/EE/BCD/ LATEHAR)** द्वारा प्रकाशित अल्पकालीन निविदा **(क्र0सं0–01 से 06 तक)** सभी योजनाओं को अपरिहार्य कारण वश रद्द किया जाता है।

PR 383487 (Building)26-27*D

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, लातेहार



झारखण्ड सरकार
**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा**
ई–मेल–dfogarhwa.fisheries@gmail.com
**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निविदा पी0आर0सं0–383013 में स्कैम्पी सीड के विज्ञापन एवं निविदा प्रारुप के शर्तो में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

1.सम्पूर्ण विज्ञापन/निविदा में जहाँ भी स्कैम्पी सीड अंकित है उसे अब स्कैम्पी पीएल–21 समझा जाय।

2. नियम एवं शर्तों के बिन्दु सं0–04 में स्कैम्पी पीएल–21 की आपूर्ति हैचिंग के लगभग पीएल–21 के बाद स्कैम्पी की संख्या एवं गुणवत्ता आधारित मानकों के अनुरुप तय समय सीमा के अन्दर जीवित एवं स्वस्थ अवस्था में पहुँचाकर देना होगा।

नोट :– विज्ञापन/निविदा की अन्य सभी नियम व शर्तें यथावत रहेगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 383530 Fish(26-27)D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**
**(लापता लड़का रंजीत कुमार साह (मुख से गुंगा है) उम्र–17 वर्ष)**



केतार थाना कांड सं0–48/2024, दिनांक–23.07.2024, धारा–137(2), 140(3), बी0एन0एस0 में लापता लड़का रंजीत कुमार साह, (मुख से गुंगा है) उम्र–17 वर्ष, पिता–शिवमंगल साह, ग्राम–बांसडीह खुर्द, थाना–केतार, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाला हैं। जो दिनांक–09.07.2024 को गांव में आये बारात को देखने के लिए घर से निकला और वापस अपने घर नहीं आया। उक्त लापता लड़का रंजीत कुमार साह का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता लड़का किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**लापता का विवरण/हुलिया :–**
नाम–रंजीत कुमार साह, लंबाई–05 फीट, 06 इंच, रंग–सांवला,

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 383598 (Police)26-27*D



**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**(CIN: U40108JH2013SGC001702)**
**Electric Supply Circle, Daltonganj**
**Notice Inviting Tender**

Sealed Tender in two Part (Part – I Technical and commercial and Part – II Price part) subscribed on sealed envelope with Lah are invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.

| Sl. No | NIT No. | Name of the works | Estimated cost in (Rs.) | Time for completion (Day) | Earnest money to be deposited in (Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable in (Rs.) | Late date and time for submission of tender | Date and time for opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 173/PR/ JBVNL/ 2026-27 | Repair and maintenance of Customer Care Centre, Barwadih (in use as Sub -division Office, Barwadih) under Electric Supply Circle, Daltonganj. | 3,83,000/– | 60 days | 7700.00 | 886.00 (Including 18% GST ) | 21/07/2026 upto 03:00 PM | 21/07/2026 at 03:30 PM |

The tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in office working hours after depositing cost of B.O.Q. (Non-refundable) with Accounts officer, Electric Supply circle, Daltonganj in shape of Bank draft.

PR 383579 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(26-27)D

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
Electrical Superintending Engineer
Electric Supply Circle, Daltonganj



**कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक –सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :– CS/GRH/ 02/2026–27

सिविल सर्जन कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों में उपयोग हेतु विविध सामग्री एवं गोदरेज उत्पाद सामग्रियों का क्रय हेतु मूल्य निर्धारण के लिए मुहरबंद निविदा, निर्माता/प्राधिकृत एजेंसी/ डीलर/स्टॉकिस्ट/आपूर्तिकर्ता से आमंत्रित की जाती है। निविदा **निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम** से प्राप्त करने की अंतिम तिथि–**25.07.2026 के अपराह्न 05:00** बजे तक है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद तथा अन्य माध्यम यथा–कुरियर/ई0–मेल से भेजी गई निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। निर्धारित तिथि तक प्राप्त निविदा, दिनांक–**27.07.2026 को 04:00** बजे अपराह्न में क्रय समिति के समक्ष, सिविल सर्जन कार्यालय, गढ़वा के सभागार में खोली जाएगी। निविदा कागजात/सामग्रियों की सूची, गढ़वा जिले के बेबसाईट garhwa.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

PR 383518 (Health Med Edu and Family Welfare)26-27*D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**
**( अपहृता (1)शमीमा खातुन उम्र–16 वर्ष, (2)रुकसाना खातुन उम्र–18 वर्ष )**



मेराल थाना कांड सं0–119/26 दिनांक–01.06.26 धारा–137(2), 140(3) बी0एन0एस0 में अपहृता 1. शमीमा खातुन उम्र–16 वर्ष, पिता–अली हुसैन अंसारी, 2. रुकसाना खातुन उम्र–18 वर्ष, पिता–अख्तर अंसारी, दोनों सा0–बनखेता, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली है। थाना से प्राप्त आवेदन में उल्लेख किया गया है कि अपहृता शमीमा खातुन एवं रुकसाना खातुन का दिनांक–25.05.26 को अपहरण कर लिया गया है जो अबतक घर वापस नहीं आयी है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त दोनों अपहृता लड़की कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**अपहृता का विवरण/हुलिया :–**
1.नाम–शमीमा खातुन, लम्बाई–05 फीट 01 इंच, शरीर–समान्य, रंग–गोरा, पहनावा–हरा रंग का सलवार सूट।
2.नाम–रुकसाना खातुन रंग–गोरा, लम्बाई–05 फीट, पहनावा–लल रंग का सलवार सूट।

PR 383591 Police(26-27).D

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा



**कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा**

**निविदा आमंत्रण सूचना**
(निविदा संख्या –CS/GRH/03/2026–27)

गढ़वा जिला अन्तर्गत सदर अस्पताल/अनुमंडलीय अस्पताल/सामुदायिक स्वा0 केन्द्र/प्रा0 स्वा0 केन्द्रों के लिए मशीन उपकरण, उपस्कर का क्रय हेतु द्वि लिफाफा पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय निविदा) के माध्यम से मुहरबंद निविदा दिनांक–25.07.2026 के अपराह्न 05.00 बजे तक असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा, पिन कोड–822114 के पते पर निबंधित डाक के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निर्धारित तिथि तक प्राप्त निविदा दिनांक–27.07.2026 को 04.00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जाएगी। निविदा की प्रति गढ़वा जिला के बेबसाईट garhwa.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

PR 383523 Health Med Edu and Family Welfare(26-27)#D



**कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा**

**निविदा आमंत्रण सूचना**
(निविदा संख्या – CS/GRH/03/2026–27)

गढ़वा जिला अन्तर्गत सदर अस्पताल/अनुमंडलीय अस्पताल/सामुदायिक स्वा0 केन्द्र/प्रा0 स्वा0 केन्द्रों के लिए मशीन उपकरण, उपस्कर का क्रय हेतु द्वि लिफाफा पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय निविदा) के माध्यम से मुहरबंद निविदा दिनांक–25.07.2026 के अपराह्न 05.00 बजे तक असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा, पिन कोड–822114 के पते पर निबंधित डाक के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निर्धारित तिथि तक प्राप्त निविदा दिनांक–27.07.2026 को 04.00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जाएगी। निविदा की प्रति गढ़वा जिला के बेबसाईट garhwa.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं किया जाएगा।


असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

PR 383515 Health Med Edu and Family Welfare (26-27)_D



**कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी,पलामू**
**योध सिंह नामाधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर, पलामू - 822101**

पत्रांक :दिनांक :
कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू
महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर, पलामू – 822101

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बीज, खाद एवं कीटनाशी की खरीद–बिक्री वैध अनुज्ञप्ति के बिना करना गैर–कानूनी है। खरीफ के मौसम में जिले में धान एवं अन्य फसलों के बीज की मांग तेजी से बढ़ जाती है। साथ ही खाद एवं कीटनाशकों की मांग में इजाफा होता है। इस स्थिति में व्यापारी/सामान्य राशन के दुकानदार बिना वैध अनुज्ञप्ति के बीज/खाद एवं कीटनाशक का व्यापार प्रारम्भ कर देते हैं। जिस कारण अमानक बीज, नकली खाद एवं प्रतिबंधित कीटनाशकों की बिक्री एवं जमाखोरी की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

अतः सभी आम नागरिकों, व्यवसायियों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों को सूचित किया जाता है कि बीज, खाद एवं कीटनाशकों का व्यवसाय हेतु वैध अनुज्ञप्ति जिला कृषि कार्यालय से प्राप्त कर लें। जॉच के दौरान बिना अनुज्ञप्ति के व्यापार करते पाये जाने पर सामान की जब्ती/प्रतिष्ठान को सील करते हुए बीज अधिनियम 1966, उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं कीटनाशक अधिनियम 1968 के तहत विधिक कारवाई की जाएगी।

नोट : घरेलु कीटनाशकों के व्यवसाय हेतु भी अनुज्ञप्ति जिला कृषि कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। बिना अनुज्ञप्ति के घरेलु कीटनाशकों का व्यापार करना पूर्णतः प्रतिबंधित एवं दण्डनीय अपराध है।

जिला कृषि पदाधिकारी पलामू

PR 383471 Agriculture(26-27)D

## भगवान जगन्नाथ का 108 कलशों से महास्नान


# 56 भोग के बाद 15 दिनों के अनवसर में विराजे महाप्रभु

**नवीन मेल संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर सोमवार को भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के रंग में रंग गई। ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर इस्कॉन जमशेदपुर की ओर से धालभूम क्लब में आयोजित भव्य देव स्नान महोत्सव में भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा का वैदिक मंत्रोच्चार एवं हरिनाम संकीर्तन के बीच 108 पवित्र कलशों से महास्नान कराया गया। शंखध्वनि, मृदंग की थाप और "हरे रामा-हरे कृष्णा" महामंत्र के गूंजते स्वर के बीच हजारों श्रद्धालुओं ने इस दिव्य आयोजन का साक्षी बनकर आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया। जगन्नाथ संस्कृति में ज्येष्ठ पूर्णिमा का विशेष महत्व माना जाता है। इसी दिन भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा का सार्वजनिक स्नान कराया जाता है, जिसके साथ ही विश्वविख्यात रथयात्रा महापर्व की औपचारिक शुरुआत मानी जाती है। इस्कॉन जमशेदपुर द्वारा आयोजित इस महोत्सव में भी पारंपरिक वैदिक विधि-विधान के अनुसार सभी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए गए। महास्नान के लिए 108 कलशों में केवल जल ही नहीं, बल्कि आयुर्वेदिक और प्राकृतिक तत्वों का विशेष मिश्रण तैयार किया गया था। अभिषेक में पवित्र गंगाजल, पंचामृत (दूध, दही, घी, शहद और शक्कर), चंदन एवं अश्वगंधा का सुगंधित लेप, डाब (नारियल) का जल तथा विभिन्न ताजे फलों के रस का उपयोग किया गया। धार्मिक मान्यता के अनुसार यह स्नान भगवान को शीतलता प्रदान करने के साथ दिव्यता और औषधीय गुणों का भी प्रतीक माना जाता है। जैसे ही भगवान का अभिषेक आरंभ हुआ, पूरा परिसर हरिनाम संकीर्तन और जयघोष से गूंज उठा। महास्नान के उपरांत भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को श्रद्धापूर्वक 56 प्रकार के पारंपरिक व्यंजनों का महाभोग अर्पित किया गया।

# पाकुड़ में बंद दो घरों से लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाकुड़।** जिला मुख्यालय के सिंधीपाड़ा मोहल्ले में बीती देर रात को अज्ञात चोरों ने दो मकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जिस वक्त चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है, उस वक्त दोनों मकान मालिक अपने रिश्तेदार के घर गए थे। सोमवार को जब मकान मालिक अपना घर पहुंचे तो घर का दरवाजा टूटा हुआ था और जेवरात, नगदी समेत अन्य सामान गायब मिले। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर नगर थाना की पुलिस पहुंची और स्थानीय लोगों से पूछताछ की। मिली जानकारी के मुताबिक सिंधीपाड़ा मोहल्ला निवासी अमित कुमार आर्या और मृदुल भट्टाचार्य अपने घर पर नहीं थे। इसी मौके का फायदा उठाते हुए दोनों मकान में अज्ञात चोरों ने घर में घुस कर आलमारी, बॉक्स से सोना एवं चांदी के जेवरात, नगदी व कई घरेलु सामान ले गए। सूचना मिलते ही नगर थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार गौरव दलबल के साथ पहुंचे और मकान मालिक सहित आसपास के लोगों से पूछताछ की। इस दौरान मकान मालिक सहित स्थानीय लोग पुलिस के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया और रात्रि गश्ती नहीं करने, समय पर पुलिस नहीं पहुंचने की बात कही। इस मामले में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार गौरव ने बताया कि दो घरों में चोरी की घटना घटी है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। एसडीपीओ ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया है और कुछ चेहरे सामने आए हैं। जिसकी जांच पुलिस कर रही है। उन्होंने कहा कि इस कांड में शामिल अपराधी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# रांची में एसआईआर को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान तेज




**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) के तहत रांची जिले में व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिले की सभी चुनावी पाठशालाओं और विद्यालयों में गठित इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ईएलसी) के माध्यम से मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और समावेशी बनाने को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे और कोई भी अपात्र व्यक्ति सूची में दर्ज न हो। इस दौरान भावी मतदाताओं, युवा मतदाताओं और क्लब सदस्यों को एसआईआर-2026 की प्रक्रिया, गणना चरण की गतिविधियों और मतदाता सूची के शुद्धिकरण की जानकारी दी गई।

बैठकों में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन, विलोपन सहित निर्वाचन संबंधी विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त लीफलेट और पोस्टरों के माध्यम से दी गई। साथ ही 1 अक्टूबर 2026 तक अर्हता प्राप्त करने वाले नए मतदाताओं के समय पर पंजीकरण पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रमों के संचालन में बीएलओ (बीएलओ), वालंटियर और सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों (एईआरओ) की सक्रिय भूमिका रही। एईआरओ द्वारा कार्यक्रमों का अनुश्रवण कर निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया गया।

जिला प्रशासन ने नागरिकों, विशेषकर पहली बार मतदान के पात्र बनने वाले युवाओं से SIR-2026 में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। प्रशासन ने कहा कि "शुद्ध मतदाता सूची–सशक्त लोकतंत्र" के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक की भागीदारी जरूरी है।

# बरही में आयोजित मेगा रोजगार शिविर में 61 युवाओं का चयन




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र, पीपल ट्री वेंचर्स मेगा कौशल केंद्र आरएनवाईएम कॉलेज बरही में मेगा रोजगार शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 90 युवक-युवतियों ने भाग लिया। साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के बाद 61 अभ्यर्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन किया गया। जिन्हे मौके पर ही नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। मेगा शिविर में अथर एनर्जी लिमिटेड, एससीएम गारमेंट्स, एसपी अपैरलस आदि जैसे कई कंपनियों ने भाग लिया। कंपनी प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों को उपलब्ध पदों, वेतनमान, कार्यप्रणाली, करियर की संभावनाओं तथा अन्य सुविधाओं की जानकारी दी। इसके बाद योग्य अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर उनका चयन किया गया। कार्यक्रम में नियुक्ति प्रबंधक राकेश किस्कू, केंद्र प्रबंधक राहुल कुमार, संचालन प्रबंधक दिलीप गुप्ता सहित केंद्र के प्रशिक्षक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने चयनित अभ्यर्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। संचालन प्रबंधक श्री गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री सारथी योजना युवाओं के लिए सहारा बन रही है। योजना के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकाधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समय-समय पर ऐसे रोजगार शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे।

---

## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू
## समाहरणालय भवन ब्लॉक-सी, कमरा नं०–09, मेदिनीनगर

ई-मेल- jepcpalamau1@gmail.com & jepcpalamau@rediffmail.com

पत्रांक पलामू, दिनांक ..........

### इच्छा की अभिव्यक्ति

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता एवं 2nd **Little Champs Football** प्रतियोगिता, एवं **खेलों झारखण्ड** आदि में लगने वाले सामग्री की दर निर्धारण हेतु अतिअल्पकालीन निविदा प्रकाशित की जा रही है। जिसका विवरणी **NIC PALAMU** में देखी जा सकती है। **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 05.07.2026 को अपराह्न 3:00 बजे है।**

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा अभियान, पलामू।

PR.NO.383479 District(26-27):D

---

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## Rural Work Department Works Division Daltonganj

### Short Notice Inviting e-quotation Notice No-01/2026-27 (4th Call)

Government of Jharkhand through its Cabinet Secretariat and Vigilance Department is engaged in revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for rate of items/materials annexed as Annexure-1 for Construction Works from Quarry Owners/ Crusher owners/ Reputed Manufacturer/ authorized dealers/ Suppliers and other stakeholders authorized for respective items having valid GSTIN of materials. The rates conforming to specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Government of Jharkhand to be used in different Civil construction/ infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website Http://Jharkhandtenders.gov.in. Details of material and its Specifications are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 30.06.26 at 10:30 hrs. to 09.07.26 at 16:00 hrs. The quotation will be opened on 11.07.26 at 11.30 Hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

**Terms and Condition** 1. The quotationer Shall Submit basic rate of material which will be inclusive of Royalty and other taxes but exclusive of GST.

2. The make and Specifications of various materials shall be governed by the relevant Indian Standard (IS) Codes and Specifications as issued by Central Public Works Department (CPWD)/ Concerned Department of Government of India.
3. Quotationer may quote rate for all the materials/ Part of the material for which they are concerned.
4. Manufacturers/ Producers or their authorized dealers shall quote their rate for material which is actually manufactured/produced/procured by them and the rate quoted for other materials shall not be acceptable.
5. The quotationer shall quote latest and authentic rate which shall reflect market rate.
6. The quotationer should have necessary Portal enrolment with their own digital signature Certificate. Quotationers without necessary portal enrolment with their digital signature may quote their rate by uploading in the website, however they have to submit hard copy of the same duly signed along with necessary documents in the concerned division.
7. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
8. The quotationer shall furnish GST registration no.
9. The undersigned reserves the right to accept or reject/ cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.
10. For any query or clarification you may Contact Executive Engineer R.W.D. Works Div. Daltonganj.

**Address for Communication :-** Executive Engineer Rural Works Department Works Div. Daltonganj Address –Court Cmound, Daltonganj
Mobile No - 9170538098 e- mail ID - **ee-pal@jharkhandmail.gov.in**

**Executive Engineer**
**R.W.D. Works Div.Daltonganj**

PR 383473 (District)26-27*D

---

## कार्यालय : जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक (आत्मा), लातेहार
## संयुक्त जिला कृषि भवन, कीनामाड़, लातेहार

### किसान भाईयों के लिए आम सूचना

निदेशक, समेति, झारखण्ड, राँची का पत्रांक–16 दिनांक 02.06.2026 एवं पत्रांक–391 दिनांक 09.06.2026 के द्वारा आत्मा–समेति सहायय् अनुदान अन्तर्गत खरीफ मौसम के पूर्व लातेहार जिला में **"डिजीटल कृषि रथ"** का परिचालन हेतु आदेश प्राप्त है।

**उक्त के क्रम में लातेहार जिला में "डिजीटल कृषि रथ" परिचालन का शुभारम्भ दिनांक 02.07.2026 को किया जायेगा,** जो जिला के विभिन्न प्रखण्डों, ग्राम/पंचायतों में (15 दिनों तक) कृषि वैज्ञानिकों, पदाधिकारियों, प्रसार कर्मियों, जनसेवक, कृषक मित्र, प्रगतिशील कृषकों के साथ जन–जन तक खेती से संबंधित तकनीकी समस्याओं का समाधान, योजनाओं की जानकारी पहुँचाने हेतु परिभ्रमण करेगा। **"डिजीटल कृषि रथ"** 15 दिनों तक निर्धारित रूटचार्ट के अनुरूप ग्राम/पंचायतों का भ्रमण करते हुए निर्धारित स्थान पर किसान गोष्ठी के माध्यम से विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ–साथ महत्त्वपूर्ण विषय यथा–दलहन एवं तेलहन की उन्नत खेती, प्राकृतिक खेती, संतुलित उर्वरक प्रबंध, वैकल्पिक कृषि, समेकित कृषि प्रणाली, High Value Agriculture, Mushroom Cultivation आदि विषयों को प्राथमिकता के आधार पर परिचर्चा में शामिल किया जायेगा। **डिजीटल कृषि रथ** के परिचालन हेतु ग्राम/पंचायतवार/प्रखण्डवार **रूट चार्ट** निम्न प्रकार निर्धारित है :–

**डिजीटल कृषि रथ–01**

| क्र०सं० | प्रखण्ड | दिनांक | ग्राम/पंचायत |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | लातेहार | 02.07.2026 | मोंगर, जालिमखुर्द, भुसूर, पेशरार, डेमू |
| | | 03.07.2026 | पाण्डेयपुरा, आरागुण्डी, डिही, सासंग, नेवाड़ी, |
| | | 04.07.2026 | बेन्दी, परसही, पोचरा, इचाक |
| | | 05.07.2026 | धनकारा, शीशी,, नवागढ़, तरवाडीह |
| 2 | चन्दवा | 06.07.2026 | सासंग, बारी, बनहरदी, सेरक, चेटर |
| | | 07.07.2026 | चन्दवा पूर्वी, चन्दवा पश्चिमी, चकला, अलौदिया, कामता, |
| | | 08.07.2026 | जमीरा, माल्हन, डुमारो, बोदा |
| | | 09.07.2026 | हुटाप, लाधुप, बरवाटोली |
| 3 | बालुमाथ | 10.07.2026 | रजवार, मासियातु, चेताग, बालु, |
| | | 11.07.2026 | बसिया, मारंगलोईया, मुरपा, झाबर, बालुमाथ |
| | | 12.07.2026 | धाधु, सेरेगड़ा, गणेशपुर, भगेया |
| 4 | बारियातु | 13.07.2026 | बारियातु, डाढ़ा, फुलसू, बालुभांग |
| | | 14.07.2026 | साल्वे टोंटी, अमरवाडीह, शिबला, गोनिया |
| 5 | हेरहंज | 15.07.2026 | तासु, चीरू, हेरहंज |
| | | 16.07.2026 | सलैया, सेरनदाग |

**डिजीटल कृषि रथ–02**

| क्र०सं० | प्रखण्ड | दिनांक | ग्राम/पंचायत |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | महुआडांड़ | 02.07.2026 | अमवाटोली, चम्पा, परहाटोली, |
| | | 03.07.2026 | ओरसा, चटकपुर, हामी, रेंगाई |
| | | 04.07.2026 | सोहर, नेतरहाट, चैनपुर |
| | | 05.07.2026 | महुआडांड, अक्सी, गढ़बुढ़नी, दुरूप, |
| 2 | सरयु | 06.07.2026 | गणेशुपर, घांसीटोला, चोरहा |
| 3 | गारू | 07.07.2026 | धांगरटोला, बारेसाढ़, मायापुर |
| | | 08.07.2026 | कारवाई, कोटाम, रूद |
| 4 | बरवाडीह | 09.07.2026 | केंड़, बेतला, पोखरीकला, केचकी |
| | | 10.07.2026 | मंगरा, खुरा, बरवाडीह, छेंचा, |
| | | 11.07.2026 | उकामाड़, कुचिला, छिपादोहर, चुंगरू |
| | | 12.07.2026 | मोरवाईकला , लात एवं हरातु |
| 5 | मनिका | 13.07.2026 | दुन्दु, मटलौंग, विशुनबांध, जुंगूर |
| | | 14.07.2026 | पल्हैया, बन्दुआ, डोंकी, बरवैयाकला, जान्हों |
| | | 15.07.2026 | नामूदाग, राकीकला, कोपे |
| | | 16.07.2026 | मनिका, सिंजो, बड़काडीह |

PR 383546 (Agriculture)26-27*D

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक (आत्मा) लातेहार

---

## PM SHRI SCHOOL JAWAHAR NAVODAYA VIDYALAYA , CHATRA (JHARKHAND)

### WALK- IN- INTERVIEW

Walk- in Interview for appointment to the post of **PGT-Geography, PGT-Economics** on Contract basis against purely temporary vacancy at PM Shri School Jawahar Navodaya Vidyalaya,Chatra(Jharkhand) for the session 2026-27 Interested candidates can attend the **Walk– in Interview** in the Vidyalaya on **07.07.2026 at 11.00 AM** with all original certificate of educational qualification and experience.

**Principal**
**JNV,Chatra.**

PR 383522 School Education and Literacy(26-27).D

---

## झारखण्ड सरकार
## कार्यालयः–जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

### आवेदन पत्र आमंत्रण हेतु अल्पकालीन सूचना

### (मछली –सह–बत्तख पालन)

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश संख्या 15 रा० (वि०) दिनांक 23.06.2026 के आलोक में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जिर्णोद्धार योजना अन्तर्गत समेकित मत्स्य पालन योजना (मछली–सह–बत्तख पालन) के लिए जिले को लघु शीर्ष 796 में (अ०ज०जा०–2) एवं (सामान्य कोटि कोटि–01) कुल 03 यूनिट का लक्ष्य प्राप्त है। एक यूनिट का ईकाई दर 153350/–रू० मात्र है। अनु०जनजाति एवं समान्य कोटि के लाभुकों को 80% तथा अन्य सभी कोटि के लाभुकों के लिए सरकार का अनुदान 70% तथा शेष लाभुक अंशदान है। Duck House लाभुक द्वारा स्थानीय स्तर पर बनाया जायेगा। प्राथमिकता एक एकड़ के तालाबों को दी जाएगी।

लाभुकों का चयन निम्न बिन्दुओं/अहर्त्ताओं पर किया जायेगा :–

क) योजना कार्यान्वयन का प्रस्तावित स्थल आबादी के नजदीक हो।
ख) लाभुक का अपना तालाब (प्राथमिकता एक एकड़ अथवा उससे बड़े तालाब) अथवा वित्तीय वर्ष **2026 - 27** से तीन वर्षो के लिए लीज पर हो।
ग) जिला मुख्यालय के नजदीक के लाभुकों को प्राथमिकता दी जाएगी ताकि अनुश्रवण आदि में सुविधा हो।
घ) RFF के पास के लाभुकों के चयन में ध्यान रखा जाएगा कि RFF का लाभुक समूह सक्रिय हो तथा उनका बैंक खाता संचालित हो रहा हो।
ड) लाभुकों का क्लस्टर बनाकर योजना का क्रियान्वयन किया जाना श्रेयस्कर होगा।
च) सरकार का अनुदान तीन किस्तों में जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा लाभुक के डी०बी०टी० के माध्यम से विमुक्त किया जायेगा। अनुदान की प्रथम किस्त तथा लाभुक के अंशदान से बत्तख–घर का निर्माण, Starter feed/Medicines तथा Ducklings क्रय किये जायेंगे। उक्त कार्य होने पर द्वितीय किस्त तथा दो माह तक बत्तख के जीवित रहने के उपरान्त तृतीय किस्त की राशि विमुक्त की जायेगी।
छ) इच्छुक मत्स्य कृषक अपना आवेदन कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 29.07.2026 को अपराहन 5:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

नोटः– आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा से कार्यालय अवधि में निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है एवं Block Chain Technology के प्रावधान के तहत आवेदन स्वीकार्य किया जाएगा (यदि लागु हो तो)।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी लोहरदगा।

PR 383596 Lohardaga(26-27)D

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

### अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/13/2026-27

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 3 ACR at Govt. Primary School Armu, Garu Block, District Latehar. | 3783700 | 76000 | 5000 | 4 माह |
| 2 | Renovation of Jayhind Library Chandwa at Chandwa Block under Latehar District. | 2498700 | 50000 | 5000 | 3 माह |

2. निविदा प्रकाशन की तिथि – 30.06.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 07.07.2026 से दिनांक 15.07.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –17.07.2026 अपराह्न 1:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. बिना कारण बताये किसी एक या सभी कार्य की निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 383472 Rural Development (26-27)_D

---

## कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

### मत्स्य पालकों/मत्स्य कृषकों के लिए निजी जमीन पर बॉयोफ्लॉक तालाब निर्माण हेतु आवेदन आमंत्रण

एतद् द्वारा गढ़वा जिले के मत्स्य पालकों/मत्स्य मित्रों/मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि चालू वित्तीय वर्ष–2026–27 में विभागीय राज्यादेश संख्या–15 रा० (वि०) दिनांक– 23.06.2026 के द्वारा "राज्य योजना तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना" के परिशिष्ट– VIII के आलोक में निजी जमीन पर 0.10 हेक्टेयर (एक यूनिट) के बायोफ्लॉक तालाब निर्माण (इनपुट सहित) हेतु भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत स्वीकृत ईकाई दर के अनुरूप मो0–14.00 (चौदह लाख रूपये) मात्र अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, महिला एवं सामान्य कोटि के लिए कुल– 04 यूनिट तालाब निर्माण की भौतिक लक्ष्य प्राप्त है, जिसकी विस्तृत विवरणी निम्न प्रकार है–

| क्र0 | योजना का नाम | कोटि | जलक्षेत्र | यूनिट | ईकाई लागत राशि (लाख में) | सरकार द्वारा देय अनुदान की राशि | लाभुक के अंशदान की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बायोफ्लॉक तालाब निर्माण (इनपुट सहित) | अनुसूचित जनजाति | 0.10 हे0 | 1 यूनिट | 14.00 लाख प्रति यूनिट | 80% | 20% |
| | | सामान्य | 0.10 हे0 | 1 यूनिट | | 70% | 30% |
| | | अनुसूचित जाति | 0.20 हे0 | 2 यूनिट | | 80% | 20% |

उपरोक्त योजनान्तर्गत इच्छुक मत्स्य कृषक से आवेदन पत्र जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा से निःशुल्क प्राप्त कर पूर्णरूपेण भरकर कार्यालय कार्य अवधि में **दिनांक– 25.07.2026 तक** निम्न अहर्त्ताओं के अधीन जमा कर सकते हैं :–

**आवेदन हेतु अहर्त्ताएं :–**

1. जिन आवेदकों के घर के नजदीक इस योजना हेतु आवेदित जमीन है तथा पूर्व से मछली पालन के कार्य से जुड़े है, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।
2. बायोफ्लॉक तालाब निर्माण हेतु आवेदक द्वारा आवेदित भूमि समुचित एवं अविवादित होनी चाहिए। तत्संबंधी शपथ–पत्र आवेदन के साथ संलग्न करेंगे।
3. आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि पहले से बैंक में किसी ऋण के एवज में बंधक नहीं हो, शपथ पत्र संलग्न करेंगे।
4. आवेदक द्वारा आवेदित भुखंड पर उनका वैध दखल–कब्जा वर्त्तमान में बरकरार है, अंचलाधिकारी स्तर से निर्गत भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र/जमीनी प्रतिवेदन आवेदन के साथ संलग्न करेंगे।
5. इस योजना में तालाब निर्माण हेतु इकाई लागत 14.00 लाख निर्धारित है जिसमें सरकार का अनुदान अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, महिला कोटि के लिए 80 प्रतिशत् अर्थात 1120000/– रु0 तथा समान्य कोटि को 70% अर्थात् 980000/– रु0। लाभुक अंशदान क्रमश 20% अर्थात मो0– 2.80 लाख रूपये मात्र सामान्य कोटि के आवेदक के लिए 30% अर्थात मो0– 4.20 लाख रूपये मात्र निहीत है, अतएव आवेदक को आर्थिक रूप से सक्षमता संबंधी शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा कि आवेदक अपना अंशदान व्यय करने में सक्षम है।
6. आवेदक द्वारा आवेदित भुखंड पर किसी प्रकार का पूर्व से तालाब अथवा गड्ढे का निर्माण नहीं होना चाहिए।
7. आवेदन के साथ इस योजना हेतु आवेदित भुखंड का जियोटैग फोटो आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
8. आवेदन पत्र के साथ आधार व पैन कार्ड की स्व0–अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
9. आवेदक का NFDP Portal पर निबंधन संबंधी प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
10. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के आवेदक द्वारा जाति प्रमाण–पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

PR 383484 Fish(26-27).D

**विचार प्रवाह** मेरे गुरु ने मुझे दिखाया कि ईश्वर के दर्शन करने के लिए स्वयं को एक योग्य मंदिर बनाने हेतु ज्ञान की छेनी का उपयोग कैसे किया जाए। प्रत्येक व्यक्ति ऐसा कर सकता है यदि वह दिव्य-बोध- संपन्न गुरुओं के उपदेशों का पालन करे। - **श्री श्री परमहंस योगानंद, योगदा सत्संग पाठ**

## राष्ट्रीय नवीन मेल

# सफलता की अंधी दौड़ बाधाएं और आत्महत्याएं

गलत रोल नंबर प्रकाशित होने से कभी बच्चे फेल होने के डर से आत्महत्या कर लेते थे आज सोशल मीडिया ने इस डर को और बड़ा या व्यापक रूप दे दिया है। अधिकांश अभिभावक बच्चों को रेस के घोड़ों की तरह देखते हैं जिसे सबसे आगे रहने पर शाबाशियों का शोर और पीछे रहने पर ताने मिलते हैं। क्या सभी बच्चे टॉपर बन सकते हैं यदि नहीं तो कैसी असंभव दौड़ जो बच्चे के कोमल मन में ग्लानि भर रही है। आप किसी ऐसे परिवार को जानते हों या किसी अपने के घर किसी बच्चे ने परीक्षा के डर से आत्महत्या की हो उन्हें देखकर आप दहल उठेंगे। क्या हमारे परिवारों में निराशा में संभलने और संभालने की मानसिकता पर ध्यान देने का समय नहीं आया? क्योंकि जीवन सिर्फ जीत और सफलता नहीं है। सकारात्मक, प्रेरक और सोशल मीडिया के नए इन्फ्लुएंसर्स के शोर में भला निराशा पर सांत्वना कौन दे? हमारे परंपरावादी परिवारों में तो पहले ही से एक सामाजिक भेद की लकीर खिंची हुई है और वह यह कि जो साइंस और मैथ पढ़ता है, वह बेहतर है और जो सोशल साइंस, कला या अन्य विषयों का छात्र है, वह हीन। उसमें तुर्रा यह कि सफलता का दबाव इतना बढ़ गया है कि बच्चे आत्महत्या कर लेते हैं या हताश हो जाते हैं। समाज उनको एक कमजोर मनुष्य की उपाधि देता है लेकिन एक-दूसरे को हराती यह दुनिया कभी समझ नहीं पाती कि हमेशा सभी की जीत संभव नहीं होती! न नीट की

**इंडिया**



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

परीक्षा में, न जेईई में, न यूपीएससी-सीडीएस में, न सिविल सर्विसेज में और न जीवन ही के अन्य प्रयासों में। कोई तमाम प्रयासों के बावजूद छूटता ही है। उस लड़के की कहानी से, जिसे विश्व के शीर्ष विश्वविद्यालय में दाखिला मिलता है। सिर्फ अपनी काबिलियत के बल पर दुनिया के किसी शीर्ष कॉलेज में अगर बच्चा दाखिला पा ले, तो उसके माता-पिता खुद को बहुत खुशकिस्मत मान रहे होते हैं। वहीं कुछ महीनों बाद वही बच्चा अपने माता-पिता को यह सूचित करता है कि यूनिवर्सिटी के मानकों के हिसाब से बेहतरीन ग्रेड ला पाना उसके लिए दुरूह होता जा रहा है, तो कई माता-पिता अपने बच्चे की निराशा भरी बातें सुनने के लिए तैयार नहीं होते? क्या माता-पिता के तौर पर हम अपने बच्चों को उस निराशा या असफलता को झेलने के लिए भी तैयार नहीं कर भूल नहीं करते क्योंकि नौकरी या व्यवसाय में भी कोई हमेशा सफल तो नहीं हो सकता। यह प्रश्न इसलिए कि कई परीक्षाओं के परिणाम आने वाले समय में आएंगे, लेकिन बच्चों की बढ़ती निराशा का परिणाम तो पहले ही आ रहा है। और यह बेहद दुखद ही है। यह विडंबना ही है कि अपने देश में बच्चों को बस ऐसे 'सुपर टैलेंट' या एक असाधारण प्रतिभा की तरह देखा जाता है, जो जेईई, नीट, यूपीएससी जैसे मुश्किल इम्तिहान पास कर सकते हैं। असल समस्या भारतीय समाज की सोच और आर्थिक व्यवस्था में है, जहां जेईई और नीट जैसी परीक्षाएं पास करना सफलता और सम्मान का प्रतीक माना जाता है। लेकिन, छात्रों को यह नहीं सिखाया जाता कि अगर वे असफल हो जाएं, तो उससे कैसे निपटें। माता-पिता भी चूक रहे हैं और परीक्षार्थी भी उस निराशा को संभालने में असमर्थ नजर आ रहे हैं। और उधर नतीजों की चिंता के बोझ तले दबकर, अपने 98 फीसदी को भी छात्र कमतर समझने लगता है। जब उसके अपने रिश्तेदार उसे घेरकर नीट और जेईई परीक्षाओं में उसकी रैंकिंग के बारे में पूछेंगे, तब क्या वह सामाजिक विज्ञान, साहित्य और दर्शनशास्त्र की समझ का इस्तेमाल कर पाएगा? उनके तीखे सवालों का जवाब देने के लिए अपने अंदर 'कृष्ण' को जगाने की समझ उसे कहां से मिलेगी? बुझे चेहरों के साथ अपने ही सपनों के दायरे में कैद होकर वह कोचिंग और लैपटॉप से चिपका रहता है। इसलिए, जरूरी है कि परिवार में सभी उस निराशा को आसानी से झेलने की समझ और शक्ति संजोएं। सफलता हासिल करने के लिए हमें हमेशा बहुत बड़ी मानसिक ताकत की जरूरत नहीं पड़ती। लेकिन, असफलता मिलने पर उससे बाहर निकलने के लिए हिम्मत, धैर्य और परिवार के साथ की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। माता-पिता को हर घड़ी अपने बच्चे को यह भी एहसास कराना चाहिए कि परीक्षा या विषय से किसी का किरदार नहीं बनता, बल्कि किरदार बनते हैं उस निष्ठा, अनुशासन और उन मूल्यों से, जो हम सभी को एक सशक्त सामाजिक प्राणी बनने की प्रेरणा देते हैं।आखिरकार, अमेरिका के उस शीर्ष कॉलेज में बैठे उस लड़के ने उन नामी प्रोफेसरों की क्लास में बैठने का फैसला किया, जो अपने छात्रों को बी ग्रेड देने में कभी नहीं हिचकिचाते थे। लेकिन, वह लड़का हम सभी को, अपने शिक्षकों को यह संदेश भी देना चाहता था कि गणित, विज्ञान या सामाजिक विज्ञान, कला के विषय किसी व्यक्ति का किरदार नहीं बनाते, बल्कि सीखने, कुछ बेहतर करने और निरंतर कठिन मेहनत करने की जिजीविषा ही किसी शख्स की शख्सियत तय करती है। पहली बार उसे बी ग्रेड मिला, पर वह बिल्कुल निराश नहीं था और उधर उसके माता-पिता भी उसे ग्रेड्स के चश्मे से नहीं देख रहे थे। वे तो उसकी उस निराशा से उबरने वाली मानसिकता को देख सुकून पा रहे थे। उस लड़के ने विनम्रता से अपने प्रोफेसर से कहा, 'ग्रेड के डर के बावजूद, आपकी कक्षा में शामिल होकर मुझे खुशी होगी।' शायद वह सभी से कहना चाह रहा था कि खुद को जेईई मेन्स, एडवांस, नीट या विदेश की किसी शीर्ष यूनिवर्सिटी में दाखिले से नहीं, या विज्ञान, सामाजिक विज्ञान या कला के विषयों की श्रेष्ठता से नहीं, बल्कि पढ़ाई के प्रति अपने प्यार, लगाव, मेहनत और समर्पण के विषय से लैस करना चाहिए। क्योंकि, जिनके पास उबरने की ताकत होती है, वही योद्धा बनते हैं। बाकी अपनी जीत के जश्न और हार के गम में डूबे रहते हैं। नहीं भूलना चाहिए कि निराशा में जिसने खुद को संभालना सीखा, वही भविष्य का नायक बनता है।

# तालियों के बीच खामोशी : सफलता, पीड़ा और जीवन का सबसे बड़ा सत्य

**आज की बात**



**प्रवीण कुमार**
सह कार्यकारी संपादक

> राष्ट्रपति भवन के भव्य दरबार हॉल में जब देश की प्रख्यात पार्श्वगायिका अलका याज्ञनिक पद्म सम्मान ग्रहण करने के लिए व्हीलचेयर पर मंच तक पहुंचीं, तो पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा

23 जून का वह दृश्य केवल एक सम्मान समारोह नहीं था, बल्कि जीवन के एक बड़े सत्य का साक्षात्कार था। राष्ट्रपति भवन के भव्य दरबार हॉल में जब देश की प्रख्यात पार्श्वगायिका अलका याज्ञनिक पद्म सम्मान ग्रहण करने के लिए व्हीलचेयर पर मंच तक पहुंचीं, तो पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। हर व्यक्ति उनके सम्मान में खड़ा था, लेकिन उस क्षण की सबसे मार्मिक विडंबना यह थी कि जिनके लिए तालियां बज रही थीं, वे स्वयं उन्हें सुन पाने में असमर्थ थीं। दशकों तक अपनी आवाज से करोड़ों लोगों के जीवन में प्रेम, विरह, उल्लास और संवेदनाओं का संगीत भरने वाली गायिका आज सुनने की क्षमता से जुड़ी गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं। यह दृश्य किसी एक कलाकार की निजी पीड़ा भर नहीं था, बल्कि इस सत्य का जीवंत प्रतीक था कि जीवन की सबसे बड़ी सफलताएं भी मनुष्य को रोग और कष्ट से मुक्त नहीं कर सकतीं। यही कारण है कि अलका याज्ञनिक की यह तस्वीर केवल मनोरंजन जगत की खबर नहीं, बल्कि हर उस व्यक्ति के लिए एक आईना है जो यह मान बैठता है कि धन, प्रसिद्धि और सम्मान ही जीवन की अंतिम उपलब्धियां हैं। जिस आवाज़ ने लाखों लोगों के अकेलेपन को सहारा दिया, प्रेम को शब्द दिए और भावनाओं को सुरों में पिरोया, उसी आवाज़ की स्वामिनी आज अपने आसपास की ध्वनियों से संघर्ष कर रही हैं। यह विडंबना हमें याद दिलाती है कि मनुष्य चाहे जितनी ऊंचाइयां छू ले, प्रकृति के नियम सब पर समान रूप से लागू होते हैं। बीमारी यह नहीं पूछती कि सामने कोई पद्म सम्मान प्राप्त कलाकार है या एक सामान्य नागरिक; वह केवल मनुष्य के शरीर को देखती है।

यही सत्य अभिनेता सलमान खान के जीवन में भी दिखाई देता है। करोड़ों प्रशंसकों, अपार लोकप्रियता और आर्थिक समृद्धि के बावजूद वे वर्षों से ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया जैसी अत्यंत पीड़ादायक न्यूरोलॉजिकल बीमारी का सामना कर रहे हैं, जिसे चिकित्सा विज्ञान सबसे असहनीय दर्द देने वाली बीमारियों में गिनता है। दूसरी ओर, दुनिया के महान टेनिस खिलाड़ियों में शामिल आर्थर ऐश का जीवन भी इसी सत्य की पुष्टि करता है। विंबलडन, यूएस ओपन और ऑस्ट्रेलियन ओपन जैसे प्रतिष्ठित ग्रैंड स्लैम जीतने वाले ऐश 1983 में हृदय शल्यक्रिया के दौरान चढ़ाए गए संक्रमित रक्त के कारण एचआईवी संक्रमण का शिकार हो गए। उन्होंने अपनी बीमारी को अपनी पहचान नहीं बनने दिया, बल्कि एचआईवी और एड्स के प्रति जनजागरूकता का अभियान चलाया। उनके जीवन-दर्शन का सार आज भी प्रेरणा




देता है-यदि सफलता मिलने पर हमने कभी यह नहीं पूछा कि यह सम्मान मुझे ही क्यों मिला, तो दुख आने पर यह प्रश्न भी नहीं होना चाहिए कि यह कष्ट मुझे ही क्यों मिला। यही दृष्टि मनुष्य को परिस्थितियों से बड़ा बनाती है। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का वर्षों तक चोटों से जूझते हुए खेलना, मोहम्मद अली का पार्किंसन रोग के साथ संघर्ष और स्टीफन हॉकिंग का लगभग निष्क्रिय शरीर के बावजूद विज्ञान को नई दिशा देना भी इसी मानवीय जिजीविषा के उदाहरण हैं। इन सभी ने सिद्ध किया कि प्रसिद्धि मनुष्य को पहचान दे सकती है, लेकिन पीड़ा से सुरक्षा नहीं। उनकी उपलब्धियां इतिहास में दर्ज हैं, पर उनके संघर्ष भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वे बताते हैं कि साहस का अर्थ दर्द का अभाव नहीं, बल्कि दर्द के बावजूद जीवन को अर्थपूर्ण ढंग से जीते रहना है।

यदि हम इन उदाहरणों से बाहर निकलकर समाज की ओर देखें तो पाएंगे कि यही कहानी हर गली, हर गाँव और हर घर में मौजूद है। किसी किसान की फसल बर्बाद हो जाती है, किसी मजदूर की कमाई बीमारी में समाप्त हो जाती है, कोई शिक्षक अपने परिवार की चिंता में रातें काटता है, कोई गृहिणी रिश्तों के टूटने का दर्द सहती है, कोई युवा बेरोजगारी से जूझ रहा है तो कोई बुज़ुर्ग अकेलेपन से। फर्क केवल इतना है कि प्रसिद्ध लोगों का दुख कैमरों के सामने दिखाई देता है, जबकि गुमनाम लोगों की पीड़ा घर की चारदीवारी में ही सिमट जाती है। प्रकृति दोनों के बीच कोई भेद नहीं करती। बीमारी शरीर को पहचानती है, पहचान को नहीं; मृत्यु चेहरे को देखती है, प्रसिद्धि को नहीं। शायद यही प्रश्न ढाई हजार वर्ष पहले राजकुमार सिद्धार्थ के मन में भी उठा था। उन्होंने देखा कि रोग, वृद्धावस्था और मृत्यु से कोई नहीं बच सकता। उसी अनुभव ने उन्हें गौतम बुद्ध बना दिया। बुद्ध ने कहा कि जीवन का पहला सत्य दुःख है, लेकिन उसका आशय निराशा नहीं था। उनका कहना था कि संसार में जो कुछ भी परिवर्तनशील है, उससे अत्यधिक मोह ही दुख का कारण बनता है। शरीर बदलेगा, स्वास्थ्य बदलेगा, संबंध बदलेंगे, यश और वैभव भी बदलेंगे। जो इस परिवर्तन को स्वीकार नहीं कर पाता, वही सबसे अधिक पीड़ा अनुभव करता है। आज का उपभोक्तावादी समाज हमें यह विश्वास दिलाता है कि अधिक धन, अधिक प्रसिद्धि और अधिक सुविधाएं हमें स्थायी सुख दे देंगी, लेकिन जीवन का अनुभव बार-बार इस भ्रम को तोड़ देता है। मनुष्य का वास्तविक बल उसकी संपत्ति में नहीं, बल्कि विपरीत परिस्थितियों में स्वयं को संभालने की क्षमता में छिपा होता है।

इसी स्वीकार की साधना का एक व्यावहारिक रूप विपश्यना है, जो यह सिखाती है कि सुख और दुख दोनों स्थायी नहीं हैं। यह किसी बीमारी का उपचार नहीं, बल्कि मन को कठिन परिस्थितियों में संतुलित रखने का अभ्यास है। अलका याज्ञनिक की श्रवण समस्या हो, सलमान खान की न्यूरोलॉजिकल बीमारी हो या किसी सामान्य व्यक्ति का गंभीर रोग-इनका उपचार आधुनिक चिकित्सा ही कर सकती है, लेकिन उपचार के साथ मन का धैर्य भी उतना ही आवश्यक है। आज हम अपने बच्चों को सफल बनना तो सिखा रहे हैं, किंतु असफलता का सामना करना नहीं; प्रतियोगिता जीतना सिखा रहे हैं, पर हार स्वीकार करना नहीं; धन कमाना सिखा रहे हैं, लेकिन मन को स्थिर रखना नहीं। शायद इसलिए छोटी-सी असफलता भी कई बार जीवन से बड़ी लगने लगती है। अलका याज्ञनिक की खामोश दुनिया, सलमान खान का साहस, आर्थर ऐश की स्वीकार्यता और अनगिनत गुमनाम लोगों का दैनिक संघर्ष हमें एक ही बात सिखाता है कि जीवन की सबसे बड़ी पूंजी प्रसिद्धि नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन है। यदि मन स्थिर है तो विपत्ति भी मनुष्य को पराजित नहीं कर सकती और यदि मन ही विचलित हो जाए तो सबसे बड़ी सफलता भी भीतर का खालीपन नहीं भर सकती। अंततः इतिहास पुरस्कारों की सूची नहीं, बल्कि यह याद रखता है कि कठिन समय में मनुष्य कितना धैर्यवान, कितना करुणामय और कितना मानवीय बना रहा। यही जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है और शायद यही वह सत्य है, जिसे समझ लेने के बाद सफलता का अर्थ भी बदल जाता है और दुख का स्वरूप भी।

# बिना चुनाव लड़े 22 सांसदों वाली पार्टी : नया प्रयोग

**देश की बात**



**केदारनाथ दास**

भारतीय राजनीति में दल-बदल, विभाजन और विलय की घटनाएं न तो नई हैं और न असाधारण हैं। इन सबके बावजूद तृणमूल में बगावत को लेकर अभी जैसा घटनाक्रम सामने आ रहा है उसे अपने आप में अद्वितीय माना जा सकता है। यह शायद भारतीय लोकतंत्र का पहला अवसर है जब एक ऐसा दल, जिसने कभी लोकसभा चुनाव लड़ा ही नहीं है आज लोकसभा में 20-22 सांसदों की ताकत का दावा कर रहा है। अब यदि तृणमूल के बागी सांसदों को आधिकारिक मान्यता मिल जाती है तो भारतीय संसदीय इतिहास में शायद पहली घटना होगी जब लोकसभा का चुनाव लड़े बिना ही एक गुमनाम सा राजनैतिक दल लगभग उन्नीस से बीस सांसदों का संसदीय बल बनकर सामने होगा! उल्लेखनीय है कि नेशनलिस्ट सिटीजन पार्टी ऑफ इंडिया अर्थात् एनसीपीआई का गठन 2023 में एक पंजीकृत लेकिन गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के रूप में हुआ है। उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार इसका संगठनात्मक आधार पश्चिम बंगाल के हावड़ा क्षेत्र से जुड़ा हुआ है और इसने त्रिपुरा विधानसभा में एक बार चुनावी प्रयोग भी किया है लेकिन इसने कभी लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ा। इस पार्टी के अध्यक्ष के रूप में किसी शेवली कुंडू

## मुख्य आंकड़े (संक्षेप में)

- एनसीपीआई का गठन - वर्ष 2023
- तृणमूल कांग्रेस के लोकसभा में सांसद- 28
- बागी सांसदों की संख्या - 20 से 22 (रिपोर्टों के अनुसार)
- दो तिहाई की आवश्यक संख्या - 19
- संभावित शेष तृणमूल सांसद - 8
- एनडीए की संभावित संख्या - लगभग 313
- एनसीपीआई की संभावित संसदीय शक्ति - 20से22 सांसद
- लोकसभा में भाजपा सांसदों की संख्या - 240
- लोकसभा में जदयू सांसदों की संख्या - 12
- लोकसभा में टीडीपी सांसदों की संख्या - 16

का नाम जरूर सामने आया है किंतु राष्ट्रीय राजनीति में यह नाम और यह दल अब तक लगभग अज्ञात ही रहा है। इसके बावजूद, ममता बनर्जी के विधानसभा चुनाव में लुढ़कते ही राजनीतिक समीकरण अचानक से बदलते चले गए और अब तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र देकर एनसीपीआई में विलय तथा एनडीए को समर्थन देने की घोषणा कर दी है। मीडिया में किए जा रहे दावों के अनुसार इन बागी सांसदों की संख्या 20 से 22 बताई जा रही है। तृणमूल कांग्रेस के कुल 28 लोकसभा सांसदों में से यदि 20 टूट कर एनसीपीआई में चले जाते हैं तो गुमनाम सा यह दल संसद की पांचवीं सबसे बड़ी पार्टी बन जाएगी। इसी तरह यह दल भाजपा के बाद एनडीए का दूसरा सबसे बड़े घटक बन जाएगा क्योंकि अब इसके खाते में कम से कम 19 सांसद होंगे। अभी एनडीए के घटक दलों में से टीडीपी के पास 16 और जदयू के खाते में 12 सांसद हैं। संदर्भवश जो सवाल उठ रहे हैं उसके अनुसार क्या यह लोकतंत्र की मूल भावना और मतदाताओं के निर्णय के अनुरूप है? बताते चलें कि वर्ष 1969 में कांग्रेस के विभाजन, 1999 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के गठन, 2022 में शिवसेना के विभाजन और 2023 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में टूट जैसे अनेकों उदाहरण सामने हैं जब भारतीय राजनीति में संगठनात्मक पहचान और निर्वाचित प्रतिनिधियों की निष्ठा कभी भी एक जैसी नहीं रही है। सतही तौर पर नेशनलिस्ट सिटीजन पार्टी ऑफ इंडिया अर्थात् एनसीपीआई का यह प्रकरण दलबदलुओं की परंपरा का एक नया संस्करण सा जान पड़ता है परन्तु यह सच नहीं है। ऐसा इसलिए कि अनजान सा एक दल यदि बगैर कोई चुनाव लड़े लोकसभा में पांचवां बड़ा दल बैठता है तो क्या इसके तिलिस्म को सिर्फ दलबदल के रहस्यमयी आईने में देखा जा सकता है? इस रहस्य का परिणाम तो भविष्य तय करेगा परन्तु अभी से जो कुछ नजर आ रहा है उसके अनुसार हमारे लोकतंत्र की सांसें तो फुल ही रही हैं, देश में संवैधानिक और राजनीतिक विमर्श पर एक लंबी सी बहस भी छिड़ गई है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**आपकी बात**

# डिजिटल संवाद का जिम्मेदार उपयोग



**संजय सर्राफ**

विश्व सोशल मीडिया दिवस प्रत्येक वर्ष 30 जून को मनाया जाता है। इस दिवस की शुरुआत वर्ष 2010 में हुई थी। इसका उद्देश्य सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों, समाज, व्यवसाय, शिक्षा और शासन के बीच बढ़ते संवाद तथा इसके सकारात्मक प्रभाव को रेखांकित करना है। आज सोशल मीडिया केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सूचना, शिक्षा, जन-जागरूकता, सामाजिक परिवर्तन और वैश्विक संपर्क का एक सशक्त मंच बन चुका है।वर्तमान डिजिटल युग में सोशल मीडिया ने दुनिया को एक वैश्विक परिवार के रूप में जोड़ने का कार्य किया है। फेसबुक, एक्स,ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, व्हाट्सएप, लिंक्डइन और अन्य डिजिटल मंचों के माध्यम से लोग कुछ ही क्षणों में दुनिया के किसी भी कोने से जुड़ सकते हैं। शिक्षा, व्यापार, रोजगार, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन, सामाजिक अभियानों और सरकारी योजनाओं की जानकारी के प्रसार में सोशल मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है।इस दिवस का प्रमुख उद्देश्य सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग को बढ़ावा देना, डिजिटल साक्षरता विकसित करना तथा लोगों को सुरक्षित, जिम्मेदार और नैतिक ऑनलाइन व्यवहार के प्रति जागरूक करना है। यह दिवस यह संदेश भी देता है कि सोशल मीडिया का उपयोग समाज में सद्भाव, ज्ञान-वृद्धि, नवाचार और रचनात्मक संवाद के लिए किया जाए, न कि अफवाह, घृणा, भ्रामक सूचना या साइबर अपराध को बढ़ावा देने के लिए। विश्व सोशल मीडिया दिवस की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह लोगों को डिजिटल प्लेटफॉर्म के लाभ और चुनौतियों दोनों के प्रति सचेत करता है। आज फर्जी समाचार, साइबर ठगी, ऑनलाइन उत्पीड़न, डेटा सुरक्षा और निजता जैसे विषय गंभीर चिंता का कारण बन रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह किसी भी सूचना को साझा करने से पहले उसकी सत्यता की जांच करे, दूसरों की निजता का सम्मान करे तथा सोशल मीडिया का उपयोग संयम, विवेक और जिम्मेदारी के साथ करे।

## राष्ट्रीय नवीन मेल धर्म-अध्यात्म

# स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार



**श्री श्री परमहंस योगानंद**


दुःख स्वतन्त्र इच्छा के दुरुपयोग से उत्पन्न होता है। ईश्वर ने हमें उन्हें स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार दिया है। वे नहीं चाहते कि हमारा कष्टों से सामना हो, परन्तु जब हम ऐसे कर्म चुनते हैं जो हमें कष्ट पहुंचाएं तो वे हस्तक्षेप नहीं करेंगे। बुरा स्वास्थ्य या अचानक आर्थिक असफलता या अन्य कष्ट जो आप पर बिना किसी चेतावनी के, और बिना उनके कारण की जानकारी के आते हैं, उनके सभी कारण आपने अतीत में, इस जन्म में या पिछले जन्मों में बनाए थे, तथा वे चुपचाप आपकी चेतना में अंकुरित होते रहे हैं।... यदि आप किसी रोग, आर्थिक समस्या, भावनात्मक विक्षेप से पीड़ित हैं, तो ईश्वर या अन्य किसी व्यक्ति को दोष न दें। आपने स्वयं ही भूतकाल में इस समस्या के कारणों को रचा था तथा अब आपको इसे उखाड़ फेंकने का दृढ़ निश्चय करना ही होगा। प्रारब्धवादी दृष्टिकोण को अपना कर, बहुत से लोग कर्म की गलत व्याख्या करते हैं। आपको कर्म को स्वीकार करने की आवश्यकता नहीं है। यदि मैं आपसे कहूं कि कोई व्यक्ति आपके पीछे आपको चोट पहुंचाने के लिए तैयार खड़ा है क्योंकि पहले कभी आपने उसे चोट पहुंचाई थी, और आप नम्रता से यह कहें, "ठीक है, यह मेरा कर्म है", और चोट खाने के लिए उसकी प्रतीक्षा करते हैं, तो निःसन्देह, आप पर प्रहार तो होगा ही! आप उसे शान्त करने का प्रयास क्यों नहीं करते? उसे शान्त करने से आप उसकी कड़वाहट को कम कर सकते हैं तथा चोट पहुंचाने की उसकी इच्छा को मिटा सकते हैं। जब आप मन को अपने कर्मों के प्रभावों के आगे झुकने नहीं देते, तो आपके कर्मों के प्रभावों में आपको क्षति पहुंचाने की शक्ति अत्यन्त कम हो जाती है। इसे याद रखें।

**-पुस्तक जहां है प्रकाश से साभार**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




# हूल आंदोलन : आदिवासी स्वाभिमान व स्वतंत्रता चेतना का अमर अध्याय

**अलग बात**



**कुमार कृष्णन**

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम से शुरू नहीं होता, उससे पहले भी देश के विभिन्न हिस्सों में अंग्रेजी शासन और शोषणकारी व्यवस्था के विरुद्ध अनेक जनविद्रोह हुए, जिन्होंने स्वतंत्रता की चेतना को जन्म दिया। इन्हीं महान जनआंदोलनों में 30 जून 1855 को प्रारंभ हुआ संथाल हूल आंदोलन भारतीय इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय है। 'हूल' का अर्थ है- क्रांति, विद्रोह या अन्याय के विरुद्ध व्यापक जनउभार। यह केवल अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध संघर्ष नहीं था, बल्कि जल, जंगल, जमीन, संस्कृति और आदिवासी अस्मिता की रक्षा के लिए लड़ी गई ऐतिहासिक लड़ाई थी। उन्नीसवीं शताब्दी के मध्य में वर्तमान झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल के विस्तृत क्षेत्रों में रहने वाले संथाल समुदाय का जीवन प्रकृति पर आधारित था। जंगल, खेती और सामुदायिक जीवन उनकी पहचान थे। लेकिन अंग्रेजों की नई भू-राजस्व नीति, जमींदारी व्यवस्था, महाजनों के सूदखोरी के जाल और पुलिस-प्रशासन की मनमानी ने उनके जीवन को संकट में डाल दिया। अंग्रेजों ने अधिक से अधिक राजस्व वसूली के लिए ऐसी व्यवस्था बनाई, जिसमें आदिवासी किसानों की जमीन धीरे-धीरे उनसे छिनने लगी। महाजन अत्यधिक ब्याज पर ऋण देकर उनकी भूमि और श्रम दोनों पर कब्जा करने लगे। प्रशासन और न्याय व्यवस्था भी शोषकों के पक्ष में खड़ी दिखाई देती थी। परिणामस्वरूप संथाल समाज के






सामने अस्तित्व का संकट उत्पन्न हो गया। ऐसी परिस्थितियों में चार वीर भाइयों-सिदो मुर्मू, कान्हू मुर्मू, चांद मुर्मू और भैरव मुर्मू-ने संथाल समाज को संगठित किया। उनके साथ बहनों फूलो और झानो ने भी असाधारण साहस का परिचय दिया। इन नेताओं ने लोगों को अन्याय के विरुद्ध एकजुट होने का आह्वान किया और घोषणा की कि अब अंग्रेजी शासन, जमींदारों और महाजनों के अत्याचार को स्वीकार नहीं किया जाएगा। आंदोलनकारियों ने कई सरकारी चौकियों, राजस्व कार्यालयों तथा अत्याचारी महाजनों और जमींदारों के ठिकानों पर कब्जा किया। अंग्रेजी शासन इस व्यापक जनविद्रोह से हिल गया। उसने आंदोलन को कुचलने के लिए बड़ी सैन्य टुकड़ियां भेजीं। आधुनिक हथियारों से लैस अंग्रेजी सेना ने निर्दोष ग्रामीणों तक को नहीं छोड़ा। गांवों को जलाया गया, हजारों लोगों की हत्या कर दी गई और नेताओं को पकड़ने के लिए व्यापक अभियान चलाया गया। अंततः अंग्रेजी शासन ने अत्यधिक सैन्य बल का प्रयोग कर इस विद्रोह को दबा दिया। सिदो और कान्हू सहित अनेक नेताओं को गिरफ्तार कर फांसी दे दी गई, जबकि हजारों संथाल वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी। यद्यपि यह आंदोलन तत्कालीन सैन्य शक्ति के सामने सफल नहीं हो सका, लेकिन उसने अंग्रेजी शासन की नींव हिला दी। इस विद्रोह के बाद अंग्रेज सरकार को आदिवासी क्षेत्रों के प्रशासन पर पुनर्विचार करना पड़ा और संथालों के लिए अलग प्रशासनिक क्षेत्र संथाल परगना का गठन किया गया। यह इस आंदोलन की महत्वपूर्ण उपलब्धि थी। इस आंदोलन की एक विशेषता महिलाओं की सक्रिय भागीदारी भी थी। फूलो और झानो जैसी वीरांगनाओं ने संघर्ष में अग्रिम भूमिका निभाई। इससे स्पष्ट होता है कि संथाल समाज में महिलाओं की भागीदारी और सम्मान की परंपरा मजबूत थी। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में महिलाओं के योगदान की चर्चा करते समय इन वीरांगनाओं का नाम विशेष सम्मान के साथ लिया जाना चाहिए। आज जब देश में आदिवासी समाज के अधिकार, विस्थापन, खनन, वन संरक्षण और पर्यावरण जैसे मुद्दे चर्चा के केंद्र में हैं, तब संथाल हूल आंदोलन और अधिक प्रासंगिक दिखाई देता है। यह आंदोलन हमें बताता है कि विकास तभी सार्थक है, जब उसमें स्थानीय समुदायों की भागीदारी, सहमति और सम्मान सुनिश्चित हो। केवल आर्थिक लाभ के लिए प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन सामाजिक असंतोष और संघर्ष को जन्म देता है। संथाल हूल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उस धारा का प्रतिनिधित्व करता है, जिसे लंबे समय तक मुख्यधारा के इतिहास में अपेक्षित स्थान नहीं मिला। आज आवश्यकता है कि नई पीढ़ी को इस महान जनक्रांति से परिचित कराया जाए। विद्यालयों और विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में इसके महत्व को विस्तार से शामिल किया जाना चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आज का दोहा

धीरे धीरे हो रहे, चंपत सब किरदार।
किस किसने दी जिंदगी, पूछो इन्हें उधार।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे, स्थानीय संपादक : डॉ राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# दृष्टिपात

## देवस्नान पूर्णिमा पर बरसलोया में भगवान जगन्नाथ का दिव्य महाभिषेक



**कोलेबिरा।** प्रखंड के बरसलोया गांव में सोमवार को देवस्नान पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा एवं श्री गौर-निताई का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवित्र जल, गंगाजल, पंचामृत और विभिन्न पूजन सामग्रियों से दिव्य महाअभिषेक किया गया। अनुष्ठान पंडित केशव चंद्र पाणिग्राही एवं लखन द्विवेदी ने संपन्न कराया ।महाअभिषेक के बाद भगवान को पुष्पमालाएं, सुगंधित पुष्प एवं भोग अर्पित किए गए। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख, शांति, समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना की। धार्मिक परंपरा के अनुसार महाअभिषेक के पश्चात भगवान अनवसर काल में विराजमान हुए। साथ ही 16 जुलाई को होने वाली भव्य रथयात्रा महोत्सव की तैयारियों का भी शुभारंभ किया गया।

## मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग बानो में 'निधि आपके निकट' कार्यशाला आयोजित



**बानो।** मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में कर्मचारी राज्य बीमा निगम एवं कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के संयुक्त तत्वावधान में 'निधि आपके निकट' कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में ईएसआईसी के समीर कुमार तथा ईपीएफओ के शशिभूषण और उमेश ने कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी ।अधिकारियों ने ईएसआईसी एवं ईपीएफओ के तहत स्वास्थ्य सुविधाएं, बीमा, पेंशन, भविष्य निधि तथा अन्य कल्याणकारी प्रावधानों की जानकारी देते हुए कर्मचारियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्या एरेन बेक सहित सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम के अंत में कॉलेज के निदेशक डॉ. प्रहलाद मिश्रा ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी जागरूकता कार्यशालाएं कर्मचारियों को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं की सही जानकारी उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## जामडीह के पास सड़क हादसे में वृद्ध की मौत, अज्ञात वाहन चालक फरार

**सिमडेगा।** बांसजोर ओपी क्षेत्र के जामडीह के समीप सोमवार सुबह सड़क हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान अंबाटोली निवासी गोविंद बड़ाइक के रूप में हुई है ।जानकारी के अनुसार, गोविंद बड़ाइक किसी काम से जामडीह की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। हादसा इतना गंभीर था कि वृद्ध की घटनास्थल पर ही मौत हो गई ।घटना की सूचना मिलते ही बांसजोर ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान और चालक का पता लगाने में जुटी है। वहीं, घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## भांवर पहाड़ की वादियों में शुरू हुई फिल्म "करमा धरमा" के अंतिम चरण की शूटिंग



**सिमडेगा।** झारखंड के लोकपर्व करमा की लोककथा पर आधारित फीचर फिल्म "करमा धरमा" के अंतिम चरण की शूटिंग सोमवार से भावर पहाड़ की मनोरम वादियों में शुरू हो गई। फिल्म की करीब 70 प्रतिशत शूटिंग पहले ही पूरी हो चुकी है, जबकि शेष 30 प्रतिशत हिस्से का फिल्मांकन प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर भावर पहाड़ क्षेत्र में किया जा रहा है ।शूटिंग शुरू होने से पहले विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद भावर पहाड़ निवासी बंसीधर सिंह ने नारियल फोड़कर अंतिम चरण की शूटिंग का शुभारंभ किया। इस दौरान स्थानीय लोगों में भी खासा उत्साह देखने को मिला ।फिल्म में जाफर खान, लालधन नायक, सत्या महतो, संगम नायक, उर्मिला मुंडा, सूरज कुमार, रामचंद्र कुमार सहित कई स्थानीय कलाकार और रोशन सर के कोचिंग संस्थान के बच्चे अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी अरुण कुमार कर रहे हैं।

## पांच माह से वेतन नहीं मिलने पर एनएचएम कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन



**सिमडेगा।** पिछले पांच महीनों से वेतन भुगतान नहीं होने से परेशान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सीएचओ लोगो ने सोमवार को सिविल सर्जन एवं उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर जल्द वेतन जारी करने की मांग की ।सभी सीएचओ का कहना है कि लगातार पांच महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। कई कर्मचारियों के परिवारों पर भुखमरी जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है, जबकि बच्चों की पढ़ाई और दैनिक घरेलू खर्च भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि नियमित वेतन नहीं मिलने से बैंक की किस्तें, किराया और अन्य आवश्यक खर्चों का वहन करना कठिन हो गया है ।ज्ञापन के माध्यम से एनएचएम कर्मियों ने प्रशासन से अविलंब बकाया वेतन का भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की है। उनका कहना है कि वे स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन पूरी जिम्मेदारी के साथ कर रहे हैं, लेकिन समय पर वेतन नहीं मिलने से मानसिक और आर्थिक परेशानी लगातार बढ़ रही है ।कर्मियों ने उम्मीद जताई कि जिला प्रशासन उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान करेगा, ताकि वे बिना किसी आर्थिक चिंता के स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन कर सकें।

# गंगा-जमुनी तहजीब को मिलकर कायम रखना हम सबकी जिम्मेदारी : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** केरसई प्रखंड के दामादटोली स्थित मस्जिद परिसर में मुहर्रम के अवसर पर आयोजित पैगाम-ए-कर्बला कॉन्फ्रेंस में विधायक सह कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूषण बाड़ा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सम्मेलन में कर्बला की कुर्बानी, मानवता, शांति और भाईचारे का संदेश दिया गया। मुख्य वक्ता सिद्दीक हसन उर्फ झारखंडी बाबा ने कहा कि कर्बला का संदेश पूरी इंसानियत के लिए है और इमाम हुसैन का जीवन सत्य, न्याय, त्याग और मानव सेवा की मिसाल है ।विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि मुहर्रम केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि अन्याय के खिलाफ संघर्ष, सत्य और इंसानियत की रक्षा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सिमडेगा हमेशा से गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी सद्भाव की मिसाल रहा है, जिसे बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है ।कार्यक्रम में मौलाना रौसनुल कादरी, गुलाम नुर जिलानी असदकी चिस्ती, मो. अयुब रजा असदकी, फिरोज अंजुम मधुपुरी और हाफिज अयुब अंसारी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों, अंजुमन कमेटी के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

- सम्मेलन में कर्बला की कुर्बानी, मानवता, शांति और भाईचारे का संदेश दिया गया
- अन्याय के खिलाफ संघर्ष, सत्य और इंसानियत की रक्षा का प्रतीक है: भूषण बाड़ा
- दामादटोली स्थित मस्जिद परिसर में मुहर्रम के अवसर पर हुआ आयोजन



## अवैध बालू परिवहन पर जलडेगा पुलिस का एक्शन, बालू समेत ट्रैक्टर जब्त



**सिमडेगा।** जलडेगा पुलिस ने अवैध बालू खनन एवं परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 100 घन फीट बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के हुटूटुआ-लेटमदा में गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस ने ट्रैक्टर संख्या जेएच08एफ8559 की जांच के दौरान उसमें अवैध रूप से बालू लदा पाया, जिसके बाद वाहन को जब्त कर थाना लाया गया ।थाना प्रभारी सकलदेव महतो ने बताया कि मामले में जलडेगा थाना कांड संख्या 42/26 दर्ज किया गया है। 2023 की धारा 3(5) एवं 3(17), झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 की धारा 4/54 तथा झारखंड खनिज अधिनियम, 2017 की धारा 7/9/13 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।


**"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता"**
**समाहरणालय, लातेहार (निर्वाचन शाखा)**

**आम–सूचना**

एतद् द्वारा लातेहार जिला के सभी मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (SIR) 2026 संचालित है। SIR के प्रथम चरण में आयोग के निदेशानुसार दिनांक 30 जून 2026 से 29 जुलाई 2026 तक गणना प्रपत्र का वितरण किया जाना है।

उक्त निर्धारित अवधि में बी.एल.ओ. .घर–घर जाकर. गणना प्रपत्र (Enumeration Form) का वितरण करेंगे एवं भरे हुए व्यक्तिगत गणना प्रपत्र एकत्र करेंगे। Enumeration Phase के दौरान मतदाताओं के स्तर से निम्नांकित कार्रवाई अपेक्षित है :–

❖ गणना प्रपत्र प्राप्त होते ही –

1) गणना प्रपत्र के सभी आवश्यक विवरण को भरें।
2) नवीनतम फोटो संलग्न करें।
3) गणना प्रपत्र में अपना हस्ताक्षर अवश्य करें।
4) भरे हुए गणना प्रपत्र की एक प्रति बिना विलम्ब किए अपने बी.एल.ओ. को लौटाएं एवं दूसरी प्रति में पावती (Receiving) लेना न भूलें।

उपरोक्त के अतिरिक्त गणना प्रपत्र के साथ अन्य कोई भी दस्तावेज संलग्न करने की आवश्यकता नहीं है। ध्यान रहे कि भरा हुआ गणना प्रपत्र बी.एल.ओ. के पास ससमय जमा होना आवश्यक है, तत्पश्चात् ही आपका नाम SIR 2026 की प्रारूप मतदाता सूची में समाहित हो सकेगा।

▪ गैर भारतीय नागरिक अथवा भारतीय नागरिकता त्याग चुके व्यक्ति गणना प्रपत्र बिना भरे या हस्ताक्षर किए बिना ही तुरन्त बी.एल.ओ. को वापस लौटा दें। गलत जानकारी देकर गणना/घोषणा पत्र जमा करना लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 31 के तहत दण्डनीय अपराध है।

अतः जिलान्तर्गत सभी मतदाताओं से अपील है कि गणना प्रपत्र ससमय भरकर अपने बी.एल.ओ. को अवश्य वापस किया जाय।

शुद्ध मतदाता सूची के निर्माण में सभी भारतीय नागरिक का योगदान वांछित है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, लातेहार

PR.NO.383588 Election(26-27):D



**Office of The Civil Surgeon –Cum-Chief Medical Officer, Garhwa**
Email ID- cs.garhwa@gmail.com,

**E-Tender Notice**
**(E-Procurement Notice)**

Tender No. :- CS/GRH/01/26-27 Date: 27/06/2026

Civil Surgeon, Garhwa, Jharkhand Invites e-Tender from eligible bidders for entering into rate contract for supply of Medicine, Materials, Machinery and Consumables. Blank tender documents with detailed conditions can be obtained through website http://jharkhandtenders.gov.in and bid should be submitted through e-procurement systems only. Hard copies of technical bid and financial bid should be submitted to the department on and before declared due date. Ernest money deposit (EMD) through online mode.

| Sl.No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Rate Contract for Supply of Medicine Materials, Machinery and Consumables. |
| 2 | Date of Publication of the Tender on Website | 03/07/2026 |
| 3 | Pre-Bid Conference Last date of receipt of pre bid queries (if any) from intended bidders. | 08.07.2026 latest by 3.00 P.M. The bidders may visit the department concerned and submit their queries / Suggestions to the Civil Surgeon Cum CMO, Garhwa for which the intended bidders want any amendment or alteration in the tender terms of specifications. |
| 4 | Date & Time Online submission of BID | 11.07.2026 to 25.07.2026 |
| 5 | Bid submission closing date | 25.07.2026 by 5.00PM |
| 6 | Bid Opening date | 27/07/2026 by 03.00PM |
| 7 | Opening date online Financial proposal | After completion of Technical BID |
| 8 | Bid Security/Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 2,00,000/- (Rs. Two Lakh only) should be deposited through online mode www.jharkhandtenders.gov.in before uploading the bid in the e-Procurement portal of the tender inviting authority. Exemptions for Micro & Small Enterprises (MSEs) Registered Agency |
| 10 | Contact No. of Procurement Cell | 8294999290 |

Note : The specified dates and time may change due declaration of holidays or any other unforeseen circumstance. The same shall be informed through web-portal as and when required.

PR 383517 Health Med Edu and Family Welfare(26-27)#D

Civil Surgeon-Cum-
Chief Medical Officer, Garhwa.



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Rural Works Department**
**Works Division Daltonganj**

**Short Notice Inviting e-quotation**
**Notice No-02/2026-27 (4th Call)**

Government of Jharkhand through its Cabinet Secretariat and Vigilance Department is engaged in revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for Hire Charges of Plant & Machineries annexed as Annexure-1 for Construction Works from Reputed Manu facturers/ Owners/Lessee for respective items. The Hire Charges conforming to specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Government of Jharkhand to be used in different Civil construction/ infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website Http://Jharkhandtenders.gov.in. Details of Plant and Machineries are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate for hire charges of Plant and Machineries online from 30.06.26 at 10:30 hrs. to 09.07.26 at 16:00 hrs. The quotation will be opened on 11.07.26 at 11.30 Hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Hire Charges of Plant and Machineries at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

**Terms and Condition**

1. The quotationer Shall submit Hire Charges of Plant & Machineries inclusive of POL, Maintenance, wages of driver/operator, statutory charges/fee and other taxes but exclusive of GST.
2. Plant and Machineries should have capability/capacity to perform as desired in specifications of Central Public Work Department (CPWD)/concerned Department of government of India.
3. Quotationer may quote rate for all the Plant and Machineries/ Part of the Plant and Machineries for which they are concerned.
4. Plant and Machineries should not be older than 5(Five) years as on quotation due date.
5. The quotationer shall quote latest and authentic rate which shall reflect market rate.
6. The quotationer should have necessary Portal enrolment with their own digital signature Certificate. Quotationers without necessary portal enrolment with their digital signature may quote their rate by uploading in the website, however they have to submit hard copy of the same duly signed along with necessary documents in the concerned division.
7. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
8. The quotationer shall furnish GST registration no.
9. The undersigned reserves the right to accept or reject/ cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.
10. For any query or clarification you may Contact Executive Engineer R.W.D. Works Div. Daltonganj

**Address for Communication :-** Executive Engineer
Rural Works Department Works Div. Daltonganj Address –Court Cmound, Daltonganj Mobile No - 9170538098 e-mail ID - **ee-pal@jharkhandmail.gov.in**

PR.NO.383475 District(26-27):D

Executive Engineer
R.W.D. Works Div. Daltonganj



**कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू**

**-: पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना :-**
**FMD (मुँह पका एवं खुर पका) कार्यक्रम 6**

एतद् द्वारा पलामू जिला के सभी पशुपालक बन्धुओं को सूचित किया जाता है कि गोवंशीय एवं भैंस जाति में होने वाली **FMD** (मुँह पका एवं खुर पका) रोग के उन्मूलन हेतु राज्य सरकार द्वारा LHDCP योजनान्तर्गत **FMD Vaccination Round 6** दिनांक 01.07.2026 से 29.08.2026 तक पलामू के सभी गोवंशीय एवं भैंस जाति को चयनित टीकाकर्मियों के द्वारा घर–घर जाकर निःशुल्क टीका लगाया जायेगा।

अतः आप सभी पशुपालक बन्धुओं से अनुरोध है कि राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे इस टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु हमारे टीकाकर्मियों का सहयोग करेंगे और अपने पशुओं में टीका लगवाने के पूर्व उन्हें टैंग लगवाते हुए उनका रजिस्ट्रेशन भारत पशुधन ऐप में करवाना सुनिश्चित करेंगे। भारत पशुधन ऐप में इन्ट्री के लिए एक ओ0टी0पी0 आपके मोबाईल पर आयेगा जिसे आप हमारे टीकाकर्मियों के साथ साझा करना चाहेंगे। ये अति आवश्यक है।

आपके सहयोग के लिए सधन्यवाद।

निवेदकः–
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
पलामू

PR 383483 District (26-27)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर**

**शुद्धि-पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– DWSD/RPWS/Med-04/2026-27 (1st Call) (पाण्डू ग्रामीण जलापूर्ति योजना) जो PR No. 382286 (Drinking Water and Sanitation) 26-27*D द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित है। जिसे अपरिहार्य कारणों से निविदा की तिथि निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| क्र0 सं0 | विवरण | पूर्व में प्रकाशित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 19/06/2026 / 12.30 बजे अपराहन में। | 10.07.2026 / 12.30 बजे अपराहन में। |
| 2 | प्री बीड की तिथि एवं समय | 24/06/2026 / 12.30 बजे अपराहन में। | 13/07/2026 / 12.30 बजे अपराहन में। |
| 3 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 04/07/2026 / 05.00 बजे अपराहन तक | 23.07.2026 / 05.00 बजे अपराहन तक |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 04/07/2026 / 05.00 बजे अपराहन तक | 23.07.2026 / 05.00 बजे अपराहन तक |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 06/07/2026 / 05.00 बजे अपराहन में। | 24.07.2026 / 05.00 बजे अपराहन में। |

यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा एवं शेष पूर्ववत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
मेदिनीनगर

PR 383477 Drinking Water and Sanitation (26-27)_D



**कार्यालय: कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू**
योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर पलामू - 822101
Office Email Id. jppodtg2020@gmail.com
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग(कृषि प्रभाग) झारखण्ड सरकार
कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू

**सामयिक सूचना अंक-01/2026–27 पौधा संरक्षण, पलामू**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**कीटनाशी थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं एवं वितरकों के लिए कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं कीटनाशी नियमावली 1971 संबंधित महत्वपूर्ण सूचना।**

कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं नियमावली 1971 मनुष्यों एवं जीव जंतुओं को जोखिम के निवारण की दृष्टि से कीटनाशियों के आयात, विनिर्माण, विक्रय, परिवहन, वितरण और उपयोग के विनियमन तथा उससे सम्बन्द्ध विषयों के लिए लागू किया गया है।

महत्वपूर्ण बिंदु :-

1. अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) प्राप्त करना अनिवार्य है। बिना वैध अनुज्ञप्ति के कीटनाशकों का निर्माण, भंडारण, विक्रय या वितरण करना अपराध है। (कीटनाशी अधिनियम धारा 13 (1) एवं नियम 10)
2. प्रतिबंधित, कूटनामी तथा अपंजीकृत कीटनाशी का विक्रय, वितरण एवं भंडारण दंडनीय है। (कीटनाशी अधिनियम धारा 27)
3. प्रिंसिपल सर्टिफिकेट वह दस्तावेज है जो निर्माता कंपनी अधिकृत विक्रेता को देती है, जिससे प्रमाणित हो की वह उसके उत्पाद को बेचने का अधिकारी है। प्रिंसिपल सर्टिफिकेट कीटनाशक विक्रय करने में आवश्यक दस्तावेज है। (कीटनाशी नियमावली नियम 4A (i, ii))
4. सही लेबल, पैकिंग, एवं लीफलेट (सूचना पत्र) के साथ कीटनाशी का विक्रय अनिवार्य है। (कीटनाशी नियमावली नियम 17 एवं 18)
5. समाप्ति तिथि (अवसान/एक्सपायर) हो चुके कीटनाशक बेचना नियम विरुद्ध है। अवसान हो चुके कीटनाशक अलग से चिह्नित किये स्थान पर 'एक्सपायर' का लेबल लगा कर रखना है। (कीटनाशी नियमावली नियम 10A)
6. भंडार पंजी, कैश या क्रेडिट मेमो व अन्य अभिलेख निर्धारित प्रारूप में संधारित करना है। प्रति माह विहित प्रपत्र (Form III Appendix B) में भरकर विक्रय का विवरण अनुज्ञापन अधिकारी को भेजना सभी विक्रेताओं के लिए अनिवार्य है (कीटनाशी नियमावली नियम 15 (1) (2))।
7. किसी भी कीटनाशक का भंडारण एवं परिवहन इस प्रकार से नहीं होगा की वह मनुष्य अथवा जानवरों के खाद्य सामग्री के संपर्क में आ सके। (कीटनाशी नियमावली नियम 35 (2))
8. कीटनाशी निरीक्षक को निरीक्षण में सहयोग देना कानूनी दायित्व है। निरीक्षण के दौरान वांछित अभिलेख प्रस्तुत करना, नमूना देना अनिवार्य है। कीटनाशी निरीक्षक के कार्य में बाधा उत्पन्न करना दंडनीय अपराध है। (कीटनाशी अधिनियम धारा 21 एवं 22 तथा धारा 29 (1(f))

सभी विक्रेताओं/वितरकों से अनुरोध है की वे कीटनाशी अधिनियम एवं नियमावली का कड़ाई से अनुपालन करें। उल्लंघन की स्थिति में कीटनाशी अधिनियम के धारा 29 के तहत वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसमे अनुज्ञप्ति रद्दीकरण, जुर्माना एवं करावास अथवा दोनों हो सकते हैं।

**अधिक जानकारी के लिए कृपया कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं नियमावली 1971 का अवलोकन करें।**

कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी,
–सह–कीटनाशी निरीक्षक, पलामू

PR 383466 District (26-27)_D

# भारत-ईयू एफटीए से पहले आयरिश निवेशकों को गुजरात का न्योता

**एजेंसी । वडोदरा**



गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने सोमवार को आयरलैंड के कारोबारियों को राज्य में निवेश और व्यापार के अवसर तलाशने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता गुजरात और आयरलैंड के बीच आर्थिक सहयोग के नए रास्ते खोल सकता है। सीएम भूपेंद्र पटेल ने यह आमंत्रण वडोदरा में सेंट्रल गुजरात के वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस के दौरान आयरलैंड के कॉन्सल जनरल पैट्रिक डफी के साथ हुई बैठक में दिया। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि बातचीत का मुख्य फोकस गुजरात और आयरलैंड के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करना और पारस्परिक विकास वाले क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना रहा। उन्होंने लिखा, ''वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस के दौरान आयरलैंड के कॉन्सल जनरल पैट्रिक डफी से मिलकर खुशी हुई।

गुजरात-आयरलैंड आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने पर सार्थक चर्चा हुई। भारत-ईयू एफटीए के जरिए नए अवसर खुल रहे हैं, इसलिए मैं आयरिश कंपनियों को गुजरात में निवेश के लिए आमंत्रित करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों पक्षों ने व्यापार और निवेश के अलावा भी कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने कहा, ''हम प्रौद्योगिकी, कौशल विकास और स्पोर्ट्स डिप्लोमेसी में सहयोग बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहते हैं, जिससे गुजरात एक प्रमुख वैश्विक निवेश गंतव्य के रूप में और मजबूत होगा।

यह बैठक वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस के तहत आयोजित कई कार्यक्रमों का हिस्सा थी, जिसमें आयरलैंड, जापान, यूक्रेन और रवांडा जैसे देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। यह दो दिवसीय सम्मेलन मध्य गुजरात में औद्योगिक विकास, अंतरराष्ट्रीय साझेदारी और निवेश अवसरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। इससे पहले राज्य सरकार ने गुजरात की औद्योगिक नीति, बुनियादी ढांचे और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर जोर दिया। साथ ही स्मार्ट जीआईडीसी एस्टेट्स जैसी नई पहलें भी शुरू की गईं। सम्मेलन में एमएसएमई, स्टार्टअप, महिला उद्यमियों और आदिवासी कारीगरों के लिए एक व्यापार प्रदर्शनी भी लगाई गई है, जिससे उन्हें निवेशकों से जुड़ने का अवसर मिल रहा है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल लगातार वाइब्रेंट गुजरात प्लेटफॉर्म के माध्यम से वैश्विक साझेदारियों को बढ़ाने पर जोर देते रहे हैं।

# कैबिनेट ने एनआईआईएफ में 30,000 करोड़ के अतिरिक्त निवेश को दी मंजूरी

## इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को मिलेगी रफ्तार

**एजेंसी । नई दिल्ली**



केंद्र सरकार ने देश में बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) के विकास को गति देने और निजी व संस्थागत निवेश को बढ़ावा देने के लिए सोमवार को एक बड़ा फैसला लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एनआईआईएफ) में 30,000 करोड़ रुपए के अतिरिक्त निवेश को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के बाद एनआईआईएफ में भारत सरकार की कुल निवेश प्रतिबद्धता बढ़कर 60,000 करोड़ रुपए हो गई है। एक आधिकारिक बयान में सोमवार को कहा गया कि यह अतिरिक्त निवेश परिवहन, ऊर्जा, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, शहरी अवसंरचना, ई-मोबिलिटी और अन्य राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं में निवेश को तेज करेगा, जिससे देश में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित होगा, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी। नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एनआईआईएफ) भारत सरकार द्वारा समर्थित एक संप्रभु निवेश फंड है, जिसका संचालन और प्रबंधन नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड लिमिटेड (एनआईआईएफएल) करता है।

सरकार की इसमें 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वर्तमान में एनआईआईएफ अपने विभिन्न फंडों और निवेश रणनीतियों के जरिए करीब 40,000 करोड़ रुपए की पूंजी का प्रबंधन कर रहा है। एनआईआईएफ ने अब तक निवेशकों को बड़े निवेशों से सफल निकासी (एग्जिट) के जरिए लगभग 12,000 करोड़ रुपए का रिटर्न भी दिया है, जिससे इसकी मजबूत निवेश क्षमता और प्रदर्शन का पता चलता है। एनआईआईएफ में दुनिया के कई प्रतिष्ठित संस्थागत निवेशकों ने निवेश किया है, जिनमें अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी, ऑस्ट्रेलियनसुपर, सीपीपी इन्वेस्टमेंट्स, ओंटारियो टीचर्स पेंशन प्लान, टेमासेक, एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी), एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी), न्यू डेवलपमेंट बैंक, जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (जेबीआईसी), यूएस इंटरनेशनल डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन (डीएफसी) के अलावा एक्सिस बैंक, एचडीएफसी समूह, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस और भारतीय स्टेट बैंक जैसे प्रमुख भारतीय संस्थान शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जापान, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका जैसे देशों के निवेशकों की भागीदारी भारत की विकास क्षमता और एनआईआईएफ की विश्वसनीयता को दर्शाती है।

## पश्चिम एशिया युद्ध के दौरान ऊर्जा संकट से निपटने में केंद्र सरकार का काम असाधारण रहा : अमिताभ कांत



**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत के पूर्व जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध के बाद पैदा हुए वैश्विक ऊर्जा संकट से निपटने में भारत सरकार ने असाधारण काम किया। उन्होंने कहा कि सरकार की प्रभावी रणनीति के कारण देश के उपभोक्ताओं पर ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी का असर नहीं पड़ा, ईंधन की कालाबाजारी नहीं हुई और घरों तक एलपीजी सिलेंडर की नियमित आपूर्ति जारी रही। न्यूज एजेंसी आईएएनएस को दिए एक विशेष साक्षात्कार में अमिताभ कांत ने कहा, "मैं इस दौरान भारत सरकार द्वारा उठाए गए कई कदमों की सराहना करना चाहूंगा। यह संकट हमारी वजह से नहीं आया था, बल्कि यह पूरी दुनिया का संकट था। दुनिया के लगभग हर देश में उपभोक्ता प्रभावित हुए, लेकिन भारत में किसी भी उपभोक्ता पर इसका असर नहीं पड़ा। मेरे विचार से यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) कम किया और साथ ही ईंधन आपूर्ति के स्त्रोतों का भी विस्तार सुनिश्चित किया।" उन्होंने कहा कि सरकार ने इस संकट का सामना दूरदृष्टि और मजबूती के साथ किया। कोविड महामारी की तरह इस संकट के दौरान भी सभी मंत्रालयों ने मिलकर काम किया। उन्होंने बताया कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते भारत के 12 जहाज कच्चा तेल लेकर सुरक्षित देश वापस पहुंचे।

## 1 जुलाई से व्यावसायिक ग्राहकों के लिए पेट्रोल-डीजल बिक्री पर लगी पाबंदियां हटाएगी सरकार



**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने सोमवार को 1 जुलाई से व्यावसायिक ग्राहकों के लिए पेट्रोल और डीजल की खुदरा बिक्री पर घरेलू ईंधन आपूर्ति की सुरक्षा के उद्देश्य से लगाए गए अस्थायी प्रतिबंधों को हटाने का निर्णय लिया है। सरकार के इस निर्णय से औद्योगिक, संस्थागत और परिवहन क्षेत्र से जुड़े उपभोक्ता फिर से पेट्रोल पंपों से बिना किसी लिमिट के ईंधन खरीद सकेंगे। सरकार के एक आदेश के अनुसार, अब व्यावसायिक खरीदार खुदरा पेट्रोल पंपों से पेट्रोल और डीजल की खरीद पहले की तरह सामान्य तरीके से कर सकेंगे। उन पर किसी प्रकार की मात्रा संबंधी पाबंदी लागू नहीं रहेगी। सरकार का यह फैसला इस महीने की शुरुआत में लागू किए गए अस्थायी प्रतिबंधों को समाप्त करता है। ये पाबंदियां वैश्विक ऊर्जा व्यापार में संभावित बाधाओं और ईंधन की मांग में असामान्य बदलाव को देखते हुए घरेलू ईंधन आपूर्ति सुरक्षित रखने के उद्देश्य से लगाई गई थीं। 12 जून 2026 को लागू किए गए 'मोटर स्पिरिट और हाई स्पीड डीजल (खुदरा आउटलेट्स के माध्यम से आपूर्ति का अस्थायी विनियमन) आदेश, 2026' के तहत औद्योगिक, संस्थागत और व्यावसायिक उपभोक्ताओं को खुदरा पेट्रोल पंपों से ईंधन खरीदने पर रोक लगा दी गई थी।

# ईरान युद्ध से जुड़े ऊर्जा संकट को केंद्र सरकार ने बहुत अच्छे तरीके से संभाला : ओएनजीसी की पूर्व निदेशक

**एजेंसी । नई दिल्ली**



ओएनजीसी की पूर्व निदेशक (अन्वेषण) सुषमा रावत ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में खाड़ी संकट और ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमले के बाद पैदा हुए ऊर्जा संकट को भारत सरकार ने बेहद प्रभावी तरीके से संभाला। उन्होंने कहा कि सरकार ने न केवल देश में ईंधन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की, बल्कि उपभोक्ताओं को ईंधन की कीमतों में तेज बढ़ोतरी से भी बचाया। पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव के दौरान भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर न्यूज एजेंसी आईएएनएस से खास बातचीत में सुषमा रावत ने कहा कि सरकार का संकट प्रबंधन सराहनीय रहा और वैश्विक ऊर्जा बाजार में उथल-पुथल के बावजूद देश में ईंधन की आपूर्ति सामान्य बनी रही। उन्होंने कहा, "ईरान युद्ध के कारण पैदा हुए खाड़ी संकट को भारत सरकार ने बहुत अच्छे तरीके से संभाला। अगर मुझे सरकार की प्रतिक्रिया को अंक देने हों, तो मैं 10 में से 8.5 से 9 अंक दूंगी। भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश में करीब 3 करोड़ एलपीजी उपभोक्ता हैं और तेल-गैस का बहुत बड़ा नेटवर्क है। इसके बावजूद देश में कहीं भी ईंधन की कमी नहीं हुई।

सुषमा रावत ने आईएएनएस से कहा कि इस दौरान अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया। कीमतें करीब 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं और कई दिनों तक 116 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बनी रहीं। उन्होंने कहा, "दुनिया के कई देशों में ईंधन की कीमतों में 24 से 30 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई, जबकि कुछ देशों में यह वृद्धि 40 प्रतिशत तक पहुंच गई। लेकिन भारत में आम लोगों की सुविधा और उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े, इसे ध्यान में रखते हुए शुरुआत में ईंधन की कीमतों में केवल लगभग 2 से 3 प्रतिशत की ही बढ़ोतरी की गई। सुषमा रावत ने कहा कि भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। खासकर नवीकरणीय ऊर्जा (रिन्यूएबल एनर्जी) और वैकल्पिक ईंधन के क्षेत्र में देश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने बताया कि भारत की कुल स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता में अब 51 प्रतिशत हिस्सा नवीकरणीय ऊर्जा का हो चुका है। उन्होंने एथेनॉल मिश्रण (एथेनॉल ब्लेंडिंग) कार्यक्रम की सफलता का भी उल्लेख किया। उनके अनुसार, भारत ने पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य तय समय से पहले ही हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा, "हम नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में लगातार मजबूत हो रहे हैं और हर दिन इस दिशा में नई प्रगति हो रही है।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

**( लापता विशाल कुमार, उम्र–17 वर्ष )**



मेराल थाना कांड सं0–124/26 दिनांक–05.06.2026 धारा–137(2), 140(3) बी0एन0एस0 में लापता विशाल कुमार उम्र–17 वर्ष, पिता–संतोष मेहता, सा0+थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाले है। थाना से प्राप्त आवेदन में आवेदिका ललिता देवी के द्वारा उल्लेख किया गया है कि इनका पुत्र विशाल कुमार दिनांक–03.06.2026 से घर से लापता है जो अबतक घर वापस नहीं आया है। उक्त लापता लड़का का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता लड़का कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**लापता का विवरण/हुलिया :–**

1.नाम–विशाल कुमार, लम्बाई–05 फीट 06 इंच, रंग–सांवला, पहनावा–निला जिंस एवं काला रंग का शर्ट।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 383609 (Police)26-27*D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

**(अज्ञात मृत पुरुष के शव का फोटो, उम्र–करीब 35 वर्ष)**



दिनांक–06.01.2021 को ग्राम–सोनेहरा, थाना–डंडई जिला–गढ़वा के सुनसान जगह स्थित कुँआ से डंडई थाना के द्वारा एक अज्ञात मृत पुरुष उम्र करीब–35 वर्ष का शव बरामद किया गया है। इस संबंध में डंडई थाना कांड सं0–04/21 दिनांक–06.01.2021, धारा–302, 201, 34, भा0द0वि0 दर्ज किया गया है। उक्त अज्ञात मृत पुरुष के शव का पहचान कराने का काफी प्रयास किया गया है। परन्तु उक्त अज्ञात मृत पुरुष के शव का पहचान अबतक नहीं हो पाया है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त अज्ञात मृत पुरुष के शव का पहचान या इनके परिजन के बारे में किसी भी प्रकार कि लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**अज्ञात मृत पुरुष का विवरण/हुलिया :–**

उम्र करीब–35 वर्ष, रंग–गोरा, बाल–काला, बाल–काला,आंख–भूरा, लम्बाई–05 फीट 06 इंच, पहनावा–चेक ब्लू फुल शर्ट , गंजी–काला, लूजर काला रंग का एवं जांघिया आसमानी रंग का एवं लाल रंग का हवाई चप्पल।


निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 383612 Police(26-27).D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना।**

**( लापता/अपहृत ओम प्रकाश कुमार उम्र–करीब 23 वर्ष )**



रमना थाना कांड सं0–11/2024 दिनांक–28.01.2026 धारा–363 भा0 द0वि0 में लापता/अपहृत ओम प्रकाश कुमार उम्र–करीब 23 वर्ष, (दिमागी हालत हल्का खराब है) पिता–बिहारी बैठा, ग्राम–चनाकला, थाना–रमना, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाले है। थाना से प्राप्त आवेदन में उल्लेख किया गया है कि ओम प्रकाश कुमार दिनांक–28.12.2023 से घर से लापता है जो अबतक घर वापस नहीं आया है। उक्त लापता व्यक्ति का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता/अपहृत व्यक्ति कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**लापता/अपहृत का विवरण/हुलिया :–**

1.नाम–ओम प्रकाश कुमार उम्र–23 वर्ष, लम्बाई–05 फीट, रंग–सांवला, पहनावा–छीटदार नीला सर्ट एवं सफेद रंग का फुलपैन्ट, बोली–हल्का तोतला बोलता है।


निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR.NO.383602 Police(26-27):D

## -: कोर्ट नोटिस :-
## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार

लातेहार थाना काण्ड संख्या 65/2026, दिनांक 18.04.2026, धारा 70(1) बी0एन0एस0 के अप्राथमिकी अभियुक्त संदीप उरॉव पिता नन्दकिशोर उरॉव सा0 धनकारा थाना+जिला लातेहार के विरूध माननीय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी महोदय लातेहार के न्यायालय के आदेशानुसार दिनांक 19.06.2026 को निर्गत इश्तिहार का विधिवत दिनांक 20.06.2026 को तामिला किया गया है। आपको सूचित किया जाता है कि इश्तिहार निर्गत की तिथि से 30 दिनों के अन्दर तक उक्त माननीय न्यायालय में आत्म समर्पण करे अन्यथा आपके विरूद्व अग्रीम कार्रवाई की जाएगी।

| क्रम | अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|
| 1. | संदीप उरॉव पिता नन्दकिशोर उरॉव सा0 धनकारा थाना+जिला लातेहार। |


Court of C.J.M. Latehar.
Schedule XLIII - High Court (M) 31C. [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974.]
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)
एक मफरूर शख्स को हाजिर करने का इश्तिहार।
Latehar PS. 65/2026.
संदीप उरांव पे0-नन्दकिशोर उरांव, सा0-धनकारा, थाना+जिला लातेहार
70(1) BNS
ब-तारीख 29 माह July 2026
आज तारीख 19 माह 06 सन् 2026
लातेहार
(SPL)

ह0/– पुलिस अधीक्षक, लातेहार।

PR.NO.383512
Police(26-27):D

● POLICE HELPLINE (EMERGENCY DIAL)-112 ● CHILD HELPLINE-1098 ● WOMEN HELPLINE-1091
● DOMESTIC ABUSE HELPLINE-181 ● CYBER CRIME HELPLINE-1930 ● AMBULANCE SERVICE-108

## कार्यालय:- जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार

**किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026–27 में सरकार के सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, रॉची के राज्यादेश संख्या–27 दिनांक–22.06.2026 के आलोक में राज्य योजना **"उद्यान विकास की योजना"** अन्तर्गत उद्यानिकी फसलों के विकास के साथ–साथ कृषकों के आय में अधिक से अधिक वृद्धि लाने के उद्देश्य से योग्य कृषकों को अनुदानित दर पर नीचे अंकित विभिन्न कार्य अवयवों का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है, एवं वर्तमान मे लक्ष्य अप्राप्त हैः–

**उद्यान विकास की योजना**

| क्र० | कार्य योजना अवयव | अभ्युिक्ति |
|---|---|---|
| 1 | बागवानी/उद्यान मित्रों/कृषकों को 5 दिवसीय प्रशिक्षण(संख्या में) | |
| 2 | युवाओं को 25 दिवसीय माली प्रशिक्षण (संख्या में) | उम्र 20–40, मैट्रिक पास |
| 3 | मिर्चा की खेती (हेक्टेयर में) | अधिकतम अनुदान 40 प्रतिशत |
| 4 | ओल की खेती (हेक्टेयर में) | अधिकतम अनुदान 13.33 प्रतिशत |
| 5 | अदरख की खेती (हेक्टेयर में) | अधिकतम अनुदान 40 प्रतिशत |
| 6 | हल्दी की खेती (हेक्टेयर में) | अधिकतम अनुदान 50 प्रतिशत |
| 7 | खुले वातावरण में फूलो की खेती (हे० में) (गेन्दा एवं ग्लेडियोलस) | अधिकतम अनुदान 50 प्रतिशत |
| 8 | संरक्षित फूलों की खेती (हे० में) | अधिकतम अनुदान 50 प्रतिशत |
| 9 | गृह वाटिका की स्थापना (प्रति इकाई 25 डिसमील) | |
| 10 | सब्जी की खेती (प्रति इकाई हे०) | अधिकतम अनुदान 0.10 रूपये |
| 11 | मशरूम कीट वितरण सह 5 दिवसीय प्रशिक्षण (संख्या में) | |
| 12 | कीट रहित सब्जी उत्पादन (इकाई में) | अधिकतम अनुदान 75 प्रतिशत |
| 13 | टिशु कल्चर स्ट्राबेरी की खेती (हे० में) | अधिकतम अनुदान 50 प्रतिशत |
| 14 | टिशु कल्चर केला की खेती (हे० में) | शतप्रतिशत |
| 15 | पपीता की खेती (हे० में) | अधिकतम अनुदान 50 प्रतिशत |
| 16 | ड्रेगन फ्रुट की खेती (हे० में) | अधिकतम अनुदान 50 प्रतिशत |
| 17 | ऑवला की खेती (हे० में) | अधिकतम अनुदान 50 प्रतिशत |
| 18 | शरीफा की खेती(हे० में) | अधिकतम अनुदान 50 प्रतिशत |
| 19 | एवाकाडों की खेती (हे० में) | अधिकतम अनुदान 50 प्रतिशत |
| 20 | अमरूद की खेती (हे० में) | शतप्रतिशत |
| 21 | पॉली हाउस का निर्माण (प्रति 500/1000 Sq.mt) | अधिकतम अनुदान 75 प्रतिशत |
| 22 | नर्सरी का विकास | |
| 23 | गुणवत्तायुक्त सब्जी, फुल, फल पौध बिचड़ा उत्पादन (सैंपलिंग नर्सरी) संख्या में | अधिकतम अनुदान 75 प्रतिशत |
| 24 | ग्राफ्ट गुटी उत्पादन | |

योजना के विभिन्न कार्य अवयवों का लाभ लेने हेतु इच्छुक कृषक/स्वयं सहायता समूह अपना आवेदन पंचायती राज संस्था के मुखिया/जनप्रतिनिधि/जिला परिशद् सदस्य से अनुशंसा कराकर आवश्यक कागजात यथा पहचान पत्र/आधार कार्ड/बैंक पासबुक विवरणी/मोबाईल न०/जमीन का रकबा/सब्जी का नाम/जमीन का खाता सं०/प्लॉट नम्बर के साथ पूर्ण विवरणी संलग्न करते हुए आवेदन पत्र दिनांक 24.08.2026 के संध्या 05:00 बजे तक जिला उद्यान कार्यालय, संयुक्त जिला कृषि कार्यालय भवन, प्रथम तल, कीनामाड़, लातेहार में जमा कर सकते है। लाभुक का चयन पहले आओ–पहले पाओं के आधार पर किया जाएगा।

**अनुदान हेतु लाभुक चयन के लिए निम्नांकित न्यूनतम मापदण्ड आवश्यक होगाः–**

1. आवेदन पूर्ण रूप से भरा हुआ एवं सभी कागजात के साथ होगा।
2. आवेदन की प्रति मुखिया अथवा अन्य जनप्रतिनिधि द्वारा अनुशंसित किया हुआ हो।
3. आवेदक द्वारा पूर्व के तीन वर्षों तक इस योजना कार्य अवयव का लाभ नहीं लिया हो।
4. आवेदक के पास प्रर्याप्त भूमि हो तथा सब्जी, फल, फूल आदि का खेती करते हों।
5. कृषक अंशदान की राशि व्यय करने को इच्छुक हो।
6. आवेदक द्वारा स्वयं हस्ताक्षरित आवेदन ही स्वीकार्य होगा।
7. लाभुक के चयन में FPO/प्रगतिशील कृषकों/महिला स्वयं समूह/सिचाई सूविधा युक्त कृषकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
8. विशेष परिस्थिति में किसी भी आवेदन को स्वीकृत करना या रद् करने का अधिकार जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार के पास सुरक्षित रहेगा, जिसपर किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। योजना का विस्तृत जानकारी जिला उद्यान कार्यालय, संयुक्त जिला कृषि कार्यालय भवन, प्रथम तल, कीनामाड़, लातेहार से प्राप्त की जा सकती है।

जिला उद्यान पदाधिकारी,
लातेहार

PR 383541 Agriculture(26-27).D

## पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, चतरा झारखण्ड

**Ref. F. JNVC/ PM Sri Cont. Joining /2026-27/ Date: - 27.06.2026**

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, चतरा (आवासीय विद्यालय) में सत्र–2026–27 के लिए अंशकालीन/संविदा आधार पर Purely on Contract basis निम्नलिखित विषय के शिक्षक प्रशिक्षण विशेषज्ञ का चयन करने हेतु दिनांक 07.07.2026 दिन मंगलवार को प्रातः 11:00 बजे से (Walk-in–Interview)/साक्षात्कार काक आयोजन विद्यालय परिसर में किया जायेगा। योग्यता व अन्य विवरण निम्नवत हैः–

| क0सं0 | पद | विषय | वांछनीय योग्यता | वेतन |
|---|---|---|---|---|
| 01. | योग शिक्षक | योग | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से परास्नातक डिप्लोमा इन योगा 02 साल के कार्य अनुभव के साथ या डिप्लोमा सर्टीफिकेट इन योगा 05 साल के कार्य अनुभव के साथ M.Sc. इन योगा 02 साल के कार्य अनुभव के साथ या M.P.ED.में योगा एक अनिवार्य विषय के रूप में शामिल होना चाहिए। महिला शिक्षिका को वरीयता दी जाएगी। | रू. 12,500/– प्रति माह ( 08 माह हेतु) |
| 02. | संगीत प्रशिक्षक | शास्त्रीय नृत्य (कथक) | B.A. in Classical Dance किसी शास्त्रीय नृत्य शैली में किसी मान्यता प्राप्त संस्था से प्रवीण/विशारद, जैसी उपाधि। | रू. 25,000/– प्रति माह ( 06 माह हेतु) |
| | | वाद्ययंत्र/संगीत (कीबोर्ड, बासुरी) | 01.मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से B.A in instrumental Music या किसी मान्यता प्राप्त संस्था से संगीत व विशारद प्रभाकर, संगीत प्रवीन जैसी उपाधि।<br>02.Expericne स्कूल या संस्था में वाद्य संगीत पढाने का अनुभाव ।<br>03.Skill – किसी एक वाद्य यंत्र जैसे कीबोर्ड,बासुरी में विशारद या निपुण। | रू. 25,000/– प्रति माह ( 06 माह हेतु) |
| 03. | आत्मरक्षा प्रशिक्षक (लडकियों के लिए) महिला प्रशिक्षक | आत्मरक्षा (Self Defence) | ब्लैक बेल्ट, डिप्लोमा/मान्यता प्राप्त कोचिंग संटीफिकेट, आत्मरक्षा का अनुभव वाली महिला स्नातक को अनुभव के आधार पर प्राथमिकता दी जाएगी। | रू.12,500/– प्रति माह (08माह हेतु) |
| 04. | भारतीय ज्ञान पद्धति पढ़ाने हेतु | Resource Person (IKS) | M.A (Ancient Indian History, Indian Philosophy) B.Ed.,IKS (Indian Knowledge System) Certificate/ Diploma. | रू.16,000/– प्रति माह (02 माह हेतु) |
| 05. | खेल प्रशिक्षक | शारीरिक शिक्षक (फुटबॉल) | B.P.Ed,M.P.Ed, विशेषज्ञता, फुटबॉल, अनुभव के आधार पर प्राथमिकता दी जाएगी। | रू.20,000/– प्रति माह (05 माह हेतु) |
| 06. | Atal Tinkering Lab Facilitator | ATL Lab | B.E/B.Tech (Electronic & Communication Engineering) Experience in relevant field<br>**OR**<br>B.E/B.Tech in Electronics and Communication with Experience in Robotics<br>**OR**<br>M.Sc. in Physics with specialization in Electronic /robotic or MCA from a recognized University.<br>**OR**<br>M.Sc in Physics/Elecronics/IT with Experience in Robotics. | रू.30,000/– प्रति माह (10 माह हेतु) |

नोट– 01. उम्मीदवार सभी प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति व एक सेट फोटोकॉपी व दो पासपोर्ट साइज फोटों अपने साथ अवश्य लायें। साक्षात्कार के लिए दैनिक/यात्रा भता (टीए/डीए) देय नहीं होगा।
02. उपरोक्त पदों हेतु नियम एवं शर्ते नवोदय विद्यालय समिति के नियमानुसार लागू रहेगी।

प्राचार्य
ज0न0वि0,चतरा

PR 383514 School Education and Literacy(26-27).D

# शत-प्रतिशत खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करें : डीसी

- आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक में वितरण, ई-केवाईसी एवं पीवीटीजी परिवारों को समय पर राशन उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**





**लोहरदगा।** उपायुक्त संदीप कुमार मीना की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, लाभुकों के ई-केवाईसी, धान अधिप्राप्ति भुगतान सहित विभिन्न योजनाओं की प्रखंडवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने एनएफएसए के अंतर्गत प्रखंडवार खाद्यान्न वितरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी मार्केटिंग अफसरों को 30 जून तक शत-प्रतिशत खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र लाभुक खाद्यान्न से वंचित नहीं रहना चाहिए। बैठक में झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना (हरा राशन कार्ड) के अंतर्गत आच्छादित लाभुकों के बीच खाद्यान्न वितरण की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की गई। जिन प्रखंडों में उपलब्धि कम पाई गई, वहां के मार्केटिंग अफसरों को वितरण में सुधार कर अधिकतम उपलब्धि हासिल करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने चना दाल, चीनी, नमक तथा धोती/लुंगी एवं साड़ी के आवंटन एवं वितरण की भी समीक्षा की। उन्होंने कम उपलब्धि वाले प्रखंडों के अधिकारियों को इन सभी सामग्रियों का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि खाद्यान्न प्राप्त करने वाले पात्र लाभुकों को नियमानुसार धोती, लुंगी एवं साड़ी का वितरण भी सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिले के सभी पीवीटीजी (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह) परिवारों, जो राशन कार्ड से आच्छादित हैं, उनके बीच शत-प्रतिशत खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मार्केटिंग अफसर स्वयं इसकी नियमित मॉनिटरिंग करें तथा राशन नहीं मिलने की कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए।

### राशन कार्ड निरस्त करने से पहले पात्रता की करें पुन: जांच

बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि यदि किसी परिवार का राशन कार्ड निरस्त (डिलीट) करने की प्रक्रिया की जा रही हो तो उससे पूर्व संबंधित व्यक्ति एवं उसके परिवार की पात्रता का पुन: सत्यापन अवश्य कर लिया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र परिवार राशन कार्ड की सुविधा से वंचित न हो। बैठक में लाभुकों के ई-केवाईसी की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिन प्रखंडों में ई-केवाईसी की उपलब्धि कम रही, वहां के मार्केटिंग अफसरों को अभियान चलाकर शत-प्रतिशत ई-केवाईसी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा बैठक में धान अधिप्राप्ति के अंतर्गत किसानों को किए गए भुगतान की भी समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## कैरो में लगा पंचायत स्तरीय ड्राइविंग लाइसेंस शिविर




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला परिवहन कार्यालय, लोहरदगा द्वारा सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कैरो प्रखंड की कैरो, नारौली एवं सराबे पंचायतों में पंचायत स्तरीय ड्राइविंग लाइसेंस विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 130 से अधिक ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान कुल 52 लोगों ने आवेदन किया, जिनमें से 46 योग्य आवेदकों को नवसिखुआ चालक अनुज्ञप्ति (लर्निंग लाइसेंस-एलएल) प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। योग्य आवेदकों का मौके पर ही ऑनलाइन कंप्यूटर टेस्ट लिया गया तथा सफल अभ्यर्थियों को तत्काल लर्निंग लाइसेंस जारी किया गया। विशेष शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों के लोगों को उनके घर के निकट परिवहन विभाग की सेवाएं उपलब्ध कराना तथा लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल, सुगम एवं पारदर्शी बनाना है। जिला परिवहन कार्यालय के कर्मियों द्वारा आवेदकों के आवश्यक दस्तावेजों की जांच भी मौके पर ही की गई।

शिविर के दौरान सड़क सुरक्षा कर्मियों ने उपस्थित ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा, हिट एंड रन मामलों में मुआवजा, गुड सेमेरिटन प्रावधान तथा यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी जया शंखी मुर्मू, डीआरएसएम अमृतेश्वर गिरी, कंप्यूटर ऑपरेटर अंजुम, आशीष एवं राजेश तथा रोजमाटा के कर्मचारी प्रमोद और अनमोल उपस्थित थे। जिला परिवहन विभाग ने जानकारी दी कि इसी प्रकार का अगला विशेष शिविर 2 जुलाई 2026 को सेन्हा प्रखंड में आयोजित किया जाएगा।

## डोर टू डोर भ्रमण कर बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक

**सेन्हा–लोहरदगा।** प्लस पोलियो अभियान के तहत सोमवार को स्वास्थ्य सहिया,आंगनबाड़ी सेविका और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा डोर टू डोर भ्रमण कर 0 से 5 वर्ष तक के नन्हे मुन्ने बच्चे बच्चियों को पोलियो की बीमारी से बचाव के लिये पोलियो ड्रॉप की पिलाई जा रही है.वही नन्हे मुन्ने बच्चे बच्चियों को पोलियो जैसे महामारी से बचाव के लिये लगातार अभियान चलाया जा रहा.जिसे आज देश राज्य तथा क्षेत्र पोलियो मुक्त की ओर एक कदम आगे बढ़ चुका है.साथ ही छोटे छोटे नवजात बच्चों में होने वाले विभिन्न तरह की बीमारियों से बचाव के लिये भी स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देशानुसार रोग मुक्त कार्यक्रम चलाया जा रहा है.वही प्लस पोलियो अभियान के तहत प्रखंड क्षेत्र में लगभग 13521 नन्हे मुन्ने बच्चे बच्चियों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य है.जिसे प्लस पोलियो अभियान के अंतर्गत प्रथम दिन 28 जून को प्रखंड क्षेत्र के 115 पोलियो बूथ पर बच्चों को दवा पिलाया गया.जिसके बाद पोलियो बूथ पर नही पंहुच पाये नन्हे बच्चे बच्चियों को स्वास्थ्य सहिया,आंगनबाड़ी सेविकाएं और चिकित्सा कर्मियों द्वारा 29 और 30 जून को डोर टू डोर भ्रमण कर पोलियो ड्रॉप की दवा पिलाई जा रही है।

## आकाशीय बिजली गिरने से मासूम बच्ची और चार मवेशियों की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**



**कैरो/लोहरदगा।** जिले के कैरो थाना क्षेत्र अंतर्गत सढाबे पंचायत के डुमरटोली गांव में रविवार को प्रकृति का क्रूर रूप देखने को मिला। यहाँ हुए भीषण वज्रपात की चपेट में आने से एक मासूम बच्ची समेत एक बैल और तीन बकरियों की दर्दनाक मौत हो गई। इस हृदय विदारक घटना ने एक हंसते-खेलते गरीब परिवार की खुशियां पल भर में छीन लीं। मिली जानकारी के अनुसार, डुमरटोली निवासी बनारसिया कुजूर (पति विजय उरांव) रविवार को अपनी मासूम पुत्री के साथ गांव के समीप ही मवेशी चराने गई हुई थी। इसी दौरान दोपहर में अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। अभी लोग संभल पाते कि इसी बीच कड़कड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली (वज्रपात) सीधे उसी स्थान पर गिरी जहाँ मां-बेटी मवेशियों के साथ मौजूद थीं। घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से अचेत बच्ची को आनन-फानन में इलाज के लिए कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहाँ प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय स्थित लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया गया। इस आपदा में मासूम बच्ची के साथ-साथ परिवार के भरण-पोषण का जरिया बने एक बैल और तीन बकरियों की भी झुलसकर मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि पीड़ित परिवार अत्यंत गरीब है और मेहनत-मजदूरी व पशुपालन कर किसी तरह अपने परिवार का गुजर-बसर करता था। वज्रपात की इस दोहरी मार से पीड़ित परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## आज से शुरू होगा घर-घर सर्वे



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) को लेकर सोमवार को भंडरा प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड के सभी बीएलओ, बीएलओ पर्यवेक्षक एवं मतदाता सूची से जुड़े वॉलंटियर्स ने भाग लिया। बैठक में बीडीओ प्रतिभा कुमारी ने 30 जून 2026 से शुरू होने वाले घर-घर सर्वे अभियान की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी देते हुए सभी बीएलओ को अपने-अपने मतदान केंद्र क्षेत्र के प्रत्येक घर तक पहुंचकर भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा मृत या स्थानांतरित व्यक्तियों के नाम सूची में नहीं रहने चाहिए।

उन्होंने बताया कि नए मतदाता के पंजीकरण के लिए फॉर्म-6, नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 तथा मतदाता सूची में संशोधन के लिए फॉर्म-8 प्रत्येक घर तक पहुंचाकर भरवाने और जमा कराने की जिम्मेदारी बीएलओ की होगी।

## पांच माह से वेतन नहीं मिलने पर एनएचएम कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन

**सिमडेगा।** पिछले पांच महीनों से वेतन भुगतान नहीं होने से परेशान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सीएचओ लोगो ने सोमवार को सिविल सर्जन एवं उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर जल्द वेतन जारी करने की मांग की।सभी सीएचओ का कहना है कि लगातार पांच महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। कई कर्मचारियों के परिवारों पर भुखमरी जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है, जबकि बच्चों की पढ़ाई और दैनिक घरेलू खर्च भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि नियमित वेतन नहीं मिलने से बैंक की किस्तें, किराया और अन्य आवश्यक खर्चों का वहन करना कठिन हो गया है।ज्ञापन के माध्यम से एनएचएम कर्मियों ने प्रशासन से अविलंब बकाया वेतन का भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की है।

### वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन

## भंडरा में ग्रामीणों और सखी मंडल की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान

**नवीन मेल संवाददाता**




**भंडरा।** भंडरा प्रखंड मुख्यालय में जेएसएलपीएस एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। "रक्तदान महादान" के संदेश के साथ आयोजित इस शिविर में ग्रामीणों, युवाओं और सखी मंडल की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मानवता की मिसाल पेश की। शिविर का आयोजन जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) एवं प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक (बीपीएम) की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान जेएसएलपीएस के प्रखंड स्तरीय कर्मी, सामुदायिक समन्वयक, कैडर तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में ग्रामीण युवाओं, सखी मंडल की दीदियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। आयोजकों ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में रक्त की कमी को दूर करना और लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। जेएसएलपीएस की टीम ने घर-घर जाकर ग्रामीणों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया, जिसका सकारात्मक असर शिविर में देखने को मिला। विशेष रूप से महिला मंडल की महिलाओं की भागीदारी सराहनीय रही।

रक्त संग्रहण का कार्य स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया, जिसमें डॉ. बिनिता होरो, लैब टेक्नीशियन उमेश प्रसाद एवं विकास पासवान, एएनएम अर्जिता लकड़ा, शिल्पा सोरेंग और सैता सोरेंग, चतुर्थ वर्गीय कर्मी प्रमुख राम तथा चालक रफीक अंसारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। डीपीएम ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है और एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। कार्यक्रम के अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा बीपीएम ने सभी रक्तदाताओं, मेडिकल टीम और सहयोगी कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पीड़ितों के जीवन में आए बदलाव का मूल्यांकन कर रहा झालसा : अभिषेक

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार (नालसा), नई दिल्ली और झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), रांची के निर्देशानुसार सोमवार को व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित सभा कक्ष में एक विशेष संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष राज कमल मिश्रा के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में झालसा के उप सचिव अभिषेक कुमार और अवर सचिव दीपक कुमार साहू ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) लोहरदगा के माध्यम से अपराध पीड़ितों और विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभुकों से सीधा संवाद किया तथा उन्हें मिल रही सुविधाओं व विधिक सहायता की विस्तृत जानकारी ली। इसके पूर्व झालसा के पदाधिकारियों सहित मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी केके मिश्रा, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हेमंत कुमार सिन्हा और सचिव लाल दीपक कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

**धर्म-क्रम** भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ, श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह

## हर-हर महादेव व बोल बम के जयघोष से वातावरण गूंजा

**नवीन मेल संवाददाता**





**लोहरदगा।** शहर के चंडी बाड़ी स्थित सोनार मुहल्ला में भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला एवं पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। धार्मिक आस्था, भक्ति और उत्साह से ओतप्रोत इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य उत्तम शास्त्री,गोपाल पाण्डेय,रमेश मिश्रा, ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना प्रारम्भ की तमाम लोग पूजा मे शामिल हुए इसके बाद सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर पारंपरिक मंगल गीत गाते हुए यात्रा निकाली। श्रद्धालु सिठीयो नदी पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलशों में पवित्र जल भरा गया। इसके बाद श्रद्धालु जल लेकर मंदिर परिसर पहुंचे, जहां भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। पूरे मार्ग में "हर-हर महादेव" और "बोल बम" के जयघोष से वातावरण गूंजता रहा। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। यात्रा में शामिल महिलाएं पीले और लाल रंग के पारंपरिक परिधानों में आकर्षण का केंद्र रहीं, जबकि पुरुष श्रद्धालु भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ धार्मिक अनुष्ठान में सहभागी बने। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। पहले दिन कलश यात्रा एवं जलाभिषेक संपन्न हुआ। आगामी दिनों में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, हवन-पूजन, भजन-कीर्तन तथा अंत में भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई जाएगी।

## दृष्टिपात

### चलंत लोक अदालत के माध्यम से ग्रामीणों को किया गया जागरूक



**सेन्हा–लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के उगरा पंचायत अंतर्गत कोराम्बे और सेन्हा पंचायत ग्राम में नालसा नई दिल्ली और झालसा राँची के संयुक्त निर्देशानुसार डालसा अध्यक्ष सह प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा एवं सचिव मनोरंजन कुमार के निर्देश पर कोराम्बे और सेन्हा ग्राम में चलंत अदालत सह जागरूकता वैन के माध्यम से ग्रामीणों को बाल विवाह, डायन बिसाही जैसे बुराई और साइबर ठगी से बचाव,मोटरसाइकिल दुर्घटना,जमीन सम्बन्धी विवाद तथा नशाखोरी के प्रति जागरूक किया गया गया. जागरूकता अभियान के तहत पीएलवी श्रीमती कुमारी, प्रियांशु कुमार यादव,मंजू खाखा और पुन्नू देवी के द्वारा संयुक्त रूप से ग्रामीण महिला पुरुषों किसी तरह का को नशा नही करने और नशाखोरी से होने वाले विभिन्न तरह के बीमारियों के बारे में विस्तृत जानकारी गई।

### वज्रपात से आम के पेड़ में लगी आग, चपेट में आने से युवक झुलसा



**सेन्हा (लोहरदगा)।** लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत चितरी डांडू पंचायत के अंबा टोली गांव में रविवार को आकाशीय बिजली (वज्रपात) का कहर देखने को मिला। यहां राजधानी उरांव के खेत में स्थित एक आम के पेड़ पर जोरदार गर्जन के साथ वज्रपात हुआ। बिजली गिरते ही पेड़ में भीषण आग लग गई, जो सोमवार तक सुलगती रही। ग्रामीणों के अनुसार, वज्रपात इतना शक्तिशाली था कि पेड़ ने तुरंत आग पकड़ ली। खेत के आसपास कोई कुआं, तालाब या जलाशय नहीं होने के कारण ग्रामीण आग बुझाने में असमर्थ रहे। इसके अलावा, बारिश के कारण खेत पूरी तरह गीला और दलदली हो गया था, जिससे दमकल (अग्निशामक वाहन) का वहां पहुंचना नामुमकिन था। नतीजतन, आम का पेड़ पूरी तरह जलकर खाक हो गया। जिस वक्त यह घटना हुई, उस समय पेड़ से कुछ ही दूरी पर अंबा टोली निवासी अजीज अंसारी का पुत्र सलमान अंसारी खेत में काम कर रहा था।

### विशेष गहन पुनरीक्षण लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा का अभियान : आलोक



लोहरदगा : प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह लोहरदगा जिला कांग्रेस प्रभारी ने 30 जून से प्रारंभ हो रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा का महत्वपूर्ण अभियान बताते हुए सभी बीएलओ-2 एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से पूरी मुस्तैदी के साथ इस प्रक्रिया में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि 30 जून को पूर्वाह्न 11 बजे से 12:30 बजे तक प्रत्येक बूथ पर बीएलए के साथ राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित होगी, जिसमें सभी बीएलओ-2 की उपस्थिति अनिवार्य है। उनके अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के मतदान के अधिकार को सुरक्षित रखने का अभियान है। इसलिए सभी कार्यकर्ताओं को इसकी गंभीरता को समझते हुए सतर्क, सजग और सक्रिय रहना होगा। आलोक कुमार दूबे ने बताया कि लोहरदगा जिले में वर्तमान में 2,93,871 मतदाता दर्ज हैं। 15 जून तक के रिकॉर्ड के अनुसार जिले में मतदाता सूची की 91 प्रतिशत मैपिंग पूरी हो चुकी है और राज्य की सर्वाधिक मैपिंग वाली पांच विधानसभा क्षेत्रों में लोहरदगा भी शामिल है।उन्होंने कहा कि बीएलओ-2 की जिम्मेदारी है कि मतदाता सूची में दर्ज प्रत्येक व्यक्ति तक गणना प्रपत्र पहुंचे, सभी मतदाता सही तरीके से प्रपत्र भरें और बीएलओ निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी प्रपत्रों को ऑनलाइन अपलोड करें। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता अपने अधिकार से वंचित न रहे, इसके लिए पूरी प्रक्रिया पर सतत निगरानी आवश्यक है। आलोक कुमार दूबे ने बताया कि जिले की 66 ग्राम पंचायत कांग्रेस कमिटियों में 12 सदस्यीय समितियों का गठन सबसे पहले पूरा किया गया है। साथ ही जिले के सभी 428 बूथों पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति भी अन्य जिलों की तुलना में पहले पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से लोकतंत्र की मजबूती और प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की रक्षा के लिए इस अभियान में पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ अपनी भूमिका निभाने की अपील की।

### ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक में ट्रकों की समस्याओं पर प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग

**लोहरदगा ।** लोहरदगा-गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन की आम बैठक सोमवार को चंदवा गैरेज लाइन स्थित एसोसिएशन कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के सचिव रोहित अग्रवाल ने की। बैठक में सड़क सुरक्षा, ट्रकों के परिचालन और खनन क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सभी ट्रक मालिकों से अपने चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन कराने का आग्रह किया गया। निर्णय लिया गया कि कोई भी चालक नशे की हालत में वाहन नहीं चलाएगा, सभी ट्रकों में आगे-पीछे नंबर प्लेट, रेडियम पट्टी एवं आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहेंगे तथा वाहनों का परिचालन निर्धारित गति सीमा के भीतर किया जाएगा। एसोसिएशन ने टूटूवा मोड़, बनारी, आदर, घाघरा, लोहरदगा, सेन्हा और चंदवा सहित विभिन्न स्थानों पर सड़क सुरक्षा अभियान चलाने का भी निर्णय लिया। नियमों का उल्लंघन करने वाले ट्रकों को एक माह तक खड़ा रखने समेत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा कि हेसल प्लांट, लोहरदगा में ट्रकों को दो से तीन दिनों तक सड़क पर खड़ा रखा जाता है, जिससे चालक और स्थानीय लोग काफी परेशान हो रहे हैं।

### वज्रपात की चपेट में आने से मवेशी की मौत, पीड़ित परिवार ने मुआवजे की गुहार लगाई

**कुडू (लोहरदगा)।** कुडू प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती सलगी पंचायत अंतर्गत रोचो महुआ टोली गांव में सोमवार दोपहर अचानक आए तेज आंधी-पानी और आकाशीय बिजली (वज्रपात) का कहर देखने को मिला। यहां वज्रपात की चपेट में आने से एक दुधारू गाय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। यह मवेशी स्थानीय ग्रामीण सुखराम उरांव का था। पीड़ित पशुपालक सुखराम उरांव ने बताया कि सोमवार को उन्होंने अपनी गाय को घास चरने के लिए घर के पास ही एक खेत में रस्सी के सहारे बांधा था। इसी बीच दोपहर को अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज गर्जन के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान जोरदार आवाज के साथ खेत में वज्रपात हुआ, जिसकी सीधी चपेट में आने से गाय की मौके पर ही तड़प-तड़पकर मौत हो गई। इस आकस्मिक घटना से पीड़ित गरीब परिवार बेहद सदमे और दुख में है।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत

● मुआवजा, बैरिकेडिंग और स्पीड ब्रेकर की मांग को लेकर ग्रामीणों ने डेढ़ घंटे किया सड़क जाम

नवीन मेल संवाददाता



**घाघरा (गुमला)।** थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 60 वर्षीय मनकुंवर देवी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना सुबह करीब सात बजे रांची-नेतरहाट मुख्य मार्ग पर इटकीरी के समीप हुई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर मृतका के परिजनों को सरकारी मुआवजा देने तथा दुर्घटना स्थल पर बैरिकेडिंग और स्पीड ब्रेकर निर्माण की मांग की।

जानकारी के अनुसार, बिशुनपुर की ओर से तेज गति से आ रही स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे खड़ी मनकुंवर देवी को जोरदार टक्कर मार दी। बताया गया कि वह सुबह घर से गोबर फेंकने निकली थीं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

ग्रामीणों ने स्कॉर्पियो का पीछा किया और बताया कि वाहन गुमला तक गया, लेकिन पकड़ में नहीं आया। इसके बाद ग्रामीण वापस लौटकर सड़क जाम पर बैठ गए।

सूचना मिलने पर घाघरा थाना के एसआई मनीष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीण मृतका के परिजनों को मुआवजा देने और सड़क सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग व स्पीड ब्रेकर निर्माण की मांग पर अड़े रहे।

एसआई मनीष कुमार ने सरकारी सहायता दिलाने तथा संबंधित विभाग को सड़क सुरक्षा संबंधी मांग भेजने का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने करीब डेढ़ घंटे बाद सुबह साढ़े आठ बजे जाम समाप्त कर दिया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगी रही।

पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा फरार स्कॉर्पियो और उसके चालक की तलाश जारी है।

## समय पर धान बीज मिलने से किसानों में खुशी



● खरीफ सीजन के लिए कृषि विभाग ने शुरू किया बीज वितरण

नवीन मेल संवाददाता

**घाघरा (गुमला)।** खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ ही घाघरा प्रखंड के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। प्रखंड मुख्यालय स्थित आत्मा कार्यालय में सोमवार को धान बीज वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख सविता देवी, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी दिनेश पहान, बीटीएम नीरज कुमार सिंह तथा एफपीओ के लक्ष्मीनारायण साहू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

इस वर्ष किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण धान बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। सबसे बड़ी राहत यह रही कि किसानों को बीज प्राप्त करने के लिए सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़े। पिछले वर्ष बीज वितरण में देरी के कारण किसानों को 15 से 20 दिनों तक भटकना पड़ा था। प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि समय पर बीज मिलने से किसान खरीफ खेती की तैयारी समय से कर पा रहे हैं। उन्होंने कृषि विभाग से अन्य फसलों के बीज और गुणवत्तापूर्ण उर्वरक भी समय पर उपलब्ध कराने की मांग की। कार्यक्रम में एटीएम पूनम बेदिया सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## गोवा से घर लौट रहे प्रवासी मजदूर की ट्रेन में तबीयत बिगड़ने से मौत

● परिजनों ने लगाई मुआवजे की गुहार

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** रोजगार की तलाश में गोवा गए गुमला जिले के एक प्रवासी मजदूर की घर लौटने के दौरान ट्रेन में तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। इस घटना से मृतक के परिवार और पैतृक गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन से आर्थिक सहायता एवं उचित मुआवजे की मांग की है।

जानकारी के अनुसार गुमला थाना क्षेत्र के करौंदी पंचायत अंतर्गत जोराग गांव निवासी 29 वर्षीय शनिचर उरांव करीब एक वर्ष पूर्व रोजगार की तलाश में गोवा गए थे। वहां वे अपनी पत्नी सोनी उरांव और पुत्र प्रियांश उरांव के साथ रहकर मजदूरी करते थे। 26 जून को वह परिवार के साथ अपने गांव लौटने के लिए ट्रेन से रवाना हुए थे। यात्रा के दौरान उसी रात करीब 10 बजे अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। सूचना मिलने पर तेलंगाना पुलिस ने उन्हें तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शनिचर उरांव की असामयिक मौत से पत्नी, मासूम पुत्र और वृद्ध पिता चुका उरांव के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। परिजनों एवं ग्रामीणों ने सरकार से उचित मुआवजा, आर्थिक सहायता तथा सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि परिवार का भरण-पोषण हो सके।

## जमीन विवाद में महिला पर कुदाल से हमला करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

● पुलिस ने भेजा जेल, अन्य पांच आरोपियों की तलाश जारी

नवीन मेल संवाददाता




**चैनपुर (गुमला)।** थाना क्षेत्र के प्रेमनगर में जमीन विवाद को लेकर महिला पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी बरजू सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। गौरतलब है कि जमीन विवाद को लेकर मीरा देवी पर कुदाल से हमला किया गया था, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। उनकी पुत्री नूपुर कुमारी के आवेदन पर चैनपुर थाना कांड संख्या 23/26 दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की थी। मामले में कुल छह लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। पुलिस पूछताछ में बरजू सिंह ने जमीन विवाद के कारण हमला करने की बात स्वीकार की है। चैनपुर पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी बड़ी सफलता है, जबकि अन्य पांच आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और सभी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सर्पदंश पीड़ित बच्ची के इलाज में अव्यवस्था पर भड़के परिजन

● चैनपुर सीएचसी में डॉक्टर नहीं मिलने का आरोप

नवीन मेल संवाददाता



**चैनपुर (गुमला)।** प्रखंड के घोरहठी जनावल गांव में सोमवार को सर्पदंश की शिकार हुई 11 वर्षीय छात्रा बेरोनिका तिग्गा के इलाज में कथित लापरवाही को लेकर परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। परिजनों ने आरोप लगाया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चैनपुर पहुंचने पर कोई चिकित्सक मौजूद नहीं था और मोबाइल फोन पर डॉक्टरों से सलाह लेकर बच्ची का प्राथमिक उपचार किया गया।

जानकारी के अनुसार, कक्षा पांच की छात्रा बेरोनिका तिग्गा सोमवार सुबह करीब 6:30 बजे आर.सी. प्राइमरी स्कूल जनावल जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में जहरीले सांप ने उसे डस लिया। घटना की जानकारी मिलते ही विद्यालय की प्राचार्या अंजली टोप्पो और बच्ची के पिता फिल्मोन तिग्गा उसे तत्काल सीएचसी चैनपुर लेकर पहुंचे।

पीड़ित बच्ची के पिता ने आरोप लगाया कि सुबह करीब 9:30 बजे अस्पताल पहुंचने पर कोई चिकित्सक मौजूद नहीं था। अस्पताल में कार्यरत नर्सों और एएनएम ने मोबाइल फोन पर डॉक्टरों से संपर्क कर उनके निर्देशानुसार उपचार शुरू किया। उनका कहना है कि एंबुलेंस मिलने में भी देरी हुई, जिससे बच्ची की हालत और गंभीर हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, गुमला रेफर किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य व्यवस्था से नाराज पिता ने लिखित पत्र देकर बच्ची को अपनी जिम्मेदारी पर ले जाने का निर्णय लिया।

फिलहाल बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद ग्रामीण क्षेत्रों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की उपलब्धता और स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

## दृष्टिपात

### 30 जून को मनाया जाएगा हुल दिवस, निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**भरनो (गुमला)।** दक्षिणी भरनो पंचायत के डाईर जतरा टांड़ में 21 पड़हा समिति के तत्वावधान में मंगलवार, 30 जून को हुल दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 21 पड़हा राजा मुकेश उरांव ने बताया कि सुबह 10 बजे हुल सभा आयोजित होगी, जिसमें हुल आंदोलन के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके बाद पारंपरिक वेशभूषा में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन समिति ने क्षेत्र के लोगों से बड़ी संख्या में शामिल होकर हुल आंदोलन के वीर नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने और उनकी विरासत को आगे बढ़ाने की अपील की है।

### जैविक खेती अपनाकर ही बचाई जा सकती है खेतों की उर्वरा शक्ति : डॉ. सुनील कुमार

**चैनपुर (गुमला)।** 'खेत बचाओ अभियान' के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. सुनील कुमार ने किसानों को जैविक खेती और संतुलित उर्वरक प्रबंधन के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति लगातार घट रही है। भविष्य की खेती को सुरक्षित रखने के लिए जैविक खेती को अपनाना आवश्यक है। जैविक खाद और संतुलित उर्वरकों के समुचित उपयोग से ही मिट्टी की गुणवत्ता और फसलों का पोषण बेहतर बना रहेगा। कार्यक्रम में प्रखंड कृषि पदाधिकारी विश्वाराम केवट, बीटीएम, एटीएम, कृषक मित्र एवं विभिन्न पंचायतों के लगभग 65 किसानों ने भाग लिया। अधिकारियों ने किसानों को जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए उपलब्ध सरकारी योजनाओं एवं अनुदानों की भी जानकारी दी।

### जलमीनार से सोलर प्लेट चोरी, गांव में पेयजल संकट



**भरनो (गुमला)।** दक्षिणी भरनो पंचायत के चेचियाटोली गांव में अज्ञात चोरों ने सोलर आधारित जलमीनार से सोलर प्लेट चोरी कर ली। घटना के बाद पूरे गांव में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। सोमवार सुबह जब ग्रामीण पानी लेने पहुंचे तो जलमीनार से सोलर प्लेट गायब मिली। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पंचायत प्रतिनिधियों को दी। मुखिया प्रतिनिधि शिव केशरी एवं दीपक कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया। पीएचईडी विभाग के कनीय अभियंता रितेश कुमार ने बताया कि मामले में भरनो थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी तथा जल्द जलापूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जाएगा।

### तीसरी रेल लाइन परियोजना का सीआरएस ने किया निरीक्षण

**बरवाडीह।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे के सीपीडीआर–बरवाडीह–मंगरा सेक्शन में निर्माणाधीन तीसरी रेल लाइन परियोजना का सोमवार को कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी (सीआरएस) गुरु प्रकाश ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान धनबाद रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) अखिलेश मिश्र सहित रेलवे के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मंगरा हाल्ट पर पहुंचे अधिकारियों ने निर्माणाधीन रेल लाइन, तकनीकी मानकों तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। परियोजना से जुड़े विभिन्न पहलुओं का अवलोकन करने के बाद अधिकारियों ने आवश्यक जानकारी प्राप्त की। हालांकि निरीक्षण के दौरान मौजूद पत्रकारों ने परियोजना की प्रगति, निर्माण गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों तथा निरीक्षण के उद्देश्य को लेकर सवाल पूछे, लेकिन सीआरएस और डीआरएम ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। अधिकारियों की चुप्पी स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी रही। लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये की इस महत्वपूर्ण परियोजना से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक होने से पारदर्शिता बढ़ती और आम लोगों को भी परियोजना की वास्तविक प्रगति की जानकारी मिलती। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि अब सभी की निगाहें सीआरएस की निरीक्षण रिपोर्ट पर टिकी हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि यदि रिपोर्ट में किसी प्रकार की तकनीकी या सुरक्षा संबंधी कमी सामने आती है तो रेलवे प्रशासन उसके निराकरण के लिए आवश्यक कदम उठाएगा।

### मुहर्रम पर हुचलू गांव में अकीदत के साथ हुआ जलसा, इमाम हसन-हुसैन की कुर्बानी को किया याद

**चंदवा।** प्रखंड की बारी पंचायत अंतर्गत हुचलू गांव में मुहर्रम के अवसर पर रविवार रात अकीदत और धार्मिक श्रद्धा के साथ जलसा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम प्रधान रोबेन उरांव ने फीता काटकर किया। जलसे की शुरुआत मौलाना ताजउद्दीन एवं मौलाना फैजान रजा ने तिलावत-ए-कुरआन पाक से की। इसके बाद विभिन्न उलेमाओं ने मुहर्रम की अहमियत, हजरत इमाम हसन और इमाम हुसैन की कुर्बानी तथा उनके जीवन से मिलने वाली सीख पर प्रकाश डाला। मौलाना नौशाद अनवर (औरंगाबाद), कारी जिब्रिल एवं कारी एजाज (छतरपुर) ने कहा कि मुहर्रम का संदेश इंसाफ, सब्र, त्याग और मानवता की रक्षा का है। उन्होंने लोगों से इमाम हुसैन के बताए मार्ग पर चलने तथा समाज में आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। जलसे के दौरान नात-ए-पाक और शायरी की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। देर रात तक चले कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन, धार्मिक आस्था और सामाजिक सौहार्द का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में मो. नईम अंसारी, कुर्बान अंसारी, सुलतान अंसारी, शमशेर अंसारी, सैयद अंसारी, महबूब अंसारी, इलियास अंसारी, तैयब अंसारी, मंसूर अंसारी, एकबाल अंसारी, रिजवान अंसारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## आठ माह से नहीं हुई पंचायत समिति की बैठक, जनप्रतिनिधियों ने जताई नाराजगी



● 10 दिनों में बैठक नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में सोमवार को प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पिछले आठ माह से पंचायत समिति की नियमित मासिक बैठक नहीं होने पर सदस्यों ने गहरी नाराजगी जताई और इसे पंचायती राज व्यवस्था की मूल भावना के विपरीत बताया।

सदस्यों ने कहा कि पंचायत समिति की बैठक विकास योजनाओं की समीक्षा, जनसमस्याओं के समाधान और विभिन्न विभागों के कार्यों की निगरानी का महत्वपूर्ण मंच होती है। लगातार बैठक नहीं होने से क्षेत्र के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं तथा आम जनता की समस्याओं का समय पर समाधान नहीं हो पा रहा है।

बैठक में बताया गया कि बीते आठ महीनों के दौरान कई बार प्रखंड प्रशासन से मासिक बैठक आयोजित कराने का आग्रह किया गया, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई पहल नहीं की गई। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पंचायत समिति के माध्यम से ही विभिन्न पंचायतों की समस्याएं प्रशासन तक पहुंचती हैं और उन पर निर्णय लिए जाते हैं।

सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि आगामी 10 दिनों के भीतर पंचायत समिति की मासिक बैठक आयोजित नहीं कराई जाती है तो सभी पंचायत समिति सदस्य लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से आंदोलन करेंगे।

बैठक में पंचायत समिति सदस्य आरती देवी, नीलम देवी, वीणा देवी, अनीता देवी, अस्मिता देवी, संजू कुमारी, दिलीप कुमार सिंह, राजमहेंद्र सिंह, बलराम सिंह, संगीता देवी, प्रवीण कुमार, घनश्याम राम सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एसआईआर अभियान में घर-घर पहुंचकर लोगों की मदद करेगी युवा कांग्रेस : अमित यादव

● जिला कार्यकारिणी की बैठक में संगठन विस्तार और बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने पर मंथन

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जिला युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को परिसदन भवन में जिला अध्यक्ष अमित यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन विस्तार, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान में पार्टी की भूमिका तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अमित यादव ने कहा कि युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी की बैठक प्रत्येक माह आयोजित की जाती है। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान आम लोगों को मतदाता सूची से संबंधित विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों की सहायता करेंगे तथा कांग्रेस पार्टी द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के साथ समन्वय स्थापित कर पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने और आवश्यक प्रक्रियाओं में सहयोग करेंगे। प्रदेश कांग्रेस के सचिव आफताब आलम ने कहा कि एसआईआर अभियान के लिए समय सीमित है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन का प्रत्येक सदस्य सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि संगठन को जब भी उनकी आवश्यकता होगी, वे पूरी मजबूती के साथ साथ खड़े रहेंगे।

विधानसभा अध्यक्ष टिंकू बाबू ने कहा कि विधानसभा स्तरीय कमेटी लगभग तैयार हो चुकी है। संगठन विस्तार अभियान के तहत हर वर्ग के युवाओं को जोड़कर उन्हें संगठन में उचित प्रतिनिधित्व देने का कार्य लगातार किया जा रहा है।

बैठक में जिला महासचिव मिथलेश पासवान, नगर अध्यक्ष सुरेंद्र उरांव, जिला सचिव सुहेल अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष अख्तर हुसैन, विधायक प्रतिनिधि सुनील प्रसाद, कार्यालय प्रभारी फूलचंद यादव, दानिश, चंदन गुप्ता, मुश्ताक, राजीव कुमार, रंजय यादव, अल्लेनबी, गोल्डेन, रंजन सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 1 जुलाई से शुरू होगा श्री बजरंग बली एवं शिव मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव

**भरनो (गुमला)।** ब्लॉक चौक स्थित नवनिर्मित श्री बजरंग बली एवं शिव मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन की शुरुआत 1 जुलाई को भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। शक्ति क्लब के हरिशंकर शाही एवं देवकुमार गुप्ता ने बताया कि 2 जुलाई को वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार मंदिरों की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न होगी, जबकि 3 जुलाई को हवन, पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने की अपील की है।

### 11वीं के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया

**गुमला।** रायडीह प्रखंड के कुलमुंडा बेरीटोली गांव में 17 वर्षीय छात्र द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रायडीह थाना क्षेत्र के कुलमुंडा बेरीटोली निवासी पैकस लकड़ा के पुत्र जैतून लकड़ा ने रविवार शाम लगभग 6:30 बजे अपने घर में फांसी लगा ली। वह रायडीह के एसएस हाई स्कूल में 11वीं कक्षा का छात्र था। परिजनों के अनुसार वह दिनभर सामान्य था। शाम को अपने कमरे में जाने के बाद उसने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक बाहर नहीं आने पर परिजनों ने दूसरे दरवाजे से झांककर देखा तो वह फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर रायडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि जैतून पढ़ाई में मेधावी और शांत स्वभाव का छात्र था। उसकी असामयिक मौत से परिवार के साथ-साथ पूरे गांव में शोक का माहौल है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। यदि जांच में किसी प्रकार की प्रताड़ना या अन्य कारण सामने आते हैं तो उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## प्रखंड स्तरीय लिटिल चैम्प व सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

● विजेता टीमें अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगी भरनो का प्रतिनिधित्व

नवीन मेल संवाददाता




**भरनो (गुमला)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू हाई स्कूल भरनो के खेल मैदान में सोमवार को प्रखंड स्तरीय लिटिल चैंप एवं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

समापन समारोह में प्रखंड प्रमुख पारस नाथ उरांव, बीपीओ सूरज लकड़ा और बीआरपी समीम एजाज ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

प्रमुख पारस नाथ उरांव ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना तथा शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा देते हैं।

प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबलों में अंडर-15 वर्ग में राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय डूडीया विजेता तथा राजकीयकृत मध्य विद्यालय भरनो उपविजेता रहा। अंडर-17 बालक वर्ग में प्लस टू उच्च विद्यालय भरनो विजेता और राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय दुम्बो उपविजेता बना। वहीं अंडर-17 बालिका वर्ग में राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय पाबेया विजेता तथा प्लस टू उच्च विद्यालय भरनो उपविजेता रहा।

सभी विजेता टीमें अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भरनो प्रखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सीआरपी भूषण केशरी, नूर एहसान, शशिभूषण, राजेश प्रसाद, अमित टोप्पो, योगेश प्रसाद केशरी, कलेश्वर सिंह सहित अन्य शिक्षकों एवं खेल पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ई-सुश्रुत क्लिनिक: छोटे क्लीनिकों के लिए नई सुविधा

**एजेंसी। नई दिल्ली।**

» **499 रुपए** मासिक शुल्क, 200 रुपए सब्सिडी के बाद 299 रुपए प्रति माह

» शुरुआती तीन महीने सेवा पूरी तरह मुफ्त रहेगी



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को छोटे क्लीनिकों के लिए 'ई सुश्रुत क्लिनिक' नामक हॉस्पिटल मैनेजमेंट सिस्टम का शुभारंभ किया। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म को सी-डैक ने तैयार किया है। इसका उद्देश्य छोटे क्लीनिकों में स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देना और उन्हें सरकार समर्थित, किफायती एवं उपयोग में आसान डिजिटल समाधान उपलब्ध कराना है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश के अधिकांश छोटे ओपीडी क्लीनिक अब भी मैनुअल व्यवस्था पर निर्भर हैं। बड़े हॉस्पिटल मैनेजमेंट सिस्टम महंगे और जटिल होने के कारण छोटे क्लीनिक उन्हें अपनाने में सक्षम नहीं हैं। ऐसे में 'ई सुश्रुत क्लिनिक' इस कमी को दूर करेगा और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को तेजी से लागू करने में मदद करेगा।

सरकार की योजना है कि इस सिस्टम का उपयोग सरकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, उप-स्वास्थ्य केंद्रों के साथ-साथ निजी क्लीनिकों में भी किया जाए। फिलहाल 800 से अधिक स्वास्थ्य संस्थान इस प्लेटफॉर्म से जुड़ चुके हैं और इसके माध्यम से 680 से अधिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड तैयार किए जा चुके हैं।

यह एक क्लाउड आधारित हल्का हॉस्पिटल मैनेजमेंट सिस्टम है, जिसे विशेष रूप से छोटे आउट पेशेंट क्लीनिकों के लिए तैयार किया गया है। इसकी प्रमुख सुविधाओं में मरीजों का पंजीकरण, बिलिंग, एमआईएस रिपोर्टिंग, स्पीच-टू-टेक्स्ट, क्लीनिकल डिसीजन सपोर्ट सिस्टम, आयुष्मान भारत खोजने की सुविधा जैसी सेवाएं शामिल हैं। यह सिस्टम उपयोग में आसान है और इसके संचालन के लिए विशेष तकनीकी जानकारी की आवश्यकता नहीं होगी। इसके अलावा, केवल हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री में पंजीकृत डॉक्टर ही इसका उपयोग कर सकेंगे, जिससे केवल प्रमाणित चिकित्सकों को ही इस सुविधा का लाभ मिलेगा। डिजिटल हेल्थ सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण और सी-डैक के बीच एक समझौता किया जाएगा। इसके तहत सी-डैक सॉफ्टवेयर का रखरखाव और अपग्रेडेशन करेगा।

## प बंगाल विस में दो महत्वपूर्ण ओबीसी आरक्षण विधेयक पारित टीएमसी काल की ओबीसी सूची रद्द

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में सरकारी नौकरियों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण से संबंधित दो महत्वपूर्ण विधेयक सोमवार को विधानसभा में ध्वनि मत से पारित हो गए। इसके साथ ही, राज्य सरकार के लिए ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की पिछली सरकार के दौरान तैयार की गई ओबीसी सूची को रद्द करने का रास्ता साफ हो गया है। विधानसभा द्वारा पारित किए गए दो विधेयक "पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग (अनुसूचित और अनुसूचित जनजाति के अलावा) सेवाओं और पदों में रिक्तियों के आरक्षण (संशोधन) विधेयक 2026" और "पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग आयोग (संशोधन) विधेयक 2026" हैं। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं जन शिक्षा विस्तार एवं पुस्तकालय सेवा मंत्री गौरी शंकर घोष ने ये दोनों विधेयक पेश किए। सदन में बहस के दौरान बोलते हुए भाजपा विधायकों ने आरोप लगाया कि पिछली टीएमसी सरकार ने जानबूझकर मुस्लिम समुदाय के लोगों को बड़ी संख्या में शामिल करके एक पक्षपातपूर्ण ओबीसी सूची तैयार की थी ताकि अपने अल्पसंख्यक वोट बैंक को खुश किया जा सके। पार्टी ने यह भी दावा किया कि संशोधित सूची ने हिंदू समुदायों की कीमत पर मुस्लिम समुदायों को अतिरिक्त लाभ दिए हैं। उस समय भाजपा ने टीएमसी शासन के दौरान तैयार की गई नई सूची पर आपत्ति जताई थी और दावा किया था कि उस सूची में "मुस्लिम" पृष्ठभूमि वाले समुदायों को अतिरिक्त लाभ दिया गया था, जिससे "हिंदू" पृष्ठभूमि वाले समुदायों को वंचित किया गया था। इन दो विधेयकों के पारित होने के साथ ही मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पिछली कैबिनेट द्वारा तैयार की गई ओबीसी सूची को रद्द करने का रास्ता साफ कर दिया है।

## सीबीएसई ने जारी किए त्रिभाषा नीति के दिशा-निर्देश

# कक्षा दस के मौजूदा छात्रों को नहीं देनी होगी तीसरी भाषा की बोर्ड परीक्षा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप त्रिभाषा नीति को लागू करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। हालांकि कक्षा 10 के मौजूदा छात्रों के लिए कोई बदलाव नहीं किया गया है। वे केवल दो भाषाओं के साथ अपनी पढ़ाई जारी रखेंगे व बोर्ड परीक्षा देंगे।

इसके साथ ही बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि नई व्यवस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों पर अतिरिक्त दबाव डालना नहीं, बल्कि भारतीय भाषाओं के अध्ययन को बढ़ावा देना और बहुभाषी दक्षता विकसित करना है। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया है कि किसी भी छात्र को इस बदलाव के कारण नुकसान न उठाना पड़े।

नई नीति के तहत तीन भाषाओं का अध्ययन किया जाएगा, जिनमें से कम से कम दो भारतीय भाषाएं होना अनिवार्य होगा। तीसरी भाषा भारतीय भाषा या विदेशी भाषा दोनों में से कोई भी हो सकती है, बशर्ते अन्य दो भाषाएं भारतीय हों।सबसे बड़ी राहत वर्तमान कक्षा 10 के विद्यार्थियों को दी गई है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 10 में पढ़ रहे छात्रों के लिए कोई बदलाव नहीं होगा।

वे पहले की तरह केवल दो भाषाओं के साथ अपनी पढ़ाई और बोर्ड परीक्षा पूरी करेंगे। इस बैच को तीसरी भाषा पढ़ने की आवश्यकता नहीं होगी।

### कक्षा 9 के छात्रों को तीसरी भाषा में छूट

वहीं वर्तमान कक्षा 9 के विद्यार्थियों को तीन भाषाएं पढ़नी होंगी, जिनमें कम से कम दो भारतीय भाषाएं होंगी। यदि कोई छात्र पहले से दो भारतीय भाषाएं पढ़ रहा है, तो वह तीसरी भाषा के रूप में भारतीय भाषा या अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन जैसी विदेशी भाषा चुन सकता है।यदि कोई छात्र एक भारतीय भाषा और एक विदेशी भाषा पढ़ रहा है, तो उसे तीसरी भाषा के रूप में किसी भारतीय भाषा का चयन करना होगा। सीबीएसई ने वर्तमान कक्षा 9 के उन विद्यार्थियों को विशेष एकमुश्त राहत दी है जो पहले से अंग्रेजी और फ्रेंच जैसी दो विदेशी भाषाएं पढ़ रहे हैं। ऐसे छात्रों को अपनी दोनों विदेशी भाषाएं जारी रखने की अनुमति होगी।

- नई नीति में तीन भाषाएं पढ़ना अनिवार्य, जिनमें कम से कम दो भारतीय भाषाएं होंगी
- तीसरी भाषा भारतीय या विदेशी भाषा हो सकती है, यदि अन्य दो भारतीय भाषाएं हों



## सेना ने मंगोलिया में ऑपरेशनल तैयारी का किया प्रदर्शन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय सेना ने मंगोलिया की राजधानी उलानबातार में बहुराष्ट्रीय शांति स्थापना सैन्य अभ्यास 'खान क्वेस्ट' में हिस्सा लेकर अपने सामरिक कौशल एवं रणनीतिक चपलता के साथ ऑपरेशनल तैयारी का प्रदर्शन किया है।

**भारत, अमेरिका समेत 18 देशों के करीब 1,000 सैनिक अभ्यास में शामिल।**

फाइव हिल्स ट्रेनिंग एरिया में हो रहे इस अभ्यास में भारतीय सेना की जाट रेजिमेंट की 40 सदस्यीय टुकड़ी हिस्सा ले रही है। यह 'खान क्वेस्ट' अभ्यास 2003 में अमेरिका और मंगोलिया के बीच एक द्विपक्षीय कार्यक्रम के रूप में शुरू हुआ था, जो 2006 से एक बहुराष्ट्रीय शांति स्थापना अभ्यास में बदल गया है। भारतीय सेना की टुकड़ी बहुपक्षीय संयुक्त सैन्य अभ्यास 'खान क्वेस्ट' में भाग लेने के लिए 18 जून को रवाना हुई थी। यह अभ्यास 20 जून से 3 जुलाई तक मंगोलिया के उलानबातार स्थित फाइव हिल्स ट्रेनिंग एरिया में हो रहा है। इस अभ्यास में दुनिया भर की सैन्य ताकतें संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय 7 के तहत शांति समर्थन अभियानों में सहयोग और अंतर-संचालनीयता बढ़ाने के लिए एकजुट हो रही हैं। इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत बहुराष्ट्रीय वातावरण में शांति सुरक्षा और शांति समर्थन अभियानों के लिए सैन्य तत्परता और अंतर-संचालन को बढ़ाना है। अभ्यास के दौरान संयुक्त योजना, गश्त, घेराबंदी और तलाशी अभियान, शत्रुतापूर्ण क्षेत्रों से नागरिकों की निकासी और कॉम्बैट फर्स्ट-एड का प्रदर्शन किया जा रहा है।

## प्रशासनिक डेटा बने राष्ट्रीय संपत्ति: प्रधान सचिव

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी.के. मिश्रा ने सोमवार को कहा कि भारत के अलग-अलग विभागों में बिखरे प्रशासनिक डेटा को एक रणनीतिक राष्ट्रीय संपत्ति में बदलने की जरूरत है।



उनका कहना है कि यदि सरकारी डेटा का बेहतर एकीकरण किया जाए तो इससे सुशासन, नीति निर्माण और सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता में बड़ा सुधार होगा, साथ ही गोपनीयता और सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकती है। सांख्यिकी दिवस के 20वें समारोह को संबोधित करते हुए मिश्रा ने कहा कि भारत में तेजी से हो रहे डिजिटल परिवर्तन के कारण सरकारी योजनाओं, नियामक संस्थानों और सार्वजनिक सेवाओं के माध्यम से बड़ी मात्रा में प्रशासनिक डेटा तैयार हो रहा है। उन्होंने कहा, "इन डेटा सेट्स में आर्थिक गतिविधियों, सामाजिक विकास, बुनियादी ढांचे के निर्माण, वित्तीय समावेशन, स्वास्थ्य, शिक्षा और कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां मौजूद हैं।

## डेडलाइन से पहले राबड़ी देवी ने खाली किया पटना का बंगला, भाजपा मंत्री को होगा आबंटित

**एजेंसी। पटना**



बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने यहां 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास खाली करना शुरू कर दिया है। इस आवास को खाली करने की समयसीमा सोमवार को समाप्त हो रही है। इस बीच आवास से सीसीटीवी कैमरे हटाए जा चुके हैं और पूर्व मुख्यमंत्री का निजी सामान भी बाहर ले जाया जा रहा है। रविवार देर शाम से ही मजदूरों ने घर का सामान दूसरी जगह स्थानांतरित करना शुरू कर दिया। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के एक नेता ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया, ''राबड़ी देवी का अधिकांश सामान फिलहाल परिवार के कौटिल्य नगर स्थित निजी आवास में ले जाया जा रहा है।'' यह घटनाक्रम ऐसे समय में हो रहा है जब 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास का आवंटन राज्य के पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री नंद किशोर राम के नाम किया जा चुका है। राबड़ी देवी करीब दो दशक से इस आवास में रह रही थीं।

## ग्रामीणों ने धर्मांतरित महिला के घर की बाउंड्रीवाल तोड़ी, गांव में तनाव का माहौल

**एजेंसी। कांकेर**

जिले के अंतागढ़ के समीप केसालपारा गांव में आज सोमवार को एक धर्मांतरित महिला के घर की बाउंड्रीवॉल तोड़ दिया है, जिसके बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया है। धर्मांतरित महिला का कहना है कि वह अपनी इच्छा से ईसाई धर्म का पालन करती है, लेकिन इसी बात को लेकर उसके घर पर ग्रामीणों की भीड़ पहुंची और बाउंड्रीवाल में तोड़फोड़ की गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। पीड़ित महिला का कहना है कि पति की मृत्यु के बाद वह अपने चार बच्चों का पालन-पोषण अकेले कर रही है। है कि उसने अपनी आस्था के आधार पर ईसाई धर्म में विश्वास को चुना है और किसी ने उन पर धर्म परिवर्तन का दबाव नहीं बनाया। महिला का कहना है कि, अब उस पर मूल धर्म में लौटने का दबाव बनाया जा रहा है, जबकि उसका विश्वास ईसाई धर्म में है और वह अपनी आस्था नहीं बदलना चाहती।

### जामुड़िया में अस्थायी चर्च में धर्मांतरण की प्रक्रिया चलाने का आरोप, इलाके में तनाव

पश्चिम बर्दवान, 29 जून (हि. स.)। जामुड़िया के बागान धावड़ा आदिवासी इलाके में सोमवार को कथित धर्मांतरण प्रक्रिया चलाने के आरोप को लेकर तनाव की स्थिति बन गई। जानकारी के अनुसार, इलाके में स्थित एक अस्थायी चर्च में धर्मांतरण की प्रक्रिया चलाने का आरोप लगाया गया। इसकी सूचना मिलने के बाद जामुड़िया हिंदू परिषद और बजरंग दल के सदस्य मौके पर पहुंचे, जिससे इलाके में तनाव का माहौल बन गया।

**संदेश** भारत संग दोस्ती का नया अध्याय

# सुप्रीम लीडर मोजतबा ने पीएम को भेजा खास संदेश

- क्षेत्रीय सहयोग में नई दिल्ली की अहम भूमिका को रेखांकित किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने ईद-उल-अज़हा के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से दी गई शुभकामनाओं के लिए उनका गहरा आभार व्यक्त किया है। रानी सूत्रों के अनुसार, सर्वोच्च नेता ने दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे दोस्ताना संबंधों को और मजबूत करने के महत्व पर ज़ोर दिया और क्षेत्रीय सहयोग में नई दिल्ली की अहम भूमिका को रेखांकित किया। हरान की ओर से आधिकारिक संदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुभकामनाओं का गर्मजोशी से जवाब दिया गया, जो भारत और ईरान के बीच गहरे सांस्कृतिक और रणनीतिक संबंधों को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी को भेजे अपने आधिकारिक संदेश में, ईरान के सर्वोच्च नेता ने कहा नरेंद्र मोदी, भारत गणराज्य के माननीय प्रधानमंत्री, मुझे ईद-उल-अज़हा के मुबारक मौके पर आपकी ओर से बधाई संदेश मिला है।

संदेश में आगे कहा गया कि अपनी सच्ची तारीफ़ और बधाई देते हुए, मुझे पूरा भरोसा है कि हमारे दोनों देशों के बीच आपसी सम्मान और साझा हितों पर आधारित ऐतिहासिक दोस्ती, हमारी दोनों सरकारों की कोशिशों से और मज़बूत और विस्तृत होती रहेगी। मैं सर्वशक्तिमान ईश्वर से भारत सरकार और भारत के महान लोगों की समृद्धि और लगातार सफलता के लिए प्रार्थना करता हूँ। यह बातचीत ईरान के सर्वोच्च नेता के तौर पर पद संभालने के बाद मोजतबा खामेनेई की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजा गया पहला सीधा संदेश माना जा रहा है। खास बात यह है कि पद संभालने के बाद से नए नेता को अभी तक सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है; ऐसी व्यापक खबरें हैं कि अमेरिकी सैन्य हमलों के दौरान उन्हें गंभीर चोटें आई थीं।

तेहरान में नेतृत्व में हुए अहम बदलावों के बीच यह उच्च-स्तरीय संपर्क हुआ है। इससे पहले, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियन ने प्रधानमंत्री मोदी को ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के राजकीय अंतिम संस्कार और दफ़नाने की रस्मों के लिए न्योता दिया था।

यह आधिकारिक न्योता 86 वर्षीय नेता की मौत के बाद एक अहम राजनयिक कदम है; 28 फरवरी को अमेरिका और इज़राइल के संयुक्त हवाई हमले में उनकी मौत हो गई थी। 36 वर्षों तक इस्लामिक गणराज्य का नेतृत्व करने वाले वरिष्ठ खामेनेई की मौत तेहरान के खिलाफ सैन्य हमलों के पहले दिन ही हो गई थी।

## दृष्टिपात

### राम मंदिर चढ़ावा विवाद की सच्चाई सामने लाने के लिए ट्रस्ट प्रतिबद्ध : आलोक कुमार

**अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा विवाद पर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं। इस बीच विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार ने सोमवार को कहा कि ट्रस्ट मामले की निष्पक्ष और जल्द जांच पूरी कराने के लिए



लगातार कदम उठा रहा है। ट्रस्ट की प्राथमिकता सच्चाई सामने लाना और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करना है। आलोक कुमार ने वीडियो संदेश जारी कर कहा, "राम जन्मभूमि के सभी ट्रस्टी इस घटना की पूरी जांच को लेकर गंभीर हैं और इसके लिए सक्रिय रूप से व्यवस्था कर रहे हैं। घटना सामने आने के बाद ट्रस्ट की ओर से प्रारंभिक जांच की गई थी, जिसमें कुछ लोगों की संलिप्तता सामने आई और करीब 80 लाख रुपए की रिकवरी की गई। प्राथमिक जांच के बाद ही ट्रस्ट ने मुख्यमंत्री से मामले की एसआईटी जांच का अनुरोध किया था। जब एसआईटी अयोध्या पहुंची तो ट्रस्ट के तत्कालीन महासचिव चंपत राय ने स्वयं जांच में सहयोग की पेशकश की और कहा कि सच्चाई सामने आनी चाहिए। उन्होंने जांच अधिकारियों से पहले उनसे पूछताछ करने की बात भी कही थी।

### कश्मीरी पंडित नर्स मर्डर केस में चार्जशीट दाखिल, यासीन मलिक समेत 5 नाम शामिल

**श्रीनगर।** कश्मीर की स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (सीआईए) ने श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (स्कीम्स) की स्टाफ नर्स सरला भट के अपहरण, टॉर्चर और हत्या के मामले में 737 पेज की चार्जशीट दाखिल की है। आरोपपत्र में प्रतिबंधित जेकेएलएफ चीफ यासीन मलिक और चार अन्य लोगों के नाम शामिल किये गए हैं। एजेंसी के मुताबिक यह मामला कश्मीर में आतंकवाद के शुरुआती दौर में हुए सबसे बर्बर आतंकवादी अपराधों में से एक से जुड़ा है। सरला भट का 18 अप्रैल, 1990 को स्कीम्स से अपहरण कर लिया गया था। उन्हें बेरहमी से टॉर्चर किया गया और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया और उसके बाद श्रीनगर की उमर कॉलोनी में ऑटोमैटिक राइफल से गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई। प्रवक्ता ने बताया कि यह केस 18 मार्च, 2024 को सीआईए को सौंपा गया था।, बयान में कहा गया है कि चार्जशीट में दशकों से जमा किए गए मौखिक, दस्तावेज़ी, फोरेंसिक, बैलिस्टिक, मेडिकल और इलेक्ट्रॉनिक सबूतों का एक मज़बूत संग्रह शामिल है। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के चरम पर होने के दौरान बने असाधारण हालात की वजह से यह केस दशकों तक अनसुलझा रहा। आतंकवादी संगठनों की धमकी और आतंक के माहौल ने गवाहों के सामने आने और ज़रूरी तथ्य बताने की क्षमता पर बुरा असर डाला था।

### प बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी के खिलाफ शिकायत दर्ज, जबरन वसूली का आरोप

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पार्थ चटर्जी के खिलाफ जबरन वसूली और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में शिकायत दर्ज की गई है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कोलकाता म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की पूर्व पार्षद धनश्री वाघ और उनके साथियों तिलक भट्टाचार्य और सुदीप घोष का नाम भी इसी तरह के आरोपों वाली शिकायत में शामिल किया गया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना वर्ष 2020 की है, जो शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में पार्थ चटर्जी की प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा गिरफ्तारी से दो साल पहले हुई थी।"ठाकुरपुकुर रोड की रहने वाली शिकायतकर्ता का दावा है कि वह डर के कारण पहले पुलिस के पास नहीं जा सकी, क्योंकि उस समय तृणमूल कांग्रेस सत्ता में थी। राजनीतिक हालात बदलने के बाद उन्होंने पार्थ चटर्जी, घनश्री वाघ, तिलक भट्टाचार्य और सुदीप घोष के खिलाफ ठाकुरपुकुर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद जांच शुरू हुई। पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता महिला ने आरोप लगाया कि उनके ससुर, जो भाजपा कार्यकर्ता थे।

### बांग्लादेश से आएगा हिंदी छात्रों शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में ढाका विश्वविद्यालय के 'इंस्टीट्यूट ऑफ मॉडर्न लैंग्वेज' के हिन्दी के छात्रों एवं शिक्षकों का एक विशेष प्रतिनिधिमंडल दो जुलाई से 10 जुलाई तक भारत की यात्रा पर आ रहा है।भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के 'स्टूडेंट्स विजिटर्स प्रोग्राम 2026–27' के तहत आयोजित यह दौरा बांग्लादेश की राजधानी ढाका स्थित भारत के उच्चायोग और आईसीसीआर की एक संयुक्त पहल है। इसका मुख्य उद्देश्य दोनों पड़ोसी देशों के बीच भाषाई तथा सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक मजबूत बनाना है। इनमें साहित्य अकादमी के सचिव और भारतीय ज्ञानपीठ (नई दिल्ली) के निदेशक डॉ. वरुण गुलाटी, जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) के 'सेंटर फॉर इंडियन लैंग्वेजेज़' के प्रमुख प्रो. सुधीर प्रताप सिंह, दिल्ली यूनिवर्सिटी के हिंदी विभाग की प्रमुख प्रो. सुधा सिंह, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) के हिंदी विभाग के प्रमुख प्रो. वशिष्ठ द्विवेदी, केंद्रीय हिंदी संस्थान (आगरा) के निदेशक शामिल होंगे।

### ऑपरेशन सिंदूर में शहीदों के नामों पर कांग्रेस का सरकार पर हमला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए छह सैनिकों के नाम 13 महीने बाद सार्वजनिक किए जाने पर सरकार और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पर निशाना साधा है। कांग्रेस के एक्स-सर्विसमैन विभाग के अध्यक्ष कर्नल रोहित चौधरी (रि.) ने आरोप लगाया कि रक्षा मंत्री ने सदन में गलत जानकारी दी और शहीदों की अनदेखी की है। कर्नल रोहित चौधरी ने यहां पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर में किसी भी सैनिक की क्षति नहीं हुई, जबकि बाद में सरकार ने शहीदों के नाम सार्वजनिक किए। शहीदों के नाम आने में 13 महीने की देरी हुई, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने रक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार और सत्ता पक्ष के सांसदों को माफी मांगनी चाहिए। आरोप लगाया कि सरकार ने ऑपरेशन के दौरान सेना को खुली छूट नहीं दी और विदेश नीति कमजोर रही, जिससे पाकिस्तान को वैश्विक संस्थानों से लोन मिला और आतंकी संगठनों पर नजर रखने की जिम्मेदारी उसी को सौंप दी गई।

### जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट ने पॉक्सो मामले में आरोपी को दी जमानत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट ने 'बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण' (पॉक्सो) एक्ट के तहत आरोपी बनाए गए एक व्यक्ति को जमानत दे दी है। जस्टिस संजय धर की बेंच ने आरोपी को जमानत देते हुए कहा कि भले ही नाबालिग की सहमति की कोई कानूनी मान्यता नहीं होती, लेकिन जमानत अर्जी पर फैसला करते समय किशोरों के बीच आपसी सहमति से बने रिश्तों से जुड़ी परिस्थितियों पर विचार किया जा सकता है। आरोपी को मगम पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। उस पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत अपहरण और रेप, और पॉक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत आरोप लगाए गए थे। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने गौर किया कि पीड़िता ने ट्रायल कोर्ट के सामने बयान देते हुए कहा था कि वह अपनी मर्जी से आरोपी के साथ गई थी।




## नीट/एपस्टीन विवाद की गाज

# प्रधान/पुरी, अन्य 6 मंत्री भी हटेंगे?

- निर्मला का बदलेगा मंत्रालय?
- दास हो सकते हैं वित्त मंत्री

**कृष्णमोहन सिंह**



**नई दिल्ली।** आगामी संसद सत्र से ठीक पहले दिल्ली के सत्ता गलियारों में होने वाला यह कैबिनेट फेरबदल कोई रूटीन बदलाव नहीं, बल्कि सरकार की साख को दोबारा चमकाने की एक गहरी रणनीतिक सर्जरी है। इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने मंत्रियों के तथाकथित परफॉर्मेंस रिपोर्ट कार्ड व हालिया विवादों की आड़ में यह सब करने की बात है।इस महा-फेरबदल में 8 बड़े मंत्रियों की छुट्टी या उनके विभागों में बड़ा फेरबदल होने की चर्चा है, जिसमें धर्मेंद्र प्रधान, हरदीप सिंह पुरी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का नाम बहुत चर्चा में है।

### इन 8 मंत्रियों पर गाज गिरने की बात

- **धर्मेंद्र प्रधान (शिक्षा मंत्री)**: इस फेरबदल के सबसे बड़े केंद्र शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान हैं। नीट-यूजी पेपर लीक मामले और सीबीएसई डिजिटल मार्किंग की भयंकर गड़बड़ियों ने देश के करोड़ों छात्रों को सड़क पर उतार दिया। इस विवाद ने सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' वाली छवि का बाजा बजा दिया और संघ भी इससे बेहद असहज हुआ। विपक्ष के चौतरफा हमलों के बीच प्रधान की कैबिनेट से छुट्टी तय मानी जा रही है, और उन्हें वापस संगठन की कमान सौंपी जा सकती है।
- **हरदीप सिंह पुरी (पेट्रोलियम व शहरी विकास मंत्री):** ब्यूरोक्रेसी से राजनीति में आए व एपस्टीन मामले में विवादास्पद हुए मंत्री हरदीप सिंह पुरी को भी इस बार कैबिनेट से बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है। मंत्रालयों के प्रशासनिक लक्ष्यों में सुस्ती और आगामी सांगठनिक फेरबदल को देखते हुए उन्हें किसी नई भूमिका या संगठन में भेजा जा सकता है।
- **निर्मला सीतारमण (वित्त मंत्री):** चर्चा है कि निर्मला सीतारमण का मंत्रालय बदला जा सकता है। क्योंकि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और देश की विकास दर को 8% से ऊपर बनाए रखने के लिए सरकार आर्थिक मोर्चे पर बिल्कुल नया व आक्रामक चेहरा चाहती है।
- **धर्मेंद्र प्रधान व हरदीप पुरी के अलावा 6 अन्य मंत्री:** रिपोर्ट के अनुसार, कुल 8 मंत्रियों के विभागों पर कैंची चलनी है। इनमें कुछ ऐसे राज्य मंत्री और कैबिनेट चेहरे शामिल हैं जो अपने विभागों में 'डिलीवर' नहीं कर पाए या फिर जिन राज्यों (जैसे उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार) में भाजपा को चुनावी नुकसान हुआ है, वहां के मंत्रियों को हटाकर नए जातीय व सामाजिक समीकरण साधे जाएंगे।

### दास व वित्त मंत्रालय

इस पूरी बिसात का सबसे बड़ा गेम चेंजर पूर्व आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास का नाम है। सुगबुगाहट बेहद तेज है कि निर्मला सीतारमण की जगह शक्तिकांत दास को देश का नया वित्त मंत्री बनाया जा सकता है। यदि ऐसा होता है, तो यह मोदी सरकार के उस पैटर्न को दोहराएगा जहां जटिल और तकनीकी मंत्रालयों के लिए विशुद्ध राजनेताओं के बजाय 'डोमेन एक्सपर्ट्स' (विषय विशेषज्ञों) पर भरोसा किया जाता है—ठीक वैसे ही जैसे विदेश मंत्रालय में एस. जयशंकर और रेलवे में अश्विनी वैष्णव को लाया गया था। शक्तिकांत दास की वित्तीय समझ और साख के जरिए सरकार बाजार और निवेशकों को एक बड़ा सकारात्मक संदेश देना चाहती है।

### बागियों का एडजस्टमेंट व संगठन का नया तालमेल

एक तरफ जहां धर्मेंद्र प्रधान, पंकज चौधरी (कुर्मी-ओबीसी चेहरा) और हर्ष मल्होत्रा (पंजाबी-खत्री चेहरा) जैसे दिग्गजों को मंत्रालयों से मुक्त कर उत्तर प्रदेश, दिल्ली और अन्य राज्यों में संगठन की 'धूप और तपस्या' में पसीना बहाने के लिए भेजा जा रहा है; वहीं दूसरी तरफ विपक्षी दलों (टीएमसी, आप और शिवसेना उद्धव गुट) से पाला बदलकर आए बागियों और नए चेहरों को कैबिनेट में एडजस्ट करने की तैयारी है। पंजाब से जट सिख चेहरा रवनीत सिंह बिट्टू और झारखंड से नए जुझारू क्षत्रपों की एंट्री इसी सोशल इंजीनियरिंग का हिस्सा है। चर्चा है कि पीएम के विदेश दौरे से लौटते ही इस 'ऑपरेशन ओवरहाल' की अंतिम सूची पर मुहर लग जाएगी। यह फेरबदल साफ संदेश देगा कि मोदी 4.0 के दौर मंत्री बनने और बने रहने के लिए बहुत कुछ और भी कारण होते हैं जो इसका पासपोर्ट है।

## चंपत राय के पास अगर अवैध संपत्ति होती तो पैतृक घर जर्जर न होता, सभी आरोप बेबुनियाद : परिजन



**बिजनौर ।** राम मंदिर चढ़ावे में गड़बड़ी के मामले में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के समर्थन में उनके परिजन और स्थानीय लोग सामने आए हैं। उन्होंने चंपत राय पर लगाए जा रहे आरोपों को पूरी तरह बेबुनियाद बताया और कहा कि उनका जीवन हमेशा सादगी, ईमानदारी और समाज सेवा के लिए समर्पित रहा है। उनका कहना है कि चंपत राय को जानबूझकर बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। चंपत राय के छोटे भाई सुनील कुमार बंसल ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा कि उनके भाई के खिलाफ लगाए जा रहे सभी आरोप झूठे और निराधार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल साजिश के तहत चंपत राय, राम मंदिर और उत्तर प्रदेश सरकार की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने अपने पैतृक घर की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह करीब 150 साल पुराना मकान है, जो आज भी जर्जर हालत में खड़ा है।

### बिहार पुलिस रेडियो ऑपरेटर भर्ती परीक्षा में धांधली का भंडाफोड़

## केंद्र अधीक्षक समेत 15 गिरफ्तार

**एजेंसी । खगड़िया**



बिहार के खगड़िया जिले में बिहार पुलिस रेडियो ऑपरेटर भर्ती प्रतियोगिता परीक्षा में धांधली का बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने सॉल्वर गैंग, परीक्षार्थियों, शिक्षकों और परीक्षा केंद्र के अधीक्षक की मिलीभगत से परीक्षा में कदाचार कराने के कथित षड्यंत्र का पर्दाफाश करते हुए कुल 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अभ्यर्थियों को परीक्षा पास कराने के नाम पर उनसे पांच से छह लाख रुपये तक की वसूली की जा रही थी और भुगतान सुनिश्चित करने के लिए उनसे ब्लैंक चेक भी लिए जाते थे। खगड़िया के पुलिस अधीक्षक भानु प्रताप सिंह ने सोमवार को बताया कि जिला आसूचना इकाई (डीआईयू) को सूचना मिली थी कि बिहार पुलिस रेडियो ऑपरेटर प्रतियोगिता परीक्षा में कुछ लोग अवैध तरीके से अभ्यर्थियों को पास कराने की साजिश रच रहे हैं।

## पंजाब एसेंबली की बड़ी 'भूल', सीएम मान समेत 78 सिख एमएलए अकाल तख्त में 'पेश'

**एजेंसी । नई दिल्ली**

पंजाब विधानसभा की 117 सीटों में से सिख समुदाय के सभी 78 सदस्य जिनमें मुख्यमंत्री भगवंत मान, उनके सिख कैबिनेट सहयोगी और स्पीकर कुलतार सिंह संधवान शामिल हैं। सोमवार को अमृतसर में सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था 'अकाल तख्त' के सामने पेश हुए। यह मामला दो महीने पहले उनके द्वारा पारित किए गए एक कानून से जुड़ा था। बैठक के अंत तक, उपस्थित विधायकों ने सिख भावनाओं के अनुरूप कानून में संशोधन करने पर सहमति व्यक्त की, जबकि अकाल तख्त ने पंजाब सरकार को आपत्तियों की औपचारिक सूची पर कार्रवाई करने के लिए एक महीने का समय दिया था। यहां बताया गया है कि यह कानून क्या कहता है, सिख धर्मगुरुओं के साथ विवाद का मुद्दा क्यों बना, और जब मामला अकाल तख्त तक पहुंचा तो क्या निर्णय लिया गया।



## राष्ट्रीय ग्रामीण विकास सम्मेलन में मंत्री दीपिका पांडेय हुईं शामिल, बोलीं

# झारखंड का मनरेगा मद में 900 करोड़ रुपए बकाया

- आवास योजना, न्यूनतम मजदूरी तथा ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा देने से संबंधित सुझाव दिए
- अबुआ आवास योजना में 90 दिनों की मजदूरी भुगतान की मांग रखी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय ग्रामीण विकास सम्मेलन में झारखंड की ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने राज्य से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में आयोजित सम्मेलन में उन्होंने मनरेगा, आवास योजना, न्यूनतम मजदूरी तथा ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा देने से संबंधित सुझाव दिए। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि महात्मा गांधी के नाम से नई जनहित योजना शुरू की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के नाम को योजनाओं से हटाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने मनरेगा के तहत 100 दिनों के बजाय 125 दिनों के रोजगार के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि बढ़ाकर दो लाख रुपये करने तथा मजबूत फैब्रिकेटेड स्ट्रक्चर वाले आवास निर्माण का सुझाव दिया। साथ ही अबुआ आवास योजना में 90 दिनों की मजदूरी भुगतान की मांग भी रखी। साथ ही मंत्री ने कहा कि झारखंड का मनरेगा मद में करीब 900 करोड़ रुपये बकाया है, जिसका शीघ्र भुगतान किया जाना चाहिए। उन्होंने न्यूनतम मजदूरी दर बढ़ाकर 433 रुपये प्रतिदिन करने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि राज्य की 32 लाख से अधिक महिलाएं आजीविका गतिविधियों से जुड़ी हैं और उन्हें बेहतर बाजार उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है। सम्मेलन में उन्होंने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ग्रामीण उद्योगों की स्थापना पर जोर दिया।



## दिल्ली पहुंचे मंत्री इरफान अंसारी, नड्डा से की मुलाकात

**रांची।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण परिषद (सीसीएचएफडब्ल्यू) की ओर से विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित 16 वीं केंद्रीय स्वास्थ्य परिषद सम्मेलन में देशभर के राज्यों की स्वास्थ्य योजनाओं, चुनौतियों एवं भविष्य की रणनीतियों पर मंथन किया जा रहा है। इसी क्रम में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी भी सोमवार को दिल्ली पहुंचकर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की। झारखंड के परिप्रेक्ष्य में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर जानकारी साझा की। यह बातें मंत्री इरफान अंसारी ने सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कही। उन्होंने जारी प्रेस विज्ञप्ति में हर्ष जाहिर करते हुए बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन में केंद्रीय राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव और अनुप्रिया पटेल सहित विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री भाग ले रहे हैं। सम्मेलन में राज्यों की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने, नई योजनाओं के क्रियान्वयन और जनस्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जा रही है। मंत्री ने कहा कि सम्मेलन में झारखंड की आवाज, राज्य के अधिकारों और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए हर मंच पर मजबूती से अपनी बात रखी जाएगी।

## बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना हमारा लक्ष्य : मंत्री

# 693 विद्यार्थियों को मिली साइकिल

- आर्थिक या भौगोलिक कारणों से किसी भी बच्चे की पढ़ाई बाधित नहीं होनी चाहिए
- कक्षा आठ में अध्ययनरत विद्यार्थियों को निशुल्क साइकिल उपलब्ध कराई जाती है



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार की निशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत सोमवार को रांची में 10 सरकारी विद्यालयों के 693 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिलें वितरित की गईं। कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने जगन्नाथपुर स्थित टीवीएस सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को साइकिलें सौंपीं।

इस मौके पर मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य हर छात्र-छात्रा तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आर्थिक या भौगोलिक कारणों से किसी भी बच्चे की पढ़ाई बाधित नहीं होनी चाहिए। विद्यालय की दूरी के कारण पढ़ाई छोड़ने की समस्या को कम करने में साइकिल वितरण योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार स्कूली शिक्षा के साथ-साथ उच्च शिक्षा के अवसर भी बढ़ा रही है। मेडिकल और इंजीनियरिंग जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को कोटा के प्रतिष्ठित संस्थानों, जैसे मोशन एजुकेशन, से जोड़कर विशेष कोचिंग उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि राज्य के छात्र राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। मंत्री ने विद्यार्थियों से पूरी लगन और अनुशासन के साथ पढ़ाई करने तथा अपने जीवन का स्पष्ट लक्ष्य तय कर उसे हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से संचालित इस योजना के तहत सरकारी विद्यालयों में कक्षा आठ में अध्ययनरत विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल उपलब्ध कराई जाती है। योजना का उद्देश्य दूरदराज के क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय तक पहुंच आसान बनाना और ड्रॉपआउट दर में कमी लाना है। अधिकारियों के अनुसार, रांची जिले में वर्ष 2026-27 के दौरान कुल 16,780 विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल उपलब्ध कराने की स्वीकृति दी गई है। कार्यक्रम में समेकित जनजाति विकास अभिकरण (आईटीडीए) रांची की परियोजना निदेशक मनीषा तिर्की, तथा विद्यालय के प्राचार्य और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## दुकानदारों से मांग रहा था रंगदारी लोअर बाजार पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के लोअर बाजार थाना की पुलिस ने रंगदारी देने से इंकार करने पर दुकानदार को पीटने वाले अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी मो साजिद उर्फ चाई हजारीबाग के इचाक का रहने वाला है। वर्तमान में आरोपी पुंदाग इलाके में रह रहा है। इस मामले में एनामुल हक उर्फ मुन्ना ने 28 जून को आरोपी के खिलाफ लोअर बाजार थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। आरोप लगाया कि आरोपी अक्सर रतन पीपी और चर्च कॉम्प्लेक्स के आसपास के दुकानदारों से रंगदारी की मांग किया करता था। इंकार करने वाले दुकानदारों के साथ गाली-गलौज करता था। विरोध करने पर आरोपी ने दुकानदार एनामुल के साथ मारपीट कर उन्हें बुरी तरह से जख्मी कर दिया था। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर लोअर बाजार थानेदार लव कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने मामले की जांच की। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को पुंदाग से गिरफ्तार किया।

पूछताछ में आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है।

## छात्रों को स्थानीय प्रमाणपत्र अविलंब दिया जाए : युवा आजसू

**रांची।** युवा आजसू ने झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा बोर्ड द्वारा चल रही नामांकन प्रक्रिया की समय सीमा 2 जुलाई के मद्देनजर छात्रों को अविलंब स्थानीय प्रमाणपत्र निर्गत करने की मांग की है। इस संबंध में आज युवा आजसू की रांची महानगर इकाई ने महानगर अध्यक्ष अमित यादव के नेतृत्व में अरगोड़ा अंचलाधिकारी सुदीप्त राज से मुलाकात कर झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा बोर्ड में आवेदन देने वाले छात्रों का स्थानीय प्रमाणपत्र बनाने में विलंब किए जाने की शिकायत की और अविलंब प्रमाणपत्र निर्गत करने की मांग की। अंचलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि प्रमाणपत्र निर्गत करने में तेजी लाने के लिए कदम उठाएंगे। प्रतिनिधिमंडल में जिप सदस्य हाकिम अंसारी केंद्रीय सचिव इम्तियाज़ अहमद नजमी, केंद्रीय मीडिया संयोजक परवाज खान, प्रताप सिंह, सौरव यादव, नीतिश राज, अमन कुमार समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल थे। जिप सदस्य हाकिम अंसारी ने बताया कि ज्ञापन में झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा बोर्ड द्वारा चल रही नामांकन प्रक्रिया की समयसीमा के मद्देनज़र स्थानीय प्रमाण पत्र बनाने में शीघ्रता करने का अनुरोध किया गया है।

## पेज एक के शेष

### रांची में स्थापित...

मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस और पीजी सीटों की संख्या बढ़ाने की मांग भी रखी। बैठक में आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय, ममता वाहन, कैंसर उपचार, आईसीयू, सीसीयू एवं एचडीयू की स्थापना तथा मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के मुद्दे भी उठाए गए। मंत्री ने कहा कि राज्य के प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है।

### जूनियर महिला हॉकी....

यूरोप की मजबूत टीमों के खिलाफ खेलने का यह अवसर खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव हासिल करने और अपने खेल को और निखारने का महत्वपूर्ण मंच माना जा रहा है। बरियातू हॉकी सेंटर लंबे समय से झारखंड में महिला हॉकी प्रतिभाओं को तैयार करने का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर कई खिलाड़ी पहले भी भारतीय टीम तक अपनी जगह बना चुकी हैं। एक साथ तीन खिलाड़ियों का राष्ट्रीय टीम में चयन सेंटर की उत्कृष्ट प्रशिक्षण व्यवस्था, प्रशिक्षकों की मेहनत और खिलाड़ियों के समर्पण का परिणाम माना जा रहा है। हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह ने तीनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए इसे पूरे राज्य के लिए गौरव का क्षण बताया।

### सिर्फ नौकरी नहीं...

आज का यह दिन केवल नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों के लिए ही नहीं, बल्कि उनके परिवारजनों के लिए भी गर्व और हर्ष का अवसर है। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त सहायक आचार्यों को अपनी ओर से उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। शिक्षकों के ज्ञान, व्यवहार और कार्यशैली से राज्य के बच्चों का भविष्य तय होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकारी संस्थानों की कमियों-खामियों पर अक्सर उंगलियां उठती हैं, जिनमें से कुछ सही होती हैं, तो कई गलत। झारखंड सरकार की जिम्मेदारी राज्य के सवा तीन करोड़ लोगों के प्रति है, जिसमें अधिकारी, कर्मचारी, बुजुर्ग, किसान, महिलाएं, नौजवान और छात्र शामिल हैं। यहां तक कि हवा, पानी सहित मूलभूत बुनियादी सुविधाओं के विकास की जिम्मेदारी भी जनता द्वारा चुनी गई सरकार की है। लेकिन, एक बेहतर समाज के निर्माण के लिए सिर्फ सरकार नहीं, बल्कि नागरिकों की भी अपनी अलग जिम्मेदारी है। यदि सभी लोग एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में व्यवहार करें और अपना 'सिविक सेंस' मजबूत करें, तो व्यवस्था में बहुत बड़ा सकारात्मक बदलाव आ सकता है। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा, आज से आप सभी नवनियुक्त सहायक आचार्य सरकार की आंख, कान और हाथ बनकर कार्य करेंगे। झारखंड की भौगोलिक और सामाजिक परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण रही हैं, इसलिए दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने की जिम्मेदारी आप सभी के कंधों पर रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के विद्यालयों से बच्चों के साथ कोई भी अप्रिय अथवा दुर्व्यवहार की खबर सामने नहीं आनी चाहिए। अगर बच्चों के साथ किसी भी प्रकार की बर्बरता या अमानवीय व्यवहार होती है, तो सरकार जितनी संवेदनशीलता से शिक्षकों को आगे बढ़ाने की सोच रखती है, कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए उतने ही कड़े कदम उठाने से भी पीछे नहीं हटेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि शिक्षक अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी और तत्परता के साथ निभाएंगे, तो समाज और राज्य दोनों को इसका लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के माध्यम से आने वाली घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगी। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से बच्चों के प्रति संवेदनशील और कुशल व्यवहार अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में किसी व्यक्ति की जाति या धर्म नहीं, बल्कि उसकी क्षमता, दक्षता, कार्य और विचार का महत्व है, इसलिए शिक्षकों को समाज में सकारात्मक माहौल बनाते हुए सभी को साथ लेकर आगे बढ़ना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र में एकजुट होकर काम करेंगे, तो किसी भी चुनौती का सामना डटकर किया जा सकता है। नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विभागीय सचिव उमा शंकर सिंह एवं अन्य वरीय पदाधिकारी तथा नवनियुक्त सहायक आचार्य व उनके परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### शिक्षा, रोजगार और...

आज इसी चुनौती को भेदने की जिम्मेदारी आप सभी नवनियुक्त शिक्षकों को सौंपी जा रही है, जो दुर्गम और सुदूर क्षेत्रों में जाकर अपने आचरण और व्यवहार से समाज में बदलाव लाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे समय तक इस राज्य को केवल खनिज संपदा के रूप में देखा गया, लेकिन अब राज्य सरकार शिक्षा, रोजगार और युवाओं के भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए योजनाओं को मूर्त रूप दे रही है।

### ईडी से रोहित...

वहीं, पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव को मंगलवार (30 जून) को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। यह मामला झारखंड की नई उत्पाद नीति-2022 के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं से जुड़ा है। इससे पहले, राज्य की भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने आबकारी नीति में गड़बड़ी के आरोपों को लेकर एफआईआर (कांड संख्या 09/2025) दर्ज की थी। इसी एफआईआर को आधार बनाकर ईडी ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत ईसीआईआर संख्या 10/2025 दर्ज कर जांच शुरू की। जांच एजेंसी का कहना है कि वह अवैध वित्तीय लेनदेन (मनी ट्रेल) की कड़ियों को जोड़ने के लिए दस्तावेजों, बैंक लेनदेन और डिजिटल साक्ष्यों का मिलान कर रही है। ज्ञात हो कि 23 अगस्त 2023 को ईडी ने रांची, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, दुमका, गोड्डा, जामताड़ा और कोलकाता समेत 32 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान रोहित उरांव के रांची स्थित आवास से 30 लाख रुपए नकद बरामद होने का दावा किया गया था। ईडी को संदेह है कि झारखंड में नई उत्पाद नीति लागू होने के दौरान छत्तीसगढ़ की कुछ कंपनियों को शराब आपूर्ति और मैनपावर सप्लाई का काम दिलाने में प्रभावशाली लोगों की भूमिका रही। जांच एजेंसी विशेष रूप से छत्तीसगढ़ की श्री ओम साई बेवरेजेज प्रा. लि. को झारखंड में ठेका दिलाने में रोहित उरांव की संभावित भूमिका की जांच कर रही है।

### विभागीय सचिव से....

खंडपीठ ने राज्य सरकार से यह स्पष्ट करने को भी कहा कि झारखंड के सभी जिलों में भूमि सर्वेक्षण का कार्य कब तक पूरा हो जाएगा। अदालत ने इस संबंध में विस्तृत समय-सीमा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 21 जुलाई 2026 को निर्धारित की गई है। इससे पहले, जनहित याचिका दायर करने वाले गोकुल चंद की ओर से आज अदालत को बताया गया कि राज्य में अंतिम व्यापक भूमि सर्वे वर्ष 1932 में हुआ था। इसके बाद वर्ष 1980 से दोबारा सर्वेक्षण की प्रक्रिया शुरू की गई, लेकिन कई दशक बीत जाने के बावजूद यह कार्य अब तक पूरा नहीं हो सका है। याचिका में कहा गया है कि अधूरे सर्वे के कारण भूमि विवादों और प्रशासनिक समस्याओं में लगातार वृद्धि हो रही है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि झारखंड में भूमि सर्वेक्षण का कार्य जारी है। सरकार ने कहा कि लातेहार और लोहरदगा जिलों में सर्वे का काम पूरा हो चुका है, जबकि अन्य जिलों में प्रक्रिया विभिन्न चरणों में चल रही है। हालांकि, अदालत ने सर्वे कार्य की प्रगति और निर्धारित समय-सीमा को लेकर स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराने पर जोर देते हुए विभागीय सचिव से विस्तृत शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### रहस्यमयी बीमारी से...

प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि परिवार ने बीमार पड़ने के बाद लंबे समय तक चिकित्सकीय उपचार लेने के बजाय झाड़-फूंक का सहारा लिया। कुलदीप महतो और उनकी बेटी की मौत के बाद भी परिवार लेस्लीगंज के पूर्णाडीह क्षेत्र में झाड़-फूंक करवाता रहा। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच के दौरान यह भी पाया कि परिवार के सदस्य लंबे समय से किसी प्रकार की राख का सेवन कर रहे थे। टीम ने सिक्का गांव एवं पूर्णाडीह से उस राख के नमूने एकत्र किए हैं। इसके अलावा परिवार द्वारा उपयोग किए जाने वाले खाद्य पदार्थों, पेयजल और अन्य संभावित कारणों की भी गहन जांच की जा रही है। सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने परिवार को चार बार इलाज के लिए रेस्क्यू किया था, लेकिन वे बार-बार झाड़-फूंक की ओर लौट जाते थे। उन्होंने कहा कि राख के नमूनों की जांच कराई जा रही है और पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है। पाटन के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. श्रवण कुमार ने बताया कि पांचवीं मौत के बाद विशेषज्ञों की टीम गांव पहुंचकर लोगों के खान-पान, रहन-सहन तथा अन्य संभावित कारणों की जानकारी जुटा रही है। वहीं मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के चिकित्सक डॉ. आर.के. रंजन ने बताया कि मृतकों का विसरा सुरक्षित रख लिया गया है, जिसे फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) भेजा जाएगा। उन्होंने आशंका जताई कि मामला ड्रॉप्सी बीमारी से भी जुड़ा हो सकता है। साथ ही परिवार द्वारा उपयोग किए जा रहे सरसों के तेल की जांच भी आवश्यक बताई है, क्योंकि दूषित तेल से भी इस प्रकार के लक्षण उत्पन्न हो सकते हैं।

### खरौंधी कस्तूरबा विद्यालय...

उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि विद्यालय में छात्राओं की पढ़ाई और दैनिक गतिविधियां प्रभावित न हों, इसके लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उपायुक्त पशुपति नाथ मिश्रा ने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों में जवाबदेही, अनुशासन और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाएगा, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### सरस्वती शिशु विद्या...

विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि दोनों पूर्व छात्रों की सफलता वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी उपलब्धि यह साबित करती है कि मेहनत, अनुशासन और सतत प्रयास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

## दृष्टिपात

### हूल क्रांति दिवस के मुख्य अतिथि होंगे डॉ सूरज मंडल



**रांची।** झारखंड मजदूर मोर्चा की ओर से 30 जून को राजधानी रांची के सिद्धू-कान्हू पार्क में हूल क्रांति दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। शाम चार बजे होने वाले कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। समारोह के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय संपूर्ण क्रांति राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, पूर्व सांसद एवं झारखंड मजदूर मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सूरज मंडल होंगे। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुबोध लकड़ा ने बताया कि हूल क्रांति केवल झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणादायी जनआंदोलन है। 30 जून 1855 को भोगनाडीह गांव से शुरू हुई संथाल हूल क्रांति का नेतृत्व सिद्धू, कान्हू, चांद और भैरव मुर्मू ने किया था। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी शासन, जमींदारों और महाजनों के शोषण के खिलाफ संथाल समाज ने संगठित होकर विद्रोह किया था। हूल का अर्थ क्रांति या विद्रोह होता है। यह आंदोलन अन्याय के विरुद्ध संघर्ष, एकता और आत्मसम्मान का प्रतीक है।

### रक्षा निर्माण के क्षेत्र में राज्य की क्षमता बढ़ाई जाएगी : उद्योग निदेशक



**रांची।** झारखंड सरकार के उद्योग निदेशालय द्वारा सोमवार को उद्योग निदेशालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता राज्य इकोसिस्टम को प्रोत्साहन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यशाला का उद्देश्य राज्य में रक्षा विनिर्माण से जुड़ी संभावनाओं को बढ़ावा देना, उद्योग, शिक्षण संस्थानों एवं सरकारी एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करना तथा स्थानीय उद्योगों, विशेषकर एमएसएमई को रक्षा क्षेत्र से जोड़ने की रणनीति तैयार करना था।

कार्यशाला की अध्यक्षता उद्योग निदेशक विशाल सागर ने की। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय की पहल के तहत झारखंड को परीक्षण, प्रमाणन, गुणवत्ता आश्वासन एवं मानक विषय के लिए सह-प्रधान राज्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### मानव दिवस कर्मी की मौत पर श्रमिक संघ ने मांगी मुआवजा और नौकरी

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने सिमडेगा के बोलबा स्थित 33/11 पीएसएस के कादोपानी फीडर में कार्य के दौरान मानव दिवस कर्मी प्रमोद मिंज की दुर्घटना में हुई मौत पर गहरा दुख जताया है। संघ के अध्यक्ष अजय राय ने घटना को गंभीर बताते हुए पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता, उचित मुआवजा और आश्रित परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना पर्याप्त प्रशिक्षण और सुरक्षा मानकों के मानव दिवस कर्मियों से जोखिमपूर्ण विद्युत कार्य कराया जा रहा है। अजय राय ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसी पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, अन्यथा संघ आंदोलन करने को बाध्य होगा।

### झारोटेफ की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक



**रांची।** झारखंड ऑफिसर्स, टीचर्स एंड एम्प्लॉइज फेडरेशन (झारोटेफ) की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक आईटीआई, हेहल (रांची) में प्रांतीय अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन प्रांतीय महासचिव उज्ज्वल तिवारी ने किया। बैठक में शिक्षकों एवं राज्यकर्मियों की लंबित मांगों पर विस्तृत चर्चा करते हुए प्रखंड से लेकर राज्य स्तर तक चरणबद्ध आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया। संगठन ने घोषणा की कि शिक्षक संवर्ग को एमएसीपी, सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष, शिशु शिक्षण भत्ता, परिवहन भत्ता सहित अन्य लंबित मांगों के समर्थन में व्यापक आंदोलन किया जाएगा। आर्थिक एवं मानसिक शोषण के विरोध में शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### रांची में आज भारी बारिश का येलो अलर्ट

**रांची।** रांची समेत झारखंड के उत्तर-पूर्वी भाग जामताड़ा, मध्य भाग बोकारो, धनबाद, लोहरदगा, गुमला, रामगढ़, खूंटी व दक्षिण भाग के सिमडेगा में मंगलवार को भारी बारिश होगी। इसको लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। यह स्थिति एक जुलाई तक राज्य के कई हिस्सों में रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार, वज्रपात और 40-50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा भी चलेगी। येलो अलर्ट की चेतावनी पांच जुलाई तक के लिए जारी की गई है। वहीं, सोमवार को रांची में वज्रपात और तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश हुई। रांची में चार मिलीमीटर बारिश का आंकड़ा दर्ज किया गया। इसके अलावा जमशेदपुर में दो, डालटनगंज में 40 और बोकारो में 14.8 मिलीमीटर बारिश हुई।बारिश के दौरान बंद की गई रांची की बिजलीरांची। बारिश के दौरान रांची में सुरक्षात्मक कारणों से बिजली बंद कर दी गई थी। करीब एक से डेढ़ घंटे कई मोहल्लों में बिजली बंद रखी गई। इस दौरान बिजली आपूर्ति के दौरान किसी प्रकार की क्षति व बाधित आपूर्ति की सूचना नहीं मिली।

### कर्मचारी को आरोपी बनाने की मांग पर कोर्ट 13 को सुनाएगी फैसला

**रांची।** विधायक सरयू राय से जुड़े गोपनीय दस्तावेज लीक मामले में दस्तावेज का फोटो खींचने वाले कर्मचारी शंभू सिंह को आरोपी बनाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई पूरी हो गई है। एमपी/एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत 13 जुलाई को अपना आदेश सुनाएगी। इसी आदेश से तय होगा कि शंभू सिंह को मामले में आरोपी बनाया जाएगा या नहीं। अभियोजन पक्ष ने सीआरपीसी की धारा-319 के तहत याचिका दायरकर शंभू सिंह को आरोपी बनाने की मांग की है। अभियोजन का कहना है कि चार गवाहों ने अदालत में गवाही देते हुए शंभू सिंह को गोपनीय दस्तावेज का फोटो खींचते देखा होने की बात कही है। मामला मई 2022 में डोरंडा थाना में दर्ज प्राथमिकी से जुड़ा है।

### 40 साल बाद भारतीय वॉलीबॉल का एशियाई मंच पर दमदार आगाज

# कांस्य पदक जीतकर रचा इतिहास

**एजेंसी । अहमदाबाद**



भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम ने वर्ष 2026 के एशियाई पुरुष वॉलीबॉल कप में कांस्य पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया है। सेमीफाइनल में इंडोनेशिया से 2-3 से कड़े मुकाबले में हारने के बाद भारतीय टीम ने कांस्य पदक मुकाबले में बहरीन को 3-1 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि के साथ भारत ने एशियाई स्तर पर 40 वर्षों बाद फिर से पदक जीतने का गौरव प्राप्त किया।

इस प्रतियोगिता में भारत चौथी बार अंतिम चार टीमों में पहुंचा। वर्ष 2010 में ईरान के उर्मिया में सेमीफाइनल में मेजबान ईरान से 0-3 से हारने के बावजूद भारत ने चीनी ताइपे को 3-1 से हराकर कांस्य पदक जीता था। वर्ष 2012 में वियतनाम के विन्ह फुक में चीन से सेमीफाइनल हारने के बाद जापान के खिलाफ कांस्य पदक मुकाबले में 2-3 से हारकर चौथे स्थान पर संतोष करना पड़ा। वर्ष 2014 में कजाकिस्तान के अल्माटी में भारतीय टीम ने जापान को 3-1 से हराकर पहली बार फाइनल में जगह बनाई थी। हालांकि खिताबी मुकाबले में दक्षिण कोरिया से 0-3 से हारकर उसे रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इसके बाद 12 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद भारतीय टीम ने वर्ष 2026 में फिर से सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के खिलाफ संघर्षपूर्ण मुकाबले में हार मिलने के बावजूद टीम ने शानदार वापसी करते हुए बहरीन को 3-1 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। अब तक भारत ने एशियाई पुरुष वॉलीबॉल कप में चार बार सेमीफाइनल खेला है। इनमें केवल वर्ष 2014 में जीत दर्ज कर फाइनल में पहुंचा, जबकि वर्ष 2010, 2012 और 2026 में सेमीफाइनल में हार मिली।

## अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर झारखंड में खेल भावना की दौड़, 'ग्रीन फॉरेस्ट' से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची** । अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर सोमवार को झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन, रांची जिला ओलंपिक एसोसिएशन और विभिन्न खेल संघों के संयुक्त तत्वावधान में पूरे राज्य में उत्साहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस वर्ष समारोह का मुख्य आकर्षण 'ग्रीन फॉरेस्ट' संकल्प रहा, जिसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। मोराबादी स्थित झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन कार्यालय से ओलंपिक मैराथन दौड़ निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ियों, युवाओं और खेल प्रेमियों ने भाग लिया।

प्रतिभागियों ने खेल भावना के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी फैलाया। इस अवसर पर जयपाल सिंह स्टेडियम में सेपक टकरा तथा मोराबादी वुशु हॉल में वुशु प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में एस.के. पांडे, शिवेन्द्र दुबे, निशिकांत पाठक सहित कई खेल पदाधिकारी मौजूद रहे। आयोजकों ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, स्वस्थ जीवनशैली, एकता, मित्रता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

# कनाडा ने पहली बार फुटबॉल वर्ल्डकप का नॉकआउट मैच जीता

साउथ अफ्रीका को 1-0 से हराया

## टॉप-16 में पहुंची, इंजरी टाइम में यूस्टाक्वियो का गोल

**एजेंसी । लॉस एंजिल्स**



कनाडा फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026 के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। उसने सोमवार को साउथ अफ्रीका को 1-0 से हराया। कनाडा ने पहली बार इस टूर्नामेंट का कोई नॉकआउट मैच जीता है। अब उसका सामना 4 जुलाई को नीदरलैंड और मोरक्को के विनर से होगा। लॉस एंजिल्स स्टेडियम में सोमवार को खेले गए मैच के 90 मिनट तक कोई गोल नहीं आया। यहां तक दोनों टीमें 0-0 की बराबरी पर थीं। इसके बाद एलिस्टेयर जॉनस्टन ने इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में डी के बाहर से गोल करके कनाडा को जीत दिला दी। उन्हें सुपीरियर प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मैच के बाद कनाडा के हेड कोच जेसी मार्श इमोशनल हो गए। उन्होंने मैदान पर खिलाड़ियों को नेशनल हीरो बताया। उन्होंने कहा कि वे देश के भविष्य के लिए प्रेरणा बन गए हैं। अब कनाडा में फुटबॉल का भविष्य और उज्ज्वल होगा।

### डेविस की वापसी से बढ़ी ताकत

स्टार डिफेंडर अल्फोंसो डेविस ने 75वें मिनट में चोट से वापसी की। उन्होंने मैदान पर उतरते ही प्रॉमिस डेविड के लिए शानदार मौका बनाया, हालांकि उसे गोल में नहीं बदला जा सका। आखिरकार यूस्टाक्वियो ने टीम को अतिरिक्त समय में जाने से बचा लिया।

### साउथ अफ्रीका ने किया कड़ा मुकाबला

साउथ अफ्रीका ने पूरे मैच में मजबूत रक्षात्मक खेल दिखाया और गोल होने तक कनाडा को लगातार रोके रखा। गोलकीपर रॉनवेन विलियम्स ने पांच शानदार बचाव किए, लेकिन अंतिम क्षणों में टीम को हार से नहीं बचा सके।

### चीन में गूंजेगा झारखंड का नाम

## रामगढ़ के शिक्षक अमित कुमार बने भारतीय वॉलीबॉल टीम के असिस्टेंट कोच




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची** । झारखंड के लिए यह अत्यंत गौरव और सम्मान का क्षण है। राज्य की उपराजधानी दुमका जिले के रामगढ़ प्रखंड स्थित +2 उच्च विद्यालय, ठाड़ीहाट कुसियाम के शारीरिक शिक्षा शिक्षक अमित कुमार का चयन भारतीय वॉलीबॉल टीम के असिस्टेंट कोच के रूप में किया गया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे झारखंड, विशेषकर दुमका जिले और रामगढ़ प्रखंड में खुशी की लहर दौड़ गई है।स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) द्वारा जारी पत्रांक 082/एसजीएफआई कोचिंग कैंप 2026-27 के तहत अमित कुमार को भारतीय टीम के सहायक प्रशिक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।भारतीय टीम चीन के शांगलु शहर में 1 जुलाई से 10 जुलाई 2026 तक आयोजित होने वाली वर्ल्ड स्कूल वॉलीबॉल चैंपियनशिप (अंडर-18 बालक एवं बालिका वर्ग) में हिस्सा लेगी। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में दुनिया के कई देशों की टीमें भाग लेंगी, जहां भारतीय टीम भी बेहतर प्रदर्शन के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेगी।अमित कुमार लंबे समय से विद्यालय स्तर पर खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के साथ-साथ राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर वॉलीबॉल खेल के विकास में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। खेल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, अनुशासन और प्रशिक्षण कौशल को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## सात दिवसीय वृक्षारोपण अभियान संपन्न, धनबाद में लगाए गए 100 पौधे

**नवीन मेल संवाददाता**



**धनबाद।** ओलम्पिक दिवस के अवसर पर धनबाद जिला ओलम्पिक संघ द्वारा 23 जून से शुरू किया गया सात दिवसीय वृक्षारोपण अभियान सोमवार को 100 पौधे लगाने के लक्ष्य के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। अभियान के समापन पर आमाघाटा स्थित क्रेडो वर्ल्ड स्कूल परिसर में 10 फलदार पौधे लगाए गए। इस दौरान विद्यालय की प्राचार्या शर्मीला सिन्हा, जिला ओलम्पिक संघ के महासचिव रंजीत केशरी, उपाध्यक्ष अशित सहाय, कोषाध्यक्ष पवन कुमार बरनवाल, खेल विभागाध्यक्ष राहुल कुमार सहित विद्यालय के बच्चों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। खेल शिक्षक कार्तिक बाग, सुप्रिया, समृद्धि कुमारी और हर्षित चोखानी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्राचार्या शर्मीला सिन्हा ने कहा कि वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए, तभी ग्लोबल वार्मिंग जैसी गंभीर समस्या से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकेगा।

भारतीय ओलम्पिक संघ एवं झारखंड ओलम्पिक संघ के मार्गदर्शन में चलाए गए इस अभियान के तहत दून पब्लिक स्कूल, संत जेवियर्स इंटरनेशनल स्कूल नावाडीह, मोंटफोर्ट अकादमी राजगंज एवं आमाघाटा शाखा, डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई, जेएनएमएस वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डिगवाडीह, लाइट हाउस विश्रामगृह, राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर तथा क्रेडो वर्ल्ड स्कूल के सहयोग से जिले के विभिन्न स्थानों पर कुल 100 पौधे लगाए गए। ओलम्पिक संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के उद्देश्य से चलाया गया यह अभियान लोगों में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। आने वाले समय में भी इस तरह के जनजागरूकता कार्यक्रम जारी रहेंगे।

## एमबी ताइक्वांडो एकेडमी में एक दिवसीय कलर बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट का सफल आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बुंडूध्रांची।** एमबी स्कूल, बुंडू में स्थित एमबी ताइक्वांडो एकेडमी में आज एक दिवसीय कलर बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट का आयोजन किया गया। इस ग्रेडिंग टेस्ट में कुल छियासठ खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी खिलाड़ियों ने नई बेल्ट प्राप्त करने के लिए पूरे उत्साह और दमखम के साथ परीक्षा दी। ग्रेडिंग टेस्ट का संचालन एमबी ताइक्वांडो एकेडमी के मुख्य कोच मो. जमील अंसारी द्वारा किया गया। उनके साथ झारखंड यूनाइटेड ताइक्वांडो मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन के सचिव श्री शकील अंसारी, सहायक कोच जयपाल महतो, खुशी तिर्की तथा मनीषा मुंडा उपस्थित रहे। सहयोगी टीम में विकास तिर्की, निखिल लोहरा, बीरेंद्र कच्छप, अंजू कुमारी, सुलेखा महतो, आफताब आलम, फिजा पवीन, पूर्णिमा उरांव, शिवानी कुमारी शामिल थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में एमबी स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती जाहिदा कौसर, अबु अब्बास अली, झारखंड मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष श्री जमील अंसारी, विधायक प्रतिनिधि अल्पसंख्यक श्री अशरफ अंसारी उर्फ गुल्लू, समाजसेवी कमरुद्दीन जमा, लल्लू भाई, विक्की भाई, शहनवाज अंसारी उपस्थित थे। खिलाड़ियों ने अतिथियों के समक्ष ताइक्वांडो के हैरतअंगेज करतब, किक, पंच और आत्मरक्षा के प्रदर्शन किए जिसे देखकर सभी अतिथि अचंभित हो गए।



# भारत के एयरपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में 2029 तक 4.2 लाख करोड़ तक के निवेश आने की संभावना

**एजेंसी । नई दिल्ली**



**नए हवाई अड्डों से मिलेगा विस्तार**

- नवी मुंबई और जेवर जैसे नए हवाई अड्डों से क्षमता बढ़ेगी
- टर्मिनलों के आधुनिकीकरण से यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी

भारत के एयरपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में वर्ष 2029 तक 4.2 लाख करोड़ रुपए तक का निवेश आने की संभावना है। सोमवार को जारी ब्रिकवर्क रेटिंग्स की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। इस रिपोर्ट के अनुसार, इस अनुमान में वित्त वर्ष 2026 तक घोषित और लागू किए जा रहे प्रोजेक्ट्स की लगभग 3.7 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा, वर्ष 2029 तक शुरू होने वाली नई परियोजनाओं में करीब 50,000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त निवेश होने की संभावना जताई गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रिकॉर्ड यात्री संख्या और एयरपोर्ट शुल्क (टैरिफ) में बढ़ोतरी के कारण वित्त वर्ष 2026 में एयरपोर्ट सेक्टर की परिचालन आय (ऑपरेटिंग रेवेन्यू) में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। वहीं वित्त वर्ष 2027 में भी घरेलू हवाई यात्रा में लगातार बढ़ोतरी और एयरपोर्ट नेटवर्क के विस्तार के चलते राजस्व में अच्छी बढ़ोतरी जारी रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2026 के दौरान एयरपोर्ट सेक्टर में बड़े पैमाने पर क्षमता विस्तार किया गया। क्षेत्रीय एयरपोर्टों का विकास और टर्मिनलों के आधुनिकीकरण का काम तेज हुआ, ताकि घरेलू हवाई यात्रा में लगातार बढ़ रही मांग को पूरा किया जा सके। ब्रिकवर्क रेटिंग्स के सीनियर डायरेक्टर (रेटिंग्स) नीरज राठी ने कहा कि घरेलू हवाई यात्रा में मजबूत मांग, टियर-2 शहरों में एयरपोर्ट नेटवर्क के विस्तार और नवी मुंबई तथा जेवर जैसे नए ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट शुरू होने से हवाई यात्री यातायात में 8 से 10 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। उनके अनुसार, इन कारणों से अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा में आई सुस्ती का असर काफी हद तक संतुलित हो जाएगा।

## वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस : देश-विदेश के भागीदारों ने बताया पीएम मोदी के विजन का परिणाम



**वडोदरा** । दो दिवसीय वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस का सोमवार को वडोदरा में आगाज हुआ। जिसमें नीति-निर्माता, अंतरराष्ट्रीय साझेदार और उद्योग जगत के दिग्गजों का जमावड़ा लग रहा है। इस कार्यक्रम का मकसद क्षेत्रीय निवेश और साझेदारों संग संबंधों को मजबूत करना है। देश-विदेश से पहुंचे कुछ भागीदारों ने आईएएनएस से बात की। भारत में रवांडा की उच्चायुक्त जैकलीन मुकांजीरा ने खुद को आमंत्रित करने के लिए आयोजकों का आभार जताया। उन्होंने कहा, "रवांडा और भारत के बीच उत्कृष्ट द्विपक्षीय संबंध हैं। भारत हमारे देश का दूसरा सबसे बड़ा विदेशी निवेशक है और रवांडा में काम करने वाले कई भारतीय, खासकर गुजरात से हैं। मुकांजीरा के अनुसार, "रवांडा में भारतीय व्यवसायियों की अच्छी खासी तादाद है।

## अमेरिका-ईरान तनाव बढ़ने से लाल हुआ शेयर बाजार सेंसेक्स 372 अंक फिसला



**मुंबई** । अमेरिका और ईरान के बीच तनाव फिर से बढ़ने के कारण हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ, और इस तरह घरेलू बाजार में लगातार दो दिनों से जारी बढ़त का सिलसिला टूट गया, जब ऑटो, आईटी और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के शेयरों में दबाव के चलते प्रमुख बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी 50 में करीब 0.50 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। बाजार बंद होने के समय 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 0.48 प्रतिशत यानी 372.10 अंक गिरकर 76,728.37 पर पहुंच गया, तो वहीं एनएसई निफ्टी50 0.46 प्रतिशत या 109.75 अंक फिसलकर 23,946.25 पर बंद हुआ। व्यापक बाजार में, निफ्टी मिडकैप और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स क्रमशः 0.37 प्रतिशत और 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। सेक्टरवार देखें तो निफ्टी फार्मा, निफ्टी हेल्थकेयर और निफ्टी मेटल में सबसे ज्यादा बढ़त दर्ज की गई, जबकि इसके विपरीत, ऑटो इंडेक्स में सबसे ज्यादा 2 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली। इसके साथ ही, निफ्टी मीडिया, निफ्टी ऑयल एंड गैस, निफ्टी आईटी, निफ्टी प्राइवेट बैंक, निफ्टी पीएसयू बैंक और निफ्टी रियल्टी के शेयरों में 0.9 प्रतिशत से 1.3 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई।

## पश्चिम एशिया संकट में सरकार ने ईंधन आपूर्ति रखी सामान्य : नवदीप सूरी

**एजेंसी । नई दिल्ली**



संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारत के पूर्व राजदूत नवदीप सूरी ने सोमवार को कहा कि हालांकि 28 फरवरी को होर्मुज जलडमरूमध्य (स्ट्रेट ऑफ होरमुज) के बंद होने की स्थिति वैश्विक ऊर्जा बाजार के लिए सबसे खराब परिस्थितियों में से एक थी, लेकिन भारत सरकार ने तेजी से कदम उठाकर इस संकट का प्रभावी ढंग से सामना किया और देश में ईंधन की आपूर्ति सामान्य बनाए रखी। न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में सूरी ने कहा, "मुझे लगता है कि इस दौरान सरकार ने काफी सक्रिय ऊर्जा कूटनीति का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने यूएई, सऊदी अरब और कतर जैसे देशों के साथ जो विशेष संबंध बनाए हैं, वे इस संकट के समय बेहद काम आए। उन्होंने बताया कि 15 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूएई यात्रा और युद्ध के दौरान पेट्रोलियम मंत्री की कतर यात्रा इसका उदाहरण हैं। सूरी ने कहा कि इन मजबूत संबंधों की वजह से भारत को एलपीजी और कच्चे तेल जैसी ऊर्जा आपूर्ति लगातार मिलती रही। पूर्व राजदूत ने यह भी कहा कि इस दौरान भारत की कूटनीति की एक और बड़ी सफलता यह रही कि उसने खाड़ी देशों के अलावा रूस, फिर अमेरिका और साथ ही वेनेजुएला, नाइजीरिया, गैबॉन और गुयाना जैसे अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के नए आपूर्तिकर्ता देशों से भी तेल आयात के स्रोत बढ़ाए।

## भारत का औद्योगिक उत्पादन मई में 5.1 प्रतिशत की दर से बढ़ा, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में रही तेजी

**नई दिल्ली** । औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) की वृद्धि दर मई 2026 में सालाना आधार पर 5.1 प्रतिशत रही है। इससे यह बढ़कर 122.7 पर पहुंच गया, जिसमें मैन्युफैक्चरिंग, बिजली और जल प्रबंधन क्षेत्रों ने प्रमुख योगदान दिया। यह जानकारी सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी डेटा में दी गई। खास बात यह है कि सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के लिए आधार वर्ष को 2011–12 से बदलकर 2022–23 कर दिया है। यह संशोधित आधार वर्ष के तहत डेटा का दूसरा सेट है। सरकारी डेटा के मुताबिक, मई में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का उत्पादन सालाना आधार पर 5.5 प्रतिशत बढ़ा है। इसे कई उद्योगों में वृद्धि का फायदा मिला है। हालांकि, खनन में मई में सालाना आधार पर 1.6 प्रतिशत की कमी देखी गई है। मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र के 23 उद्योग समूहों में से 16 ने मई 2025 की तुलना में मई 2026 में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है।